सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 09 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 244, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 76 अंकों की उछाल

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच शेयर बाजार सेंसेक्स 76 अंक की बढ़त के साथ 80,787 .30 अंक पर बंद हुआ। } 14

चुनौतियों को अवसर में बदलने की जरूरत : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत को वैश्विक व्यापार चुनौतियों को नए अवसरों में बदलने के लिए अपनी असाधारण क्षमताओं का लाभ उठाना चाहिए। } 16

आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने आधार को दस्तावेज के रूप में शामिल करने का दिया निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करे।

फिलहाल, बिहार में एसआईआर के लिए 11 निर्धारित दस्तावेज हैं जिन्हें मतदाताओं को अपने प्रपत्रों के साथ जमा करना होगा। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड संख्या की वास्तविकता का पता लगा सकता है।

न्यायालय ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि निर्वाचन आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे। पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि केवल वास्तविक नागरिकों को ही मतदान करने की अनुमति हो और जाली दस्तावेजों के आधार पर वास्तविक होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए। पीठ ने निर्वाचन आयोग को पहचान के प्रमाण के रूप में आधार को स्वीकार करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा। शीर्ष अदालत ने मतदाताओं से आधार कार्ड स्वीकार नहीं करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को जारी कि, गए कारण बताओ नोटिस पर भी आयोग से स्पष्टीकरण मांगा। आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.6 प्रतिशत ने दस्तावेज जमा कर दिए हैं और याचिकाकर्ताओं द्वारा आधार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

सीएम योगी ने बाढ़ग्रस्त राज्यों के लिए भेजी राहत सामग्री

समय पर किये गये प्रावधानों के चलते बाढ़ आपदा से बचा है यूपी

विशेष/जिला संवाददाता

लखनऊ/सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए राहत सामग्री से लदे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरोवर पोर्टिको, अंबाला रोड पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि राहत सामग्री मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कड़ी है। संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता इन तीनों राज्यों के अपने बहन-भाइयों के साथ खड़ी है। इस दौरान सीएम योगी ने इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को पांच-पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि भी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से राहत सामग्री के रूप में उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब के नागरिकों के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं, साथ ही आपदा से निपटने के लिए सरकार के प्रयास अत्यंत प्रभावी साबित हो रहे हैं। एनडीआरएफ, आपदा मित्र और स्थानीय पुलिस जैसी संस्थाएं सक्रिय होकर राहत कार्य में अपनी भूमिका निभाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि जब समाज और ...शेष पृष्ठ 14 पर

एक परिवार के लोग पैसा लेकर करते थे भर्ती : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2016 समेत पहले की भर्ती प्रक्रियाओं पर निशाना साधा। कहा कि हमें कई भर्तियों को सीबीआई को देना पड़ा था। एक व्यक्ति आठ-आठ जगह नाम लिखाकर पैसा लिए जा रहा था, जब जांच हुई तब पता चला। यह एक परिवार के वही लोग हैं, जो पैसा लेकर भर्ती करते थे और यूपी की जनता को लूटते थे। अभी भी जांच चल रही है। समय पर जांच हो जाएगी तो महाभारत के बहुत रिश्ते बाकी का जीवन जेल में बिताने को मजबूर होंगे। उनके कारनामे यूपी को विकास की बुलंदियों को छूने की बजाय गर्त की ओर धकेल रहे थे। इन लोगों ने यूपी को बीमारू बना दिया। इससे पहचान का संकट हो गया। नौजवान को नौकरी नहीं, बेटी ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान शहीद

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और दो सैनिक शहीद हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुडार वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलियां चलाए जाने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा जम्मू कश्मीर पुलिस को खुफिया सूचना मिलने के बाद भारतीय सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कुलगाम के गुडार जंगल में संयुक्त तलाश अभियान चलाया। पोस्ट में कहा गया कि सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और आतंकवादियों को ललकारा, जिसपर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

28 आईपीएस अफसरों का हुआ तबादला

लखनऊ। यूपी में सोमवार की शांम बड़े स्तर पर आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिये गये। इनमें कई डीजी और एडीजी स्तर के अधिकारी हैं। कुल 28 अफसरों को इधर से उधर किया गया है। मुरादाबाद में ही डॉ भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी में पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल को पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आईजीआरएस, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ए सतीश गणेश को लंबे समय बाद दोबारा लखनऊ लाया गया है। वह अभी तक पीटीसीएस मुरादाबाद में अपर ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	33.06 डिसे.
न्यूनतम	:	27.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता बहाल (पृष्ठ-02)
- नियामक आयोग ने बिजली की नयी दरें जारी कीं (पृष्ठ-02)
- पंजाब बाढ़ : किसानों को प्रति एकड़ 20,000 मिलेगा (पृष्ठ-14)
- कोयला उत्पादन गिरावट के साथ 38.17 करोड़ टन (पृष्ठ-14)
- एमएसएमई के हित सुरक्षित रखने को प्रतिबद्ध (पृष्ठ-14)

नेपाल में हिंसा, 22 मरे, गृहमंत्री का इस्तीफा

○ काठमांडू समेत कई शहरों में तोड़फोड़ व आगजनी ○ एहतियात के तौर पर लगाया कर्फ्यू ○ भारत के सीमावर्ती इलाकों में बढ़ी चौकसी

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में राजधानी काठमांडू और कुछ अन्य इलाकों में सोमवार को युवाओं ने हिंसक प्रदर्शन किया, जिसके दौरान कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने काठमांडू और देश के अन्य शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं भारत ने हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यूपी के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल से लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती हैं। इनमें कई जिलों के नागरिकों ने बताया कि नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगने से दोनों तरफ लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बलरामपुर जिले में नेपाल में जारी आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उधर से आने जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

काठमांडू में हालात को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को सेना को तैनात करना पड़ा। काठमांडू में जेन ज़ी के बैनर तले स्कूली छात्रों समेत हजारों युवा संसद भवन के सामने इकट्ठा हुए और प्रतिबंध को तुरंत हटाने की मांग करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए। नेपाली मीडिया के अनुसार इस हिंसक प्रदर्शन में 14 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, मौतों की आधिकारिक संख्या के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवाओं का प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया जब कुछ प्रदर्शनकारी संसद परिसर में घुस गए, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। अस्पताल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए हिमालयन टाइम्स अखबार ने बताया कि काठमांडू में हुए प्रदर्शन में 14 लोगों की मौत हो गई। हिमालयन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में छह लोग ट्रॉमा सेंटर, तीन सिविल अस्पताल, तीन एवरेस्ट अस्पताल, एक काठमांडू मेडिकल कॉलेज (केएमसी) और एक त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग अस्पताल में है। न्यूज पोर्टल खबरहब ने स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि जेन ज़ी आंदोलन में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। नेपाल पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि दो सुरक्षाकर्मियों समेत 42 लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज वर्तमान में काठमांडू के सिविल अस्पताल में चल रहा है। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना को तैनात किया गया है। हिंसा के बाद स्थानीय प्रशासन ने राजधानी के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया। यह विरोध प्रदर्शन दूसरे शहरों में भी फैल गया है। काठमांडू जिला प्रशासन ने संसद भवन के आसपास के क्षेत्रों में अशांति को रोकने के लिए अपराह्न 12:30 बजे से रात 10:00 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की। मुख्य जिला अधिकारी छबि लाल रिजाल ने एक नोटिस में कहा, प्रतिबंधित क्षेत्र में लोगों के आवागमन, प्रदर्शन, बैठक, सभा या धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। स्थानीय प्रशासन ने बाद में ये प्रतिबंधात्मक आदेश राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास और प्रधानमंत्री कार्यालय के आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में भी लागू कर दिए। नेपाल सरकार ने अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर चार सितंबर को फेसबुक, व्हाट्सऐप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध उन्हें विनियमित करने के लिए लगाया गया है, लेकिन आम जनता ...शेष पृष्ठ 14 पर

26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध के बाद फैली हिंसा

काठमांडू। सोशल मीडिया की दीवानगी किस कदर लोगों के दिलो-दिमाग पर सवार हो गई है, इसका जीता जागता उदाहरण इन दिनों नेपाल में देखा जा सकता है। फेसबुक, यूट्यूब और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने के केपी शर्मा ओली सरकार के कदम का देशभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हजारों लोग इस बैन वाले फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं, इस प्रदर्शन में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है और 100 से अधिक घायल हैं।

नेपाल में हो रहे इस प्रदर्शन से स्पष्ट होता है कि आज का युवा सोशल मीडिया का बस शौकीन ही नहीं, लगभग उसका बंदी बनता जा रहा है। रील्स की

लत, वायरल ट्रेंड्स की दीवानगी और खुद को फेमस करने की चाहत ने एक ऐसी दुनिया रच दी है, जहां असली जीवन कहीं पीछे छूटता जा रहा है और सोशल मीडिया से दूर होने का डर घातक प्रदर्शन का रूप लेता जा रहा है।

नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन के फैसले को कुछ स्थानीय युवा स्वतंत्रता पर हमला बता रहा हैं तो कुछ के अलग मत हैं। प्रदर्शनकारियों का बड़ी संख्या जनरेशन जेड वालों की ही जिन्हें आमतौर पर सोशल मीडिया के सबसे ज्यादा गिरफ्त में माना जा रहा है। हाल के वर्षों में सोशल मीडिया कई देशों में हुई क्रांति का जरिया बना था, अब नेपाल में सोशल मीडिया को लेकर ही क्रांति हो रही है। असल में नेपाल सरकार ने पिछले सप्ताह 3 सितंबर को सोशल मीडिया की 26 साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था, जिनमें युवाओं में बेहद प्रचलित फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब भी शामिल हैं। दरअसल, नेपाल के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का स्पष्ट कहना था कि इन प्लेटफॉर्म्स ने मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। सभी को 28 अगस्त से 7 दिन की समय सीमा दी थी, जो 2 सितंबर को खत्म हो गई। जैसे ही सोशल साइट्स पर बैन लगा, जेनरेशन ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर राज्यसभा के 233 व लोकसभा के 543 सदस्य करेंगे मतदान

अगला उप राष्ट्रपति कौन, सांसद आज करेंगे फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मंगलवार को तय करेंगे कि सी. पी. राधाकृष्णन और बी. सुदर्शन रेड्डी में से देश का अगला उप राष्ट्रपति कौन होगा।

राधाकृष्णन, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जिनका सीधा मुकाबला विपक्ष के संयुक्त प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी से है। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान मंगलवार 9 सितंबर को सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे समाप्त होगा। मंगलवार देर शाम तक नतीजे घोषित होने की उम्मीद है। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी राज्यसभा महासचिव पी.

सी. पी. राधाकृष्णन — बी. सुदर्शन रेड्डी

सी. मोदी ने कहा है कि मतदान मंगलवार को संसद भवन के कमरा संख्या एफ-101, वसुधा में होगा। देश के 17वें उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए, निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं), तथा 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल हैं। निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं। इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं। संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। इनके इस्तीफे के कारण यह चुनाव हो रहा है। विभिन्न दलों द्वारा दिए गए समर्थन को आधार बनाकर आंकड़ों के लिहाज से देखें तो राजग उम्मीदवार का पलड़ा भारी है। हालांकि विपक्ष के उम्मीदवार रेड्डी बार-बार यह कहकर अपनी दावेदारी को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं कि लड़ाई वैचारिक है तथा यह मतदान सिर्फ उप राष्ट्रपति चुनने के लिए नहीं है, बल्कि भारत की भावना के लिए है। चुनाव से एक दिन पहले, विपक्ष के सांसदों ने एकजुटकता प्रकट करते हुए बैठक की और मॉक ...शेष पृष्ठ 14 पर

गैरकानूनी कृत्यों पर कठोरता से लगायेंगे लगाम : धामी

बरसात के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने व चारधाम यात्रा को सुचारु कराने पर जोर

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की धामी सरकार गैरकानूनी कृत्यों पर कठोरता से लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश जारी किए हैं कि कानून व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर कोई रियायत न बरतें, सख्त कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री धामी ने यह निर्देश सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए। बैठक में सभी जिलों के डीएम व एसपी वर्चुअली जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि अनधिकृत आधार कार्ड, वोटर आईडी और कनेक्शन जारी करने वालों पर नियमित कार्रवाई की जाए। बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग और सख्ती बढ़ाई जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए। गौवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री धामी ने बैठक में आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, पुनर्निर्माण कार्यों, पर्यटन एवं जनसुविधाओं से संबंधित व्यापक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को त्वरित राहत, सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बरसात समाप्त होते ही मरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्यों के लिए प्रशासनिक मशीनरी एक्टिव मोड में कार्यरत रहे। वर्षाकाल तक राहत सामग्री एवं ड्राई राशन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रभावितों के ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। फसलों, पेयजल लाइन एवं सरकारी संपत्तियों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर शासन को रिपोर्ट ...शेष पृष्ठ 14 पर

आमजन से व्यवहार ठीक रखें जनसेवक, दुर्व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं: योगी

प्रदेश भर से आये पीड़ितों की समस्याओं से मुखातिब हुए सीएम योगी, निस्तारण के दिए निर्देश, जमीन से जुड़े मामले लेकर भी पहुंचे फरियादी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर से आये पीड़ितों की शिकायतें सुनीं

- **सहारनपुर से आई महिला ने राशन कार्ड न होने पर राशन डीलर द्वारा अभद्रता की शिकायत की**
- **सीआरपीएफ के जवान की भी सुनीं समस्या, मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन से कहा- शीघ्र निराकरण कराएं**
- **मुख्यमंत्री ने गाजीपुर से आये दिव्यांग की सुनी फरियाद, इलेक्ट्रॉनिक वॉकिंग स्टिक भेंट की**
- **आर्थिक सहायता का पत्र लेते हुए सीएम ने महिला से कहा- हॉस्पिटल से लेकर एस्टिमेट दें, सरकार सहायता करेगी**

और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दर्शन में 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। सहारनपुर से आई महिला ने बताया कि उनके पास राशन कार्ड नहीं है। जब वे राशन लेने गईं तो राशन डीलर अभद्रता करता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जनसेवक आमजन से व्यवहार ठीक रखें। किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा।

जमीन के आए मामलों का भी लिया संज्ञान : सोमवार को 'जनता दर्शन' में सर्वाधिक मामले जमीनी विवाद से जुड़े आए। प्रयागराज से आए सीआरपीएफ के जवान ने भी जमीन से जुड़े मामले को लेकर सीएम के समक्ष अपनी बात रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को इस प्रकरण के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। शामली से भी एक महिला अपनी शिकायत लेकर आईं, बताया कि उनके पति असम में तैनात हैं। उन्होंने भी बताया कि प्रयागराज में जमीन ली है, लेकिन कब्जा लेने में परेशानी आ रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पत्र लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया।

'जनता दर्शन' में आईं मंजू देवी त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि अपोलो में इलाज चल रहा है। इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिला दी जाए। इस पर सीएम ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज में खर्च की चिंता सरकार करेगी। 'जनता दर्शन' में दिव्यांग भी पहुंचे। गाजीपुर से दिव्यांग उधम यादव ने पेंशन बढ़ाने, आयुष्मान कार्ड, हैंडपंप व आवास दिलाने को लेकर सीएम को प्रार्थना पत्र दिया। सीएम ने तत्काल उनकी समस्या के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अफसरों को निर्देश दिया। सीएम ने उधम यादव को इलेक्ट्रॉनिक वॉकिंग स्टिक भी प्रदान की।

बच्चों को दी चॉकलेट, पढ़ाई के बारे में पूछा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ आए बच्चों को दुलारा-पुचकारा। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। कुछ बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली। सीएम योगी ने चॉकलेट-टॉफी प्रदान किया और पढ़-लिखकर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य बनाने का आशीर्वाद दिया।

नवचयनितों ने निष्पक्ष ढंग से मिली नियुक्ति के अनुभव किए साझा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार के मिशन रोजगार के तहत उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग में चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें से कई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में नियुक्ति पत्र दिया। नवचयनितों ने एक सुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि सीएम योगी के प्रयासों से हम युवाओं को कड़ी मेहनत का फल प्राप्त हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए उनका आभार जताया। अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष व शुचितापूर्ण हुई भर्ती प्रक्रिया का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें बिना भेदभाव, बिना कोई पैसे दिए और बिना किसी सिफारिश के सिर्फ योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है।

भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शी नीति से युवाओं को मिल रही सरकारी नौकरी : पंखुड़ी : उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त हुईं सीतापुर की पंखुड़ी गुप्ता मानती हैं कि ये सरकार की बहुत बड़ी सफलता है। आज युवा कड़ी मेहनत के दम पर पारदर्शी तरीके से चयनित होकर सरकारी नौकरी पा रहे हैं। इस वजह से मुझे भी सरकारी नौकरी मिल पाई है। मैं मुख्यमंत्री को दिल से धन्यवाद देती हूं।

युवाओं के उज्जवल भविष्य के प्रति संकल्पित हैं मुख्यमंत्री: वैभव : कनिष्ठ सहायक सीतापुर के वैभव मिश्रा ने अपने भाव साझा करते हुए कहा कि सरकार युवाओं के प्रति समर्पित है। आज का कार्यक्रम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने मुख्यमंत्री से नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि योगी सरकार तेज रफ्तार से युवाओं को नियुक्ति दे रही है। मुख्यमंत्री जी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के प्रति कृत संकल्पित हैं। रिकॉर्ड युवाओं की निष्पक्ष नियुक्तियां इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं।

अब सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है नियुक्ति : श्रद्धा शुक्ला : श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है। सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई। मुख्यमंत्री ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है। इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपये रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी। इसके लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करती हूं।

योगी सरकार नौकरी देने से लेकर सुरक्षा देने में हैं संवेदनशील : आदित्य पाठक : अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं। सरकार सुरक्षा से लेकर रोजगार देने तक संवेदनशील है। आठ वर्ष में महिलाओं को भी बड़ी तादाद में नियुक्तियां दी गई हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में महिलाएं खुद को सुरक्षित और मजबूत महसूस कर रहीं है। योगी हमारे लिए नंबर 1 हैं।

विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की होगी सघन जांच

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीएम योगी ने दिये आदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

हर मंडल में विशेष जांच टीम का होगा गठन: मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अब प्रत्येक मण्डलायुक्त अपने-अपने मण्डल के तहत आने वाले सभी जनपदों में विशेष जांच टीम गठित करेंगे। इन टीमों में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एक पुलिस विभाग का अधिकारी और एक शिक्षा विभाग का अधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल होगा। यह टीम जमीनी स्तर पर जांच कर संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की हकीकत सामने लाएगी।

शैक्षणिक संस्थाओं के शपथपत्र और मान्यता-पत्र होंगे अनिवार्य : जांच के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक संस्था से शपथ पत्र लिया जाएगा। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि संस्थान केवल उन्हीं कोर्सों का संचालन कर रहा है, जिन्हें नियामक निकाय, विश्वविद्यालय या बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसके साथ ही, संचालित सभी कोर्स की सूची और उनके मान्यता-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र का दाखिला बिना मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए।

अनियमितता पर होगी कठोर कार्रवाई : अगर जांच में किसी संस्थान में अवैध प्रवेश या बिना मान्यता के कोर्स संचालित पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं,

- **हर मंडल में होगा विशेष जांच टीम का गठन, शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की गहन जांच करेगी टीम**
- **15 दिन में शासन को भेजनी होगी रिपोर्ट, अनियमितता पर होगी कठोर कार्रवाई**
- **शैक्षणिक संस्थानों की जांच की पूरी प्रक्रिया पर मंडलायुक्त रखेंगे प्रत्यक्ष निगरानी**
- **सीएम योगी की अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

ऐसे संस्थानों को छात्रों से लिया गया संपूर्ण शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि छात्रों का भविष्य किसी भी हाल में दांव पर नहीं लगाया जाएगा।

15 दिन में शासन को भेजनी होगी रिपोर्ट : जांच प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। प्रत्येक जनपद स्तर पर जांच पूरी कर 15 दिनों के भीतर शासन को समेकित रिपोर्ट भेजना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह कार्यवाही सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। जांच की पूरी प्रक्रिया पर मंडलायुक्त प्रत्यक्ष निगरानी रखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना कौशल विकास मिशन की प्राथमिकता

लखनऊ। लखनऊ स्थित कौशल विकास मिशन मुख्यालय में सोमवार को प्रशिक्षण प्रदाताओं हेतु आयोजित छठवें दिवस की ओरिएंटेशन कार्यशाला की अध्यक्षता अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं से प्रत्यक्ष संवाद कर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को साझा किया। महिला एवं युवा सशक्तिकरण सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए मिशन मोड में कार्य हो रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान कर युवाओं को उपयुक्त एवं टिकाऊ प्लेसमेंट दिलाना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने उद्यमिता विकास पर बल देते हुए कहा कि उद्योगोन्मुख कौशल प्रशिक्षण से युवाओं को उद्योगों में सीधे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता बहाल, सचिवालय ने जारी किया आदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता बहाल हो गई है। विधानसभा सचिवालय ने सोमवार को सदस्यता बहाली का आदेश जारी कर दिया। हेट स्पीच केस में एमपी-एमएलए कोर्ट से 3 साल की सजा मिलने पर उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई थी। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सजा को निरस्त कर राहत दी, जिसके बाद विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाल करने का आदेश जारी किया।

दरअसल, अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई थी. इसके चलते उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। अब्बास अंसारी ने इस फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया और उन्हें राहत दे दी। इसके बाद सोमवार को विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाल करने का आदेश जारी कर दिया।

सचिवालय के आदेश में कहा गया है कि अदालत से राहत मिलने के बाद अब्बास अंसारी को फिर से मऊ विधानसभा क्षेत्र का वैध सदस्य माना जाएगा। अब्बास अंसारी उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से विधायक हैं और उनके पिता मुख्तार अंसारी देश के कुख्यात बाहुबली नेता और पूर्व सांसद रहे हैं। अब्बास अंसारी राजनीतिक और विवादित पृष्ठभूमि दोनों के लिए जाने जाते हैं। वह मऊ विधानसभा सीट से विधायक हैं और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हाल ही में हेट स्पीच (घृणा फैलाने वाली भाषा) का मामला भी शामिल है। इस मामले में उन्हें एमपी-एमएलए कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई थी, जिसके कारण उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई थी. हालांकि, अब्बास ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की, जिसने निचली अदालत के फैसले को रद्द कर उन्हें राहत दी। इसके बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाल कर दी।

सरकार की अनदेखी से बाढ़ पीड़ित परेशान

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश में बाढ़ से स्थिति भयावह है। दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव और कई नगरीय क्षेत्र बाढ़ से घिरे है। लाखों की आबादी और पशु संकट में है। मथुरा से लेकर आगरा, अलीगढ़, शाहजहांपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, कन्नौज, फरूर्खाबाद, सीतापुर, हरदोई, वाराणसी से लेकर कई जिलों में बाढ़ से स्थिति खराब है। बाढ़ से आम जनजीवन संकट में है। लोगों को खाना-पानी, दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। इस संकट की घड़ी में सरकार कहीं दिखाई नहीं दे रही है। लोगों के घर-खेतीबाड़ी सब बर्बाद हो गये। बाढ़ राहत को लेकर बनी मुख्यमंत्री की टीम इलेवन का कुछ पता नहीं है। जनता को सरकार की थोथी घोषणाओं से कोई राहत नहीं मिल रही है। लोगों को जान बचाने के लाले पड़े है।

नियामक आयोग ने बिजली की नयी दरें जारी कीं, ट्रांसमिशन टैरिफ में बदलाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के भीतर बिजली के ट्रांसमिशन टैरिफ को निर्धारित कर दिया है। नए नियमों के अनुसार अब प्रति यूनिट ऊर्जा ट्रांसमिशन के बजाय क्षमता के आधार पर टैरिफ तय किया जाएगा। आयोग ने टैरिफ निर्धारण की पद्धति में यह महत्वपूर्ण बदलाव के मल्टी ईयर टैरिफ फॉर ट्रांसमिशन विनियम, 2025 के अनुरूप किया है। इस नए प्लान में सभी ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों की लागत को एक साथ जोड़कर सभी वितरण लाइसेंसधारियों और अन्य ट्रांसमिशन सेवा उपयोगकताओं के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा। राज्य के डिस्कॉम और भारतीय रेल से 2,13,284.55 रुपए प्रति टह प्रति माह की दर से शुल्क लिया जाएगा। वहीं, अन्य ओपन एक्सेस उपभोक्ताओं को 0.2674 रुपए प्रति की दर से भुगतान करना होगा। इससे राज्य-स्वामित्व वाले वितरण लाइसेंसधारियों पर बोझ कम होगा। अंततः इसका लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा जिन्हें वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा बिजली आपूर्ति की जाती है। इसके साथ ही यह नई व्यवस्था राज्य भर में ओपन एक्सेस और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति, 2022 और डाटा सेंटर नीति, 2021 के तहत निर्धारित छूट भी लागू होगी। आम लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा या आम लोगों को राहत मिलेगी या परेशानी बढ़ेगी, इसकी बात की जाए तो नई व्यवस्था राज्य-स्वामित्व वाले वितरण लाइसेंसधारियों पर बोझ कम करेगी।

भवन की डिजाइन उपयोगकर्ता की जरूरत के अनुरूप बने : आनंदीबेन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजभवन में लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा निर्मित सात निर्माण कार्यों का उद्घाटन सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन के गांधी सभागार में किया। इनमें पुराने कोयला गोदाम का जीर्णोद्धार कर ओपन मोटर गैराज का निर्माण, पुराने डीजी सेट के स्थान पर

- **राजभवन में लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा निर्मित विविध निर्माण कार्यों का राज्यपाल ने किया उद्घाटन**

अत्याधुनिक 400 केवीए क्षमता के दो नए जनरेटर की स्थापना, ऊर्जा संरक्षण की दृष्टि से 400 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट की स्थापना, राजभवन परिसर में अग्निशमन प्रणाली का उच्चीकरण, गांधी सभागार में आधुनिक चिलर टाइप वातानुकूलन संयंत्र की स्थापना, मुख्य भवन के

पुराने किचन को नवीनतम तकनीक से सुसज्जित कमर्शियल किचन में परिवर्तित करना तथा मुख्य भवन, सचिवालय और कर्मयोगी भवन की छतों पर चाइना मोजैक कार्य शामिल हैं। इन कार्यों से राजभवन परिसर न केवल और अधिक सुंदर एवं सुसज्जित हुआ है, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी सुदृढ़ एवं पर्यावरण अनुकूल बन गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि बहुत ही सुंदर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी भवन की नींव (फाउंडेशन) मजबूत होने पर ही वह लंबे समय तक टिकाऊ बनता है इसलिए निर्माण कार्यों में उत्तम गुणवत्ता के पदार्थों का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग ने समय और लागत का ध्यान रखते हुए टिकाऊ निर्माण कार्य किए हैं, यह अनुकरणीय है। जब हम कोई अच्छा कार्य करते हैं और वह सफलतापूर्वक संपन्न होता है तो उससे संतोष की अनुभूति होती है।कार्यक्रम में मौजूद इंजीनियरों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसी भी भवन के निर्माण से पूर्व उसकी डिजाइन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भवन की उपयोगिता के अनुसार ही उसकी रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए। उदाहरण स्वरूप, यदि आंगनबाड़ी के लिए भवन बनाया जा रहा है तो उसकी डिजाइन छोटे बच्चों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि उस भवन का वास्तविक लाभ मिल सके। नवयुगीन आवश्यकताओं के अनुसार ही भवनों के डिजाइन बनाए जाने चाहिए। डिजाइन बनाते समय दीर्घकालिक उपयोग को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, साथ ही बचत पर जोर देना चाहिए और फिजूलखर्ची से बचना चाहिए।राज्यपाल ने खुले और हवा में लटकते विद्युत तारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन्हें अब अंडरग्राउंड करना चाहिए, ताकि लंबे समय तक सुरक्षित उपयोग हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि राजभवन में हुए सभी निर्माण कार्यों के डिजाइन सुरक्षित रखे जाएं ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विस्तार या नए कार्य की आवश्यकता होने पर समय की बचत हो और कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल जानी, ओएसडी राज्यपाल अशोक देसाई, विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, लोक निर्माण एवं विद्युत विभाग के अधिकारी, राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

2047 तक यूपी में हर घर को मिलेगा मेडिकल इंश्योरेंस कवरेज

'शिक्षित बचपन और स्वस्थ परिवार' की नींव पर यूपी बनेगा विकसित, 2 नये एम्स, 3 फार्मा पार्क और 2 मेडिकल डिवाइस पार्क बनेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित यूपी @2047 का विजन सामने रखते हुए साफ कर दिया है कि आने वाले 22 वर्षों में उत्तर प्रदेश का भविष्य 'शिक्षित बचपन और स्वस्थ परिवार' की थीम पर गढ़ा जाएगा। इसका लक्ष्य है कि प्रदेश को न केवल 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाए, बल्कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से सशक्त किया जाए।

विजन 2030 और 2047 के लक्ष्यों के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक रूप से सुदृढ़ करने की योजना बनाई गई है। 2030 तक 50 प्रतिशत घरों और 2047 तक सभी घरों को मेडिकल इंश्योरेंस से कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को एसडीजी टारगेट के अनुरूप लाना प्राथमिकता में है। इसके साथ ही प्रदेश में 2 नए एम्स, 3 नए फार्मा पार्क और 2 नए मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना होगी। स्वास्थ्य कार्यबल की घनत्व को बढ़ाकर 40 प्रति हजार तक ले जाने का रोडमैप तैयार किया गया है। मेडिकल टूरिज्म, बाल पोषण और हेल्थकेयर रिसर्च को रणनीतिक स्तंभ बनाकर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है।ज्ञान और कौशल के केंद्र के रूप में स्थापित होगा यूपीज्ञानदीप व युवा शक्ति के तहत 2047 तक उत्तर प्रदेश को वैश्विक कार्यबल तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके लिए फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमेरसी को मजबूत किया जाएगा और स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, ई-लर्निंग और एडटेक को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा। शिक्षकों के प्रशिक्षण और रिसर्च-इनोवेशन को बढ़ावा देने पर विशेष बल रहेगा। साथ ही उद्योग 4.0 की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए युवाओं को स्किलिंग और ड्यूल एजुकेशन सिस्टम के जरिए तैयार किया जाएगा। समावेशी शिक्षा और वैश्विक स्तर की वर्कफोर्स ट्रेनिंग को यूपी की नई पहचान बनाकर प्रदेश को ज्ञान और कौशल के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

2017 से पहले प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही क्षेत्रों की स्थिति बेहद चिंताजनक थी। ग्रामीण इलाकों में स्कूलों की पहुंच सीमित थी और अधिकांश संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। शिक्षक अनुपस्थिति, किताबों और शिक्षण संसाधनों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई अधूरी रह जाती थी, जिसके चलते बड़े पैमाने पर छात्र ड्रॉपआउट दर बढ़ रही थी। इसी तरह स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी कमजोर थी, जहां पर्याप्त मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की कमी के कारण आमजन को बुनियादी इलाज तक आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता था।2017 से 2025 तक हुए व्यापक सुधार और उठाये गये ठोस कदमबीते साढ़े आठ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं।

स्कूल चलो अभियान और शारदा कार्यक्रम के तहत 40 लाख नए बच्चों का नामांकन हुआ, वहीं आरटीई विस्तार से शिक्षा का अधिकार पाने वाले बच्चों की संख्या 22 हजार से बढ़कर 4.3 लाख तक पहुंच गई और 638 करोड़ रुपये की फीस प्रतिपूर्ति सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया, जबकि अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश के 18 मंडलों में संचालित होकर गरीब और वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। प्रोजेक्ट अलंकार से माध्यमिक स्कूलों में पुस्तकालय, लैब, हॉल, पेयजल, शौचालय और विद्युतिकरण जैसी सुविधाओं को जोड़ा गया।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भी यूपी ने उठाए ऐतिहासिक कदमबीते वर्षों में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़े कदम उठाए गए हैं। मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य केंद्रों के नेटवर्क का विस्तार किया गया, जबकि जन औषधि केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसी पहलों ने गरीबों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत पहुंचाई। अब विजन 2030 और 2047 के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक मानकों तक ले जाने के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है, जिससे हर नागरिक को बेहतर और सुलभ इलाज उपलब्ध हो सके।शिक्षा और स्वास्थ्य से प्रदेश बनेगा 6 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमीप्रदेश की जीएसडीपी को 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए तैयार रोडमैप के अनुसार 2025 में 353 बिलियन डॉलर से शुरूआत कर 2030 तक इसे 1 ट्रिलियन डॉलर, 2036 तक 2 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए आने वाले 22 वर्षों तक औसतन 16 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) बनाए रखनी होगी। विजन के अनुसार 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 26 लाख रुपये तक पहुंचाने और भारत की जीडीपी में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी को 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

छह जिलों में तैनात किये गये नये सीएमओ

लखनऊ। मथुरा, हरदोई, आजमगढ़ सहित प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में नये मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) की तैनाती की गई है। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के संयुक्त निदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारियों को इन जिलों में सीएमओ बनाए जाने का आदेश सोमवार को शासन की विशेष सचिव आर्यका अखौरी ने जारी कर दिया। सुल्तानपुर के एसीएमओ डा. राधा वल्लभ को मथुरा, संतकबीर नगर के जिला संयुक्त चिकित्सालय के सीएमएस डा. भवनाथ पांडेय को हरदोई का सीएमओ बनाया गया है। बागपत की एसीएमओ डा. दीपा सिंह रामपुर, महराजगंज के एसीएमओ डा. राजेंद्र प्रसाद एटा के नये सीएमओ होंगे। जालौन के जिला महिला चिकित्सालय के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. ननकू राम को आजमगढ़ में और आगरा के जिला अस्पताल के वरिष्ठ परामर्शदाता डा. चंद्रप्रकाश को कुशीनगर में सीएमओ पद पर तैनाती दी गई है। इन सभी को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

आराधना मिश्रा मोना ने लड़कियों के अपहरण पर एसआईटी बनाने की मांग की

लखनऊ। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और विधानसभा में कांग्रेस की दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर लड़कियों के हो रहे अपहरण पर चिंता जताई है और एसआईटी गठित करने की मांग की है। आराधना मिश्रा मोना ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि अंबेडकर नगर में बेहद चौंकाने वाला प्रकरण सामने आया है, जहां पिछले एक माह में अंबेडकर नगर के 18 थानों में 56 लड़कियों के अपहरण की प्राथमिक दर्ज की गई है, यह सामान्य घटना नही है, यह सुनियोजित बहुत बड़ी साजिश प्रतीत होती है। यह प्रकरण बहुत ही गंभीर है। इसकी घटना की उच्चस्तरीय एसआईटी गठित कर जांच कराई जाए, ताकि जांच होकर सच्चाई पता चल सके और अपराधियों पर कार्रवाई हो सके।

- **नेता विधानमंडल दल ने सीएम योगी को लिखा पत्र**

अटल का बिजली प्लांट अब दूसरी संस्था को देगा नगर निगम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दो दशक पहले पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने कूड़े से बिजली और खाद बनाने का सपना देखा था। उनकी सोच थी कूड़ा प्रबंधन से शहर को गंदगी से निजात मिल सके। अटल जी के प्रयास से ही लखनऊ को कूड़े से बिजली और खाद बनाने की परियोजना मिली थी। मगर कूड़े से बिजली नहीं बन पाई और परियोजना बंधक हो गई।

- **आज सदन में रखा जायेगा प्रस्ताव, एजेंडे में 34 प्रस्ताव पर होगी चर्चा**

हरदोई रोड स्थित बरावनखुर्द में 5 एकड़ भूमि कूड़े से बिजली बनाने की परियोजना लगाई गई थी। इसके लिए नगर निगम ने एशिया बायो एनर्जी (इंडिया) लि. को लीज पर जमीन दी थी। मगर कंपनी ने बिजली बनाना दूर लीज डीड की शर्तों का उल्लंघन किया। अब नगर निगम ने प्लांट का हस्तान्तरण एवं संचालन अन्य संस्था के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव तैयार किया है। इसे सदन की मंजूरी के लिए रखा जा रहा है। सदन की बैठक में नगर निगम की ओर से 34 से अधिक प्रस्ताव रखे जा रहे हैं, इनमें से ज्यादातर संपत्ति विभाग से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं।

टाउनशिप के घर खरीदारों को देना होगा हाउस, वाटर व सीवर टैक्स : लखनऊ विकास प्राधिकरणों की ओर से संचालित हाइटेक आवासीय परियोजनाओं में गृहकर, जलकर व सीवरेज कर आदि देना होगा। इस सम्बंध में आवास विभाग ने शासनादेश जारी किया है। इसके अनुसार, हाईटेक टाउनशिप नीति-2007 के प्रस्तर-38 में संशोधन करते हुए स्थानीय निकायों को इन क्षेत्रों में कर लगाने का अधिकार दिया गया है। इस फैसले को लखनऊ में लागू करने के लिए नगर निगम की सोमवार को होने वाली सदन की बैठक में प्रस्ताव लाया जा रहा है। इस प्रस्ताव के पास होने पर अंसल हाईटेक टाउनशिप की 6,000 संपत्तियों से लगभग 50 करोड़ रुपये का टैक्स नगर निगम वसूल सकेगा। इसी तरह से ओमेक्स, डीएलएफ के घर खरीददार भी टैक्स के दायरे में आ जाएंगे। नगर निगम के प्रस्ताव में इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति 2005 एवं 2014 तथा उ0प्र0 टाउनशिप नीति 2023 के अन्तर्गत नगर में कार्यशील हाईटेक टाउनशिप परियोजनाओं एवं विकास प्राधिकरणों की ओर से स्वीकृत अथवा संचालित अन्य आवासीय परियोजनाओं के अधीन विकसित एवं अध्यासित क्षेत्र में नगर निगम अधिनियम 1959 के प्राविधानों के अनुसार सम्पत्ति कर (गृहकर जलकर इत्यादि) आरोपित किया जाना शामिल है। यह व्यवस्था परियोजना की प्रथम निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद लागू होगी।

पेयजल टैंकरों का इस्तेमाल के लिए दरें तय : नगर निगम लखनऊ फीकल स्लज सेप्टेज और अपशिष्ट जल प्रबंधन विनियम 2024 लागू करने के लिए विनियम 2024 का प्रारूप (ड्राफ्ट) सदन में रखेगा। इसके पास होने पर सीवर की गदंगी इधर-उधर फेंकने पर रोक लगेगी जबकि जल संस्थान के माध्यम से सीवेज निस्तारण के लिए लोगों को निर्धारित शुल्क भी देना होगा। वहीं निजी कार्यों के लिए पेयजल टैंकरों का इस्तेमाल करने के लिए दरों के निर्धारण सम्बंधी प्रस्ताव जो कि कार्यकारिणी से पास हो चुका है, सदन के पटल पर रखा जाएगा।

टैक्सी, टैम्पों स्टैंड होंगे तय, शुल्क लगेगा : नवीन केन्द्रीय कार्यशाला के निर्माण के लिए भूमि का चयन, औद्यानिक कार्यों के लिए 220 श्रमिक एक वर्ष की अवधि के लिए रखे जाने, मार्ग प्रकाश विभाग में आवश्यक श्रमिकों / कार्मिकों को जेम पोर्टल के माध्यम से रखे जाने, नगर निगम टैम्पो / टैक्सी / ई-रिक्शा / ई-कार्ड्स / ई भार साहन विनियमन एवं नियंत्रण उपविधि 2024 संबंधी प्रस्ताव, निजी, टैक्सी इत्यादि वाहनों पर सवारियों के लिए ठहराव स्थल अर्थात बोर्डिंग डि-बोर्डिंग स्टापेज व स्टैण्ड के लिए निर्धारित दरों को पास करने का भी प्रस्ताव भी पास होगा। मोहान रोड आवासीय योजना के अन्तर्गत ग्राम कलियाखेड़ा, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनीनगर, जिला लखनऊ की सामान्य उपयोगिता की बंजर व ऊसर भूमि रकबा 9.96100 भूमि के सशुल्क पुनर्ग्रहण के सम्बन्ध में प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति), कैरियर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस एण्ड ग्राम तहसील व जिला लखनऊ के चक रोड व नाली की भूमि खसरा संख्या-245, 247 च 249 के विनिमय किये जाने के सम्बन्ध में संपत्ति विभाग का प्रस्ताव है। इसके अलावा शहर में पार्किंग के संचालन, समस्त साधारण / वातानुकूलित सिनेमाघरों के शो-टैक्स में वृद्धि करने का प्रस्ताव भी रखा जा रहा है। इनके अतिरिक्त संपत्ति विभाग के कई प्रस्ताव व प्रचार विभाग के प्रस्तावों को सदन में रखा जाएगा।

लविवि में हुआ दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास

लखनऊ। लविवि में 10 सितम्बर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को पूर्वाभ्यास किया गया, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की भूमिकाएं निभाई। पूर्वाभ्यास की शुरूआत शोभा यात्रा से हुई, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षक शामिल हुए। प्रो आंचल श्रीवास्तव ने राज्यपाल की भूमिका निभाई। प्रो. सतेन्द्र पाल सिंह ने उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का किरदार निभाया। प्रो. अनूप कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि डॉ शेखर सी. मांडे और डॉ रीतू नारंग ने उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की भूमिका निभाई। प्रो. एचएन प्रसाद मानद उपाधि प्राप्त कर्ता प्रशांत कुमार, पूर्व पुलिस महानिदेशक की किरदार में थे। शोभा यात्रा के पूर्वाभ्यास के बाद मंच पर पदक वितरण का अभ्यास किया गया, जिसमें कुलपति प्रो मनुका खन्ना और प्रो आंचल श्रीवास्तव ने पदक वितरित किया।

अनंत नगर योजना: पहले दिन 56 भूखण्डों का लॉटरी से हुआ आवंटन

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुरू हुई अनंत नगर योजना के 332 भूखण्डों की लॉटरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर (मोहान रोड) आवासीय योजना के भूखण्डों की लॉटरी का आयोजन सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में किया गया। पहले दिन 450 एवं 162 वर्गमीटर के कुल 56 भूखण्डों का लॉटरी से आवंटन किया गया। इस दौरान पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदकों के हाथों से ही लॉटरी ड्रा की पर्ची निकलवायी गयी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अब मंगलवार को 200 एवं 288 वर्गमीटर के 155 भूखण्डों की लॉटरी आवेदकों के मध्य करायी जाएगी।

- **आज 200 एवं 288 वर्गमीटर के 155 भूखण्डों की होगी लॉटरी**

उपाध्यक्ष ने बताया कि मोहान रोड पर 785 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अनंत नगर योजना में लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा। इसमें लगभग 2,100 आवासीय भूखण्ड व 120 व्यावसायिक भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। जिससे लोगों को बेहतर आवासीय सुविधा के साथ व्यावसायिक सेवाओं का लाभ योजना में ही मिलेगा। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के 60 भूखण्डों में 10,000 से अधिक फ्लैट्स निर्मित किये जाएंगे। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के 5 हजार भवनों में 25 हजार से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भी भवनों का निर्माण किया जाएगा। योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जाएंगी। योजना में एडुटेक सिटी विकसित की जाएगी, जहां छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं फैकल्टी के सदस्यों के लिए हॉस्टल व आवासीय भवन बनाए जाएंगे। साथ ही लगभग 130 एकड़ भूमि में पार्कों व ग्रीन स्पेस का विकास किया जाएगा, जोकि योजना को पर्यावरण के अनुकूल एक हरा-भरा क्षेत्र बनाएगा।

अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि अनंत नगर योजना में द्वितीय चरण में 332 भूखण्डों के लिए 11 जुलाई, 2025 से 10 अगस्त, 2025 के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। जिसमें 8,568 लोगों ने पंजीकरण धनराशि जमा कराकर रजिस्ट्रेशन कराया है। 08 सितम्बर से 10 सितम्बर, 2025 के मध्य इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में आवेदकों के मध्य भूखण्डों की लॉटरी करायी जा रही है। पहले दिन 450 वर्गमीटर के 19 एवं 162 वर्गमीटर के 37 भूखण्डों का लकी ड्रा लगभग 1400 आवेदकों के मध्य निकाला गया। अब मंगलवार को 200 एवं 288 वर्गमीटर के 155 भूखण्डों की लॉटरी करायी जाएगी। वहीं, 112.5 वर्गमीटर के 121 भूखण्डों की लॉटरी का आयोजन अंतिम दिन 10 सितम्बर, 2025 को किया जाएगा।

एलडीए खुद करेगा बैनामा, किसानों को एक मुश्त देगा मुआवजा

लखनऊ। एलडीए अपनी सभी नई योजनाओं में जमीन की रजिस्ट्री (बैनामा) का काम खुद करेगा। जिससे किसानों को मुआवजा एकमुश्त और सीधे उनके बैंक खातों में मिलेगा। यह फैसला पिछली योजनाओं में किसानों की शिकायतों और बिचौलियों की दखलअंदाजी को खत्म करने के लिए लिया गया है। अभी तक भूमि अधिग्रहण और मुआवजे का काम जिला प्रशासन और अर्जन विभाग के माध्यम से होता था, उसमें अक्सर किसानों को किश्तों में पैसा मिलता था, देरी की शिकायतें आम थीं। इस नई व्यवस्था के तहत, किसानों को उनकी अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा आरटीजीएस या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से एकमुश्त दिया जाएगा। एलडीए ने सुनिश्चित किया है कि रजिस्ट्री होने के 7 दिन के भीतर ही किसानों को पूरा भुगतान कर दिया जाएंगा।

रतन बिल्डटेक के आवंटियों को मिली कोर्ट से राहत

विधि संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने नोएडा के रतन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड की उन अपीलों को खारिज कर दिया है, जिनमें यूपी रियल इस्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल द्वारा आवंटियों को कब्जा देने में देरी के एवज में जमा धनराशि पर ब्याज देने के आदेश दिए गए थे।

- **हाईकोर्ट ने कब्जे में देरी पर ब्याज के आदेश को रखा बरकरार**

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने रतन बिल्डटेक की ओर से दाखिल कई अपीलों को एक साथ खारिज करते हुए पारित किया।

रतन बिल्डटेक की ओर से अधिवक्ता सुदीप कुमार की दलील थी कि कोविड-19 की वजह से कब्जा देने में देरी हुयी और उक्त परिस्थिति बिल्डर के वश में नहीं थी। यह भी दलील दी गई कि आवंटियों ने बिना किसी विरोध के कब्जे को स्वीकार कर लिया लिहाजा उन्हें कब्जे में देरी के लिए ब्याज पाने का अधिकार नहीं था। हालांकि न्यायालय इस दलील दे सहमत नहीं हुयी व अपीलों को खारिज कर दिया। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा था कि बिल्डर आवंटियों को उनके जमा धनराशि पर 1 जनवरी 2020 से 13 अक्टूबर 2022 तक एमआईसीआर व 1 प्रतिशत ब्याज की दर से विलम्ब ब्याज अदा करे। यह भी स्पष्ट किया गया था कि उक्त अवधि में से छह माह की अवधि को कोविड- 19 के कारण घटा दिया जाएगा।

गायों से दादा व पोते हुए घायल, पशुपालकों के खिलाफ निगम ने दी तहरीर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। खजुहा इलाके में रविवार को गायों के झुंड ने एक दादा व पोते पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। घटना का संज्ञान लेते हुए नगर निगम के पशु कल्याण विभाग की टीम ने सोमवार को मौके का निरीक्षण कराया। टीम ने मौके से 6 गाय और 2 सांड पकड़कर कान्हा उपवन में संरक्षित करवाया गया। यह घटना शास्त्री नगर, कुण्डरी रकाबगंज, निकट खजुहा पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई थी। निरीक्षण और जांच के दौरान विभाग ने हमलावर गायों के स्वामियों का पता लगाया। जांच में सामने आया कि संबंधित गाय राम सनेही पुत्र स्वर्गीय बाबूराम तिवारी और पप्पी यादव पुत्र अज्ञात की थीं।

- **पशु कल्याण विभाग की टीम ने मौके पर 6 गाय और 2 सांड पकड़े**

विभागीय जांच में सामने आया कि इन पशुपालकों ने गायों को खुले में छोड़ दिया था, जिसके कारण यह घटना घटी। खुले में छोड़े गए पशुओं के सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को घायल करना पब्लिक न्यूसेंस की श्रेणी में आता है। साथ ही, यह पशु क्रूरता अधिनियम 1960 का उल्लंघन भी है। इसके अतिरिक्त, बिना लाइसेंस गाय पालना भी अपराध की श्रेणी में आता है। नगर निगम की रिपोर्ट के आधार पर इन दोनों पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई। नगर निगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक पुलिस आयुक्त बाजारखाला और थानाध्यक्ष बाजारखाला को तहरीर सौंपकर संबंधित पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर में पालतू पशुओं को खुले में छोड़ना गंभीर अपराध है। इससे न केवल जन-धन की हानि होती है बल्कि शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। नगर निगम ने साफ किया है कि भविष्य में यदि कोई पशुपालक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ता पाया गया तो उसके खिलाफ भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने पालतू पशुओं को सड़क या सार्वजनिक स्थलों पर न छोड़ें। यह न केवल कानूनी अपराध है बल्कि दूसरों की सुरक्षा से भी सीधा जुड़ा हुआ मामला है। पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अंतर्गत इस प्रकार की लापरवाही पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित है।

कुकरैल नदी किनारे उर्मिला वन में रोपित होंगे एक लाख पौधे

पूर्वी विधायक ओपी श्रीवास्तव ने पौधरोपण करके किया हरित क्षेत्र के विकास का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को कुकरैल नदी के किनारे उर्मिला वन के विकास का काम शुरू कर दिया। पूर्वी विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने स्थल पर पौधरोपण करके इस हरित क्षेत्र के विकास का शुभारंभ किया। इस मौके पर एलडीए के सचिव श्री विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा, अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार गुप्ता एवं स्थानीय पार्षद राजेश सिंह गब्बर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

विधायक श्री ओ.पी. श्रीवास्तव ने कहा कि भीखमपुर, कुकरैल नदी के किनारे पेपरमिल कॉलोनी के पास उर्मिला वन के रूप में विकसित होने वाला यह उद्यान लखनऊ शहर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। 24 एकड़ भूमि को कूड़ा, कचरा एवं अतिक्रमण से मुक्त कराकर यह परियोजना तैयार की गई है। 19 एकड़ क्षेत्र में उद्यान विकसित होगा, जिसमें लगभग एक लाख पौधे रोपित किये जाएंगे। यहां नीम, पीपल, पाकड़, अमलतास, अर्जुन, अशोक, जामुन, बांस, गुलमोहर जैसे पेड़-पौधे क्षेत्र को शुद्ध वायु देंगे, पर्यावरण संतुलन बनाएंगे और जैव विविधता को बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह वन स्थानीय निवासियों के लिये फेफड़ों की तरह काम करेगा। यहां 1632 मीटर का वॉकिंग ट्रैक भी बनेगा ताकि नागरिकों को स्वास्थ्य और मनोरंजन के लिए सुरक्षित हरित क्षेत्र मिल सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जिस तरह उन्होंने स्वच्छता और सेवा के कार्यक्रमों में उत्साह दिखाया है, उसी तरह इस हरित अभियान को भी सफल बनाएं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु व हरियाली की सौगात दें। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि वन में रोपित किये जाने वाले पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए स्थायी व्यवस्था की जाएगी। इसके तहत पूरे वन क्षेत्र में अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। इसमें निर्धारित दूरी पर पॉप-अप स्प्रिंकलर लगाये जाएंगे, जिससे पौधों को नियमित रूप से पानी दिया जा सकेगा।

पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए अजय राय ने की अरदास, सौंपी चेक

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने चंदर नगर, आलमबाग स्थित गुरूद्वारे में पहुंचकर अरदास की और पंजाब में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए दुआ की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आर्थिक सहायता के लिए गुरूद्वारे के ग्रंथी साहब के हाथों में चेक भी सौंपा।इस मौके पर मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्राकृतिक आपदा को तो हम नहीं रोक सकते मगर आपदा के लिए गठित संस्थानों चाहे वह राष्ट्रीय स्तर के हों या प्रादेशिक स्तर के हों उन्हें मजबूत कर आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया से अधिकतम बचाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में राष्ट्रीय आपदा राहत एवं बचाव के संस्थान को बहुत मजबूत किया गया था एवं आपदा के समय बिना समय गंवाये अधिकतम बचाव की न्यूनतम नुकसान की नीति पर काम किया जा रहा था पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने इस क्षेत्र में ना के बराबर काम किया है जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व मंत्री मुईद अहमद, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, मो. शमीम, सरदार रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

तीर्थ, तप और त्याग की मिसाल बनी 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा

जिन वृद्धजनों के लिए अयोध्या दर्शन जीवनभर का सपना था, उसे डॉ. राजेश्वर सिंह ने साकार किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी माता स्व. तारा सिंह की स्मृति में आरम्भ की गई रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा अपनी 47वीं कड़ी तक पहुँच चुकी है। विधायक डॉ. सिंह द्वारा संचालित यह निःशुल्क बस सेवा सरोजनीनगर में सेवा और श्रद्धा को समाज हित से जोड़ने का अद्वितीय उदाहरण बन चुकी है।

डॉ. सिंह ने अपनी माँ की स्मृति को केवल भावनाओं तक सीमित न रखकर उसे जनसेवा का रूप दिया।

- **सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं ने किए भव्य राम मंदिर के दर्शन, भावनाओं से भर आईं आंखें**

इस परंपरा के अंतर्गत वह प्रत्येक पखवाड़े किसी न किसी गाँव के बुजुर्गों और मातृशक्ति को अयोध्या धाम दर्शन का अवसर उपलब्ध कराते हैं। इसी क्रम में, सोमवार को आयोजित 47वीं यात्रा में ग्राम पंचायत परवर पश्चिम के श्रद्धालुओं ने इस दिव्य अनुभव का लाभ उठाया। विधायक की टीम द्वारा सुबह गाँव पहुँचकर तीर्थयात्रियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया और उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर बस में बिठाया गया।

पूरी यात्रा के दौरान विधायक की टीम के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु भोजन, जलपान और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था में तत्पर रहे। अयोध्या में श्रद्धालुओं ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट, कनक भवन जैसे प्रमुख स्थलों के दर्शन किए। बुजुर्ग श्रद्धालुओं को सहज सुविधा मिले, इसके लिए लोकल आवागमन के लिए भी बैटरी रिक्शा की व्यवस्था भी की गई। प्रत्येक यात्री को श्रीमद्भागवत गीता और प्रसाद भेंट की गई और बस द्वारा ही गांव तक पहुंचाया गया। इस यात्रा ने उन ग्रामीणों के लिए, जिनके लिए अयोध्या दर्शन जीवनभर का सपना था, उसे वास्तविकता में बदल दिया। साथ ही, यह यात्रा केवल धार्मिक अनुभव तक सीमित न रहकर सामाजिक सौहार्द, सहयोग और समरसता का सशक्त माध्यम भी बनी। यात्रा के दौरान बुजुर्गों की आंखों में छलकते आंसू और मातृशक्ति के चेहरे पर झलकती संतोष भरी मुस्कान ने यह सिद्ध कर दिया कि यह यात्रा केवल दर्शन का साधन नहीं, बल्कि यह भक्ति, सेवा और समाज की सामूहिक आस्था का उत्सव है। डॉ. राजेश्वर सिंह के इस अनूठे प्रयास ने अयोध्या यात्रा को एक सामाजिक-आध्यात्मिक आंदोलन का स्वरूप दिया है, जहां श्रद्धा केवल व्यक्तिगत अनुभव न रहकर सामूहिक भावनाओं का प्रतीक बन गई है।

आवारा कुत्तों का बेहतर प्रबंधन करने वाले शहरी निकाय होंगे पुरस्कृत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और भोजन कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को पुरस्कृत करेगी। सरकार ने कुत्तों के जीवन के स्थानीय पहलू को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त भोजन स्थलों की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य के व्यापक निर्णय के तहत 4 सितंबर को जारी इस कदम का उद्देश्य पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम के प्रभावी और वैज्ञानिक कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है, साथ ही जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना भी है।

दरअसल सरकार के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्येक वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित और ज़िम्मेदार भोजन स्थलों का निर्धारण करना है। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि कुत्तों को उनके क्षेत्र में ही भोजन दिया जाए ताकि संघर्ष कम हो, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा हो और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को बढ़ावा मिले। राज्य सरकार के आदेश में कहा गया है, नसबंदी, टीकाकरण और आहार प्रबंधन में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और संगठनों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इस आदेश का उद्देश्य सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, करुणामयी देखभाल को बढ़ावा देना, जन सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति की सदस्य गौरी मौलेखी ने कहा, ₹करुणा और दया की भावना शासन का एक स्तंभ और राष्ट्र की विरासत है। वैज्ञानिक और विचारशील नीतियों के माध्यम से लोगों और पशुओं, दोनों की रक्षा करके, उत्तर प्रदेश यह दशार्ता है कि प्रगति केवल बुनियादी ढाँचे और आँकड़ों से नहीं, बल्कि उस सम्मान से मापी जाती है जिसके साथ हम अपने बीच सबसे कमजोर लोगों के साथ व्यवहार करते हैं। आदेश में कहा गया है, ऐसे स्थानों का चयन करते समय यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि कुत्ते स्वभाव से ही क्षेत्रीय होते हैं। उन्हें अपने क्षेत्र से बाहर जाने के लिए मजबूर करने से संघर्ष होता है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

चोरी के शक में मानसिक बीमार युवक को पीटकर उधेड़ दी चमड़ी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रहीमाबाद के भतोइया बाजार में घर के घुसे 19 वर्षीय मानसिक बीमार युवक को व्यवसायी और उसकी बेटियों ने पेड़ से बांधकर पीटा। लाठी और बेल्ट से पीटकर उसकी चमड़ी उधेड़ दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को बंधन मुक्त कराकर इलाज कराया। पुलिस ने व्यवसायी उसकी बेटियों समेत कुछ अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। तिरगवां में रहने वाले इरशाद के मुताबिक उनका बेटा साद मानसिक मंदित हैं। उसका इलाज चल रहा है। बेटे को वह घर में बंद करके रखते हैं, जिससे वह बाहर न निकले। शुक्रवार रात बेटा किसी तरह घर के बाहर निकल गया। भतोइया गांव की बजार में पहुंचा। वहां रात करीब आठ बजे बर्तन दुकानदार भय्या लाल के घर में घुस गया। कमरे में उनकी बेटियां लेटी थीं। वहीं जा पहुंचा। खटपट सुनकर वह उठी और चोर समझकर पकड़ लिया। शोर सुनकर घरवाले और आस पड़ोस के लोग आ गए। सभी ने मिलकर साद पर हमला बोल दिया। इतना ही नहीं बाहर बाजार में लेकर पहुंचे। पेड़ में बांधकर लाठियों और बेल्ट से जमकर पीटा। इतना पीटा की उसकी चमड़ी उधेड़ दी। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। रहीमाबाद थाने से पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पुलिस ने साद को बंधन मुक्त कराया। इसके बाद उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। इंस्पेक्टर आनंद द्विवदी ने बताया कि इलाज कराया गया। हालत सामान्य है। इरशाद की तहरीर पर आरोपी भय्या लाल और उनकी बेटियों और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दुबग्गा में छात्रा से छेड़छाड़, मुंह दबाकर घसीटा

लखनऊ। दुबग्गा में गांव के ही युवक ने कक्षा पांच की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। विरोध पर आरोपी ने छात्रा का मुंह दबा दिया। इसके बाद उसे घसीटकर अपने घर ले गया। किसी तरह पीड़िता ने खुद को छुड़ाकर शोर मचाया। चीख सुन मौके पर पहुंचे भाई को देखकर आरोपी धमकाते हुए भाग निकला। तहरीर पर दुबग्गा पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। दुबग्गा निवासी पीड़िता की मां के मुताबिक 10 वर्षीय बेटी कक्षा पांच की छात्रा है। बेटी शनिवार को मोहल्ले के बच्चों के साथ खेलने गई थी। देर शाम वह पैदल की घर लौट रही थी। घर के कुछ दूर पहले वह पहुंची ही थी तभी मोहल्ले में रहने वाला आनंद उसे रोककर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध पर धमकाते हुए उसने छात्रा का मुंह दबा दिया। इसके बाद उसे घसीटते हुए 20 मीटर दूर अपने घर ले गया। घर ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह छात्रा ने आरोपी से खुद को छुड़ाकर चीख पुकार मचाने लगी। चीख सुनकर घर के सामने से गुजर रहा पीड़िता का भाई अंदर गया। घर में बहन की हालत देख उसके होश उड़ गए। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर आरोपी आनंद की तलाश की जा रही है। पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को मार दूंगा भाई के मुताबिक आरोपी आनंद को उसने रोकने का प्रयास किया तो वह उसे भी धमकाने लगा। भागते हुए उसने का कि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को मार डालूंगा। पीड़ित परिवार का कहना है कि पुलिस जल्द आरोपी को गिरफ्तार करे।

छात्रा पर अश्लील कमेंट को लेकर दो गुट भिड़े

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके स्थित औरंगाबाद में संचालित राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं में एक छात्रा के विषय में एक छात्र ने अश्लील कमेंट कर दिया था जिसको लेकर सोमवार शाम छात्रों का दो गुट आपस में भीड़ गये। कॉलेज प्रशासन की सूचना पर पहुंची आशियाना पुलिस ने माहौल को नियंत्रित किया। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि यूनानी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों ने आपस में व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा है जिसपर ग्रुप बीयूएमएस फाइनल इयर के छात्र ने छात्रा पर अश्लील कमेंट लिख दिया था। जिसे लेकर सोमवार शाम कॉलेज के बाद छात्रों के दो गुटों में आपस में झगड़ा व विवाद हो गया था जिसकी सूचना कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को दी थी। कॉलेज से किसी प्रकार का कोई शिकायत लिखित रूप में नहीं किया गया है। शिकायत आने पर जांच कर विधिक कार्रवाई किया जाएगा।

गंदे पानी को रोकने पर महिला से मारपीट मुकदमा दर्ज

लखनऊ। बन्थरा क्षेत्र में रात दिन हो रही भीषण बारिश से घरों के अन्दर पानी आना स्वाभाविक है। गाँव ही नहीं बल्कि शहरों में बनी कालोनियों में भी बरसात का गंदा पानी घरों के अन्दर तक जाकर भर जाता है। जिसे रात्रि में सोने के बजाय जागकर पानी लोग निकालते रहते हैं। बंथरा स्थित बेतीं गाँव के मजरा नरेरा में निवासरत महिला वंदना उस वक्त परेशान हो गयी जब विगत 04 अगस्त को हुई भीषण बरसात में उनके घर के पीछे खाली पड़ी भूमि में जब जलभराव अधिक हो गया तो बरसात का पानी घर के अन्दर भरने लगा। पीड़िता की माँ निर्मला ने मकान गिरने की आशंका से, भीगते हुए घर के पीछे जाकर मिट्टी डालकर पानी रोकने का निरन्तर प्रयास कर रही थी। समय करीब 12 बजे गाँव के ही निवासी निशांत, अमन, प्रेमप्रकाश व मिन्टू आदि एकजुट होकर एकराय बनाकर, पीड़िता के दरवाजे पर आकर पीड़िता व उसकी माँ निर्मला को गन्दी गन्दी गालियाँ देने पर, जब माँ ने अपने दरवाजे से वापस जाने को कहा तभी उपर्युक्त व्यक्ति माँ और बेटी के साथ धक्का मुक्की करके मारा पीटा जिससे माँ और पीड़िता को चोटिल हो गयीं। इतने में जब उनका आक्रोश कम नहीं हुआ तो पीड़िता का मोबाईल छीनकर इसलिए क्षतिग्रस्त कर दिया कि पुलिस को न बुला सके। पीड़िता द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

युवक ने फंदे से लटककर दी जान

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले एक युवक ने रविवार को नशे की हालत में अपने घर में लगे फंदे से लटक अपनी जान गंवा दी। पति को फंदे से लटका देख पत्नी ने इलाज के लिए नजदीकी सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से बाराबंकी के रहने वाले पवन मिश्रा (25) आलमबाग स्थित गढ़ी कनौरा में पत्नी राजेश्वरी एक 5 साल के बेटे के साथ रहकर प्राइवेट नौकरी करता था रविवार दोपहर बाहर से शराब के नशे में घर आया एवं कमरे में चला गया उसकी पत्नी राजेश्वरी खाना बनाने के बाद जब कमरे में गई तो पति को लटकता देख चिल्ला पड़ी उसकी आवाज सुनकर घर के सदस्य कमरे में आ पहुंचे एवं फौरन फंदे से उतार कर इलाज के लिए सिविल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर पुलिस को जानकारी दे दी।

मनरेगा में फर्जीवाड़ा पर सीडीओ ने दिए जांच के निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विकासखंड मलिहाबाद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत होने वाले कार्यों में खेल का मामला प्रकाश में आया है। पारदर्शिता के लिए जियो टैग की व्यवस्था की गई है। इसमें बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। मलिहाबाद विकासखंड की ग्राम पंचायत महदोइया में वृक्षारोपण कार्य कागजों पर चल रहा है। मजदूरों की उपस्थिति फर्जी तरीके से प्रमाणित कर दी गई है। इसका खुलासा मनरेगा की ऑफिसियल वेबसाइट से हुआ है। केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में शामिल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में पारदर्शिता के लिए काम के समय लाइव फोटो विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करनी होती है। इसके तहत जहां काम हो रहा होता है उस जगह की फोटो अपलोड करनी होती है। बीते गुरुवार, शुक्रवार, और रविवार मास्टर रोल 2047 पशुचर की जमीन पर वृक्षारोपण किया गया है। जिसमें 9 श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाई गई। जिसमें शमीम, शालिनी चौरसिया, कमलेश कुमारी, नन्ही, राजरानी, बिलासा, राम जानकी, किरन, रीना, शिवप्यारी कल तीन दिनों में 27 मानव दिवस की फर्जी हाजिरी लगाई गई है। उस स्थान पर बारिश का पानी भरा हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है कि फर्जी फोटो अपलोड कर मजदूरों की ऑनलाइन फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है। फोटो में ग्राम पंचायत का नाम, कार्य का नाम, मस्टरोल संख्या, कब तस्वीर ली गई और कब अपलोड की गई, किसने अपलोड किया है, उसका पद किस स्तर का है, सबकुछ शामिल होता है। इसी फोटो को अपलोड करने में धांधली करके फर्जी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है। वही सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने महदोइया पंचायत में हुए फर्जी हाजिरी लगाकर हुए वृक्षारोपण की जानकारी होते ही।

गुडम्बा पुलिस का मानवीय चेहरा, 70 वर्षीय बीमार बुजुर्ग को हॉस्पिटल पहुंचाया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पुलिस का नाम जुबां पर आते ही मानस पटल पर एक नकारात्मक छवि उभर आती है, पर कभी-कभी इस खाकी वर्दी मे छुपा मानवीय चेहरा भी समाज के सामने आ जाता है। गुडम्बा थाने के चौकी प्रभारीजिलाजीत यादव की खाकी वर्दी के नीचे छुपे संवेदनशील हृदय की जितनी तारीफ की जाए कम है। सोमवार करीब 11 बजे गुडम्बा थाना के सेक्टर ल चौकी प्रभारी के पास एक व्यक्ति ने फोन करके बताया कि पड़ोसी दो दिन से दिखाई नही पड़ रहे है दूध का पैकेट और अखबार गेट पर पड़ा है। सेक्टर एल चौकी प्रभारी जिलाजीत यादव को फोन द्वारा सूचना प्राप्त हुयी है कि सेक्टर एच जानकीपुरम में मकान नम्बर 3/67 में एक 70 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति मंसाराम चौरसिया अकेले घर में रहते है और कोई रिस्पांस नही कर रहें है दूध का पैकेट व पेपर घर के गेट पर पड़ा हैं अभी तक नही उठाये है। इस सूचना पर दारोगा जिलाजीत यादव मय हमराही पुलिस बल के मौके पर पहुंचे तो उक्त मकान में लगे चैनल गेट अन्दर की तरफ से ताला बन्द मिला परिजनो की जानकारी करके परिजनो को सूचना दी गयी तथा पड़ोसियों के सहयोग से घर का ताला तोड़कर वृद्ध व्यक्ति के पास पहुंचे तो उक्त वृद्ध काफी बिमार स्थिति में अपने कमरे के फर्स पर पड़े थे उठ बैठ नही पा रहें थे। जिन्हे ईलाज के लिए पूजा हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जिनका ईलाज चल रहा है।

घर से लाखों का सामान और नगदी चोरी

लखनऊ। काकोरी क्षेत्र में बीती रात चोरों ने किसान के घर से लाखों रुपये नगदी सहित सोने चांदी के आभूषणों को चोर चुरा कर भाग गए और किसी को इसकी भनक तक नही लगी। काकोरी के नकटौरा मजरा दोना गांव के परशुराम यादव ने बताया कि रविवार की रात वो अपने घर में सो रहे थे। रात करीब 2 से 4 बजे के बीच कुछ चोर उनके घर में घुस आए और अलमारी तोड़कर सारा कीमती सामान उठा ले गए। चोरों ने घर से एक बक्सा भी चुरा कर ले गए जो कुछ दूरी पर टूटा हुआ मिला। बक्से में रखे जेवर और पैसा गायब था। चोरी हुए सामान में सोने-चांदी के जेवरात सहित लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये नकद रुपये चुरा ले गए हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है। पीड़ित ने काकोरी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही हैं जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे।

अवैध असलहा फैक्ट्री संचालक गिरफ्तार

लखनऊ। काकोरी कोतवाली पुलिस ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। फैक्ट्री बहरू गांव की नई बस्ती में खंडहरनुमा मकान में चलाई जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिलीप उर्फ संतू लाल अपने साथी मिंटू के साथ अवैध असलहा बनाने का काम करता है। छापेमारी में दिलीप को दबोच लिया गया, जबकि मिंटू बागों की ओर भाग निकला। मौके से पुलिस ने एक तमंचा, दो अधबने तमंचे, कारतूस, हैंड ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, भट्टी व अन्य उपकरण बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार मिंटू की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कमलेश कुमार पासवान, अंकित यादव, राजकुमार, उस्मान खां, मोबिन अली, सुमित तिवारी तथा कांस्टेबल रोहित यादव समेत टीम के अन्य पुलिसकर्मियों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

छात्रों ने किया कानूनी ज्ञान का प्रदर्शन

लखनऊ। सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में एक दिवसीय डा. जगदीश गांधी मेमोरियल अंतर-विद्यालयी मूट कोर्ट कम्पटीशन का आयोजन विद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। इस आयोजन में विधि विशेषज्ञों ने छात्रों को अपने अनुभवों से रूबरू कराने के साथ ही उन्हें कानूनी पहलुओं की बारीकियों से अवगत कराया तो वहीं दूसरी ओर प्रतिभागी छात्रों ने कानून के ज्ञान, तर्कशक्ति, विश्लेषणात्मक क्षमता व अभिव्यक्ति क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र टीमों ने वादी व प्रतिवादी के रूप में कानूनी जानकारियों व कानूनी पहलुओं का जोरदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों के समक्ष कोर्ट रूम का अभूतपूर्व दृश्य उपस्थित किया एवं वादी-प्रतिवादी के रूप में आर्टिकल 14 (राइट टुइक्वालिटी), आर्टिकल 15 (प्रोहिबिशन ऑफ डिस्क्रिमिनेशन) एवं आर्टिकल 19 (फ्रीडम ऑफ स्पीच एण्ड असेम्बली) आदि विभिन्न विषयों पर अपने शोधपरक तर्कों व अभिव्यक्ति क्षमता से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में एमआर जयपुरिया स्कूल, गुरूकुल एकेडमी, डीपीएस एल्डिको एवं सीएमएस के विभिन्न कैम्पस समेत 16 विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी, गुरूग्राम के सहयोग से किया गया।

आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की हुई मौत

लखनऊ। सोमवार दोपहर बाद हुई बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से नगराम के बल्दी खेडा गांव निवासी किसान राजू के दरवाजे बंधी भैंस, पड़वा व गाय की मौत हो वहीं चपेट में आकर 50 वर्षीय किसान राजू यादव भी झुलस गया।

उर्वरक लाइसेंस धारक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम में मुकदमा

लखनऊ। यूरिया खाद की बिक्री के दौरान किसान को बेची गयी मात्रा से अधिक बोरियों की फीडिंग पी ओ एस मशीन पर करने के मामले में जिला कृषि अधिकारी लखनऊ द्वारा लाईसेंस धारक फुटकर विक्रेता के विरुद्ध सोमवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत नगराम थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला कृषि अधिकारी लखनऊ तेग बहादुर सिंह द्वारा थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार आई एफ एफ डी सी के अधिकार पत्र के माध्यम से छतौनी निवासी ज्ञानेंद्र कुमार को कृषि विभाग द्वारा उर्वरक की फुटकर बिक्री का लाईसेंस दिया गया था। एवं पी ओ एस मशीन से बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट के माध्यम से किसानों को खाद बिक्री करने का निर्देश दिया गया था। 31 जुलाई 2025 को मेसर्स आई एफ एफ डी सी द्वारा हसनपुर गांव निवासी फूलचंद को दो बोरी यूरिया खाद की बिक्री की गयी। पी ओ एस मशीन पर बीस बोरी यूरिया खाद बिक्री की फीडिंग कर सरकारी अनुदान को हड़पने का काम किया गया। कृषि विभाग के पोर्टल पर टाप टेन खाद क्रेता की पड़ताल के दौरान किसान से लिये गये बयान पर मात्र दो बोरी की बात प्रकाश मे आई। खाद विक्रेता ज्ञानेंद्र कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया जिस पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में खाद की कालाबाजारी करने का मामला संज्ञान में आने पर विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई। थाना अध्यक्ष नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी लखनऊ तेग बहादुर सिंह द्वारा हस्ताक्षरित तहरीर के आधार पर आरोपी ज्ञानेंद्र कुमार निवासी छतौनी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

हत्यारोपितों व दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर दिया धरना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। धरना स्थल ईको गार्डेन में सोमवार को हरदोई के थाना माधोगंज अंतर्गत जेहददीपुर गांव के रहने वाले किसान परिवार को अपने दिवंगत बेटे को न्याय दिलाने के लिए किसान मजदूर व्यापारी फाउंडेशन के बैनर तले अपने पूरे परिवार संग खुले आसमान ने नीचे बरसात में भीग कर धरना देकर मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। पीड़ित किसान परिवार ने हरदोई पुलिस व चिकित्सकों पर गंभीर आरोप लगाते कहा कि राजनैतिक पकड़ रखने वाले स्थानीय दबंग रसूखदारों ने उसके इकलौते बेटे की हत्या कर दी लेकिन इलाकाई पुलिस व चिकित्सकों ने उसके बेटे की मौत का कारण आकाशीय बिजली बता मामले को रफादफा कर दिया। पीड़ित परिवार ने धरना देकर मामले की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। मूलरूप से जनपद हरदोई के थाना माधोगंज अंतर्गत जेहदीपुर गांव में अपने परिवार संग रहने वाले खेतिहर किसान बालकराम ने हरदोई पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बीती 31 अगस्त की शाम राजनैतिक रसूख रखने वाले गांव के ही स्थानीय दबंग धर्मपाल पुत्र गुरु प्रसाद, नंद किशोर पुत्र बलराम समेत बबलू पुत्र रामनारायण व गोविंद पुत्र नन्हे और राहुल पुत्र सुंदर लाल ने पुरानी रंजिश के चलते उसके दिव्यांग चचेरे भाई प्रमोद कुमार के सामने उनके इकलौते बेटे चंद्रशेखर उर्फ राहुल की खेत में हत्या कर दी, जिसकी शिकायत पीड़ित पिता ने स्थानीय माधोगंज पुलिस से किया। पुलिस ने उनके मृतक बेटे के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रसूखदार हत्यारोपियों के आगे नतमस्तक हरदोई पुलिस प्रशासन ने चिकित्सकों से मिलीभगत कर पोस्टमार्टम में उनके बेटे की मौत का कारण आकाशीय बिजली बता मामले को रफादफा करने में जुट गई और हत्यारों को आरोपों मुक्त कर दिया, जबकि उसका दिव्यांग चचेरा भाई प्रमोद कुमार इस हत्याकांड का चश्मदीद गवाह है। घर का इकलौता चिराग बुझने पर पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग को लेकर सोमवार किसान मजदूर व्यापारी विकास फाउंडेशन के बैनर तले सैकड़ों स्थानीय लोगों संग धरना स्थल ईको गार्डेन में एक दिवसीय धरना दिया। धरने का नेतृत्व कर रहे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राम नरेश भारतीय ने कहा कि संगठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार से न्याय की आस में आया है अगर दोषियों और भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जाती तो संगठन प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाएगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरा एक आरपीएल आई सं. R-UP-KP-EA- 32692 खुला है। जिसमें मेरा नाम श्रवण कुमार सैनी दर्ज है। अन्य अभिलेख में सरवन है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। भविष्य में मुझे इन्ही नाम से जाना व पहचाना जाए। सरवन पुत्र उमाशंकर निवासी कंजौरा उन्नाव।

न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महो. कादीपुर सुलतानपुर
वाद सं.- T202304680406828
तारीख पेशी- 15.09.2025

राजेन्द्र प्रसाद

बनाम

1. झप्पु
2. राजेश कुमार — पुत्रगढ राम बक्श
3. राकेश कुमार
4. शारदा देवी पत्नी स्व. राम बक्श
5. संजीव कुमार — पुत्रगढ अच्छेलाल
6. संतोष कुमार
7. राम कलप
8. रमा शंकर — पुत्रगढ राम हित
9. लाल चन्द
10. अमर बहादुर
11. अवधेश
12. राम कुमार — पुत्रगढ राम नरेश
14. राज बहादुर
15. राम मिलन पुत्र राम सरन
16. हरिश्चन्द्र पुत्र राम बक्श

समस्त निवासीगढ़- गांव ग्राम सोधनपुर द्वारा सम्मिलित ग्राम उमरपुर पर. अल्देमऊ, तह. कादीपुर, जिला सुलतानपुर।

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है एवं आपकी एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ के लिए 15.09.2025 दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 19.08.2025 दिवस को निकाली गई।

न्यायालय

कलाकारों पर ईश्वर की अपरिमित कृपा होती है : महेंद्र भीष्म

● नैवेद्य चित्रकला प्रदर्शनी का समापन समारोह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कलाएं लोकाश्रयी हो रही हैं। कभी केवल दरबारी या धर्माश्रयी थीं। पर रचनाएं जब लोकाश्रयी होती हैं, तब उनका विकास समुचित रूप से हो पाता है। प्रयास भी करना चाहिए कि कलाएं परजीवी न हों और उनसे समाज को जो अपेक्षा होती है, वह पूरा कर सकें। सन 2000 से प्रकाशित हो रही कलादीर्घा, अंतर्राष्ट्रीय दृश्य कला पत्रिका इसी विचार को लेकर चली थी।

वह राजाश्रयी कभी नहीं रही। इसीलिए स्वतंत्र रूप से देश दुनिया में पल्लवित पुष्पित हो रही कलाओं को सदैव प्रकाशवृत्त में लाकर कला प्रेमियों, अध्येताओं और कलाकारों के समक्ष रखा है। अक्टूबर 2025 का अंक शीघ्र आ रहा है। समानांतर रूप से कलादीर्घा पत्रिका ने विभिन्न कला संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में देश विदेश में कला गतिविधियों को आयोजित कर कला और कलाकारों का दस्तावेजीकरण किया है और उनको आलोकवृत्त में लाकर ध्यातव्य बनाया है जो किन्हीं कारणों से सामने नहीं थी। उन पर किसी की दृष्टि नहीं पड़ती थी। ऐसे बहुत सारे कलाकारों और कला समीक्षकों को कला दीर्घा ने अपने 25 वर्षों की यात्रा में मंच दिया है। उन्हें अपने साथ जोड़ा है। उनमें आत्मविश्वास पैदा किया है और उनके रचनाकर्म को एक धार दी है। वर्षपर्यंत चलने वाली कला गतिविधियों के क्रम में कला स्रोत और कला दीर्घा के सहआयोजन के रूप में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को शुरू हुई प्रदर्शनी का 8 सितंबर 2025 को नगर के अनेक कलाकारों और कला प्रेमियों की उपस्थिति में समापन हुआ। देश भर से सम्मिलित 41 कलाकारों की कलाकृतियों से समृद्ध कला प्रदर्शनी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात रचनाधर्मी महेंद्र भीष्म थे। उन्हें कला दीर्घा की ओर से अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, लेखनी और बाल वृक्ष से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रतन कुमार को प्रदर्शनी पुस्तिका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी की कलाकृतियों को कलाकारों की दृष्टि से देखते और आस्वाद करते हुए उन्होंने बताया कि कलाकारों पर ईश्वर की अपरिमित कृपा होती है, तभी वे वह रच पाते हैं जो सामान्य व्यक्ति की सोच की परिधि के बाहर होता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी कलाकारों के लिए चुनौती हो सकता है। उससे भी उबरने का रास्ता हम सबको खोजना होगा। इस अवसर पर कला दीर्घा के संपादक डॉ अवधेश मिश्र ने कहा कि दस्तावेजीकरण का महत्व दीर्घकालिक होता है। एक लंबा समय बीत जाने के बाद दस्तावेजीकरण ही गवाक्ष के रूप में अध्येताओं या संस्कृतिकर्मियों के सामने खुलता है और वह इन्हीं दस्तावेजों के सहारे अपनी समृद्ध संस्कृति के उस कालखंड में पहुंच पाते हैं जहां से उनकी कला, संस्कृति, साहित्य और अन्य रचना विधाओं का प्रस्थान बिंदु रहा होता है। हम सबको इस तरह की पत्रिकाओं, पुस्तकों, रचना विधाओं एवं गतिविधियों के साथ जुड़ना चाहिए। कला दीर्घा दृश्य कलापत्रिका की प्रकाशक डॉ लीना मिश्र ने कहा कि संस्थापक प्रकाशक अंजू सिन्हा और संस्थापक संपादक डॉ अवधेश मिश्र द्वारा स्थापित रचना मूल्यों को यथावत बनाए रखते हुए पत्रिका को वैश्विक पटल पर और मजबूती से स्थापित किया जाएगा जिससे भारतीय कला और नवप्रयोग का परचम पूरी दुनिया में लहरा सके। इस आयोजन के समन्वयकत्रय डॉ अनीता वर्मा, प्रशांत चौधरी और सुमित कुमार को शुभकामनाएं देते हुए समापन समारोह का संपन्न हुआ और कला प्रेमियों को दोनों संस्थाओं से जुड़े रहने और निरंतर स्नेह देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सोमवार को मलिहाबाद तहसील में जिला अधिकारी विशाख जी अय्यर की अध्यक्षता मे तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 178 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें 35 समस्याओं को त्वरित निस्तारण किया गया। बाकी बची शेष 143 शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द ही निस्तारण करने को कहा। ग्राम ककरहिया खेड़ा निवासी दिगज की बेटी सुधा ने लेखपाल पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने में लापरवाही और धन लेने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि उसने 10 अगस्त 2025 को जन सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन संख्या 251570030156461 पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन किया था। आरोप है कि लेखपाल ने पहले आवेदन रिजेक्ट कर दिया फिर से मायके से प्रधान का प्रमाण पत्र लाने को कहा, लेकिन जब वह उपलब्ध कराया गया तो ससुराल से प्रमाण पत्र मंगाने की शर्त रखी। इस बीच उसने 400 रुपये भी लिए गए, फिर भी प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ। निराश होकर सुधा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी विशाख जी को शिकायती पत्र सौंपते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और न्याय की गुहार लगाई। जिलाधिकारी ने मामले को लेकर गंभीरता से लेते हुए संबंधित लेखपाल को फटकार लगाई तथा जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता यूसुफ खान ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मलिहाबाद की गंभीर समस्याएं उठाईं। उन्होंने बताया कि सीएचसी में सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ व मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टरों का अभाव है, जिससे मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। इसके अलावा रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड और डिजिटल एक्स-रे मशीन न होने से एक्स-रे कराने में दिक्कतें आती हैं। ओपीडी में टोकन व्यवस्था न होने से मरीज घंटों भीड़ में परेशान होते हैं। उन्होंने जनहित में इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। इस मौके पर सीडीओ अजय जैन, जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, डीसी मनरेगा, उप जिलाधिकारी अंकित मौर्य, एसीपी सुजीत कुमार दुबे, मुख्य पशु अधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार, सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

भोजपुरी में भी बन रही अच्छी कहानी पर आधारित फिल्में : अक्षरा सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अक्षरा सिंह और विक्रांत सिंह राजपूत की फिल्म रुद्रशक्ति सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म प्रेम, आस्था और सामाजिक बदलाव की कहानी कहती है। अक्षरा ने कहा कि अब फिल्मों से गर्व महसूस होगा। भोजपुरी फिल्मों को लेकर अक्षरा सिंह ने वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत की।

भोजपुरी को लेकर आपका व्यक्तिगत या निजी राय क्या है ?

अक्षरा: जब मैं सक्षम नहीं थी, तो कुछ नहीं कर पा रही थी। उतने योग्य ही नहीं थी, कि अपने पैर पर खड़ी होकर कोई स्टेप ले पाऊं। कई फिल्में मैंने ऐसी भी की हैं, जो मुझे नहीं करनी चाहिए थी। कई गाने को देखती हूं तो अफसोस करती हूं। उन दिनों उतना पता नहीं थी। होश संभालने के बाद समझी कि यह मेरी संस्कृति का हिस्सा नहीं है. खुलकर अच्छी फिल्मों को सपोर्ट मिलना शुरू हो जायेगा तो अच्छी कहानी आधारित फिल्में आने लगेगी। हम फिल्मों से गर्व महसूस कराते रहेंगे।

भोजपुरी फिल्मों की कहानियां काफी सतही रहती है, आपकी इस फिल्म में नया क्या है ?

भोजपुरी फिल्म पिछले कुछ दिनों से बदनाम है। डबल मीनिंग के गाने और सिनेमा परिवार के साथ देखने लायक नहीं बनतीं, जिससे सिनेमा का संस्कार बिगड़ गया। रुद्रशक्ति अब इतिहास में नया पन्ना जोड़ेगी. बनारस में पूरी शूटिंग हुई है. तेज धूप में कलाकारों ने नंगे पांव फिल्म शूट किया, लेकिन, सभी ने खुशी से काम किया।

भोजपुरी इंडस्ट्री अब किस दिशा में जा रही है ? क्या ये केवल गानों तक सीमित रह गयी है या कंटेंट में बदलाव आ रहा है ?

विक्रांत: अब फिल्मों की कहानी पर काम हो रहा है। भोजपुरी का इतिहास भाषा, साहित्य, कहानियां, लेखन, कवि समृद्ध रहे है, बीच में गानों के बीच सिनेमा बनाने का ट्रेंड चला, लेकिन अब समय बदल रहा है। अब भोजपुरी में भी कहानी आधारित फिल्में बन रही है। रूद्रशक्ति हमारे भोजपुरी सिनेमा दर्शकों के लिए रास्ता खोलेगी।

फिल्म की कहानी क्या है? लोग परिवार के साथ इसे देखने सिनेमा हॉल जा सकते हैं ?

मनमोहन: फिल्म लव स्टोरी पर है. इसमें शंकर-पार्वती की प्रेम कहानी को दर्शार्या गया है। मैं फिल्म में विलेन का किरदार भी निभा रहा हूं, पिछले 10 फिल्मों को देखेंगे, तो हमारी फिल्म बेहतर साबित होगी। रूद्रशक्ति उस तरह का सिनेमा है, जिसमें गर्व से पूरे परिवार के साथ सिनेमाघर में देख सकते हैं।

पहली बार भोजपुरी फिल्म का आपने निर्देशन किया है, अनुभव कैसा रहा ?

निर्देशक: भाषा के तौर पर भोजपुरी में यह मेरी पहली फिल्म है। सिनेमा खुद में एक लैंग्वेज है। साइलेंट फिल्में अभी भी लोग देखते हैं, और समझ भी आती है। कला की कोई भाषा नहीं होती। कहानी अच्छी हो तो लोग जरूर देखेंगे।

न्यूकमर्स को इंडस्ट्री में एंट्री कहां से लेनी चाहिए ?

निर्माता: जिसके अंदर गुण होगा वह कभी छुप नहीं सकता। दिन में तारे नहीं दिखते, लेकिन आकाश में तारे होते हैं. काम सीखकर आएं, इंडस्ट्री स्वागत के लिए तैयार है।

गणेश उत्सव में प्रतिभागी कलाकारों और बच्चों को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बसीरतगंज, संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीगणेश पूजा उत्सव कार्यक्रम का 12 दिवसीय क्षेत्रीय कलाकारों एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया महोत्सव के समापन में प्रतिभागी कलाकारों एवं बच्चों को मध्य विधानसभा उपविजेता रजनीश गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक अभिषेक खरे, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन युवा इकाई के पदाधिकारियों प्रदेश महामंत्री अनुराग साहू, महानगर अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, महामंत्री राजू साहू ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

शारदीय नवरात्र 22 से, हाथी पर सवार होकर आयेंगी मां दुर्गा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्रि का अत्यंत महत्व है। नवरात्रि का पर्व वर्ष में चार बार आता है, जिसमें दो गुप्त नवरात्रि के रूप में मनाई जाती है और अन्य दो चैत्र और शारदीय नवरात्रि के नाम से जानी जाती है। इसमें शारदीय नवरात्रि का अपना अलग ही स्थान है। खासतौर पर उत्तर और पूर्वी भारत के राज्यों जैसे यूपी, बिहार, झारखंड, असम और पश्चिम बंगाल में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इन नौ दिनों में माता दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। दस दिन के नवरात्र में 22 सितंबर को प्रतिपदा की शुरूआत भोर में 1:25 बजे होगी। यह तिथि अगले दिन रात 2:57 बजे तक रहेगी। 25-26 सितंबर को दो दिन चतुर्थी तिथि का मान रहेगा।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हर वर्ष नवरात्रि के समय देवी दुर्गा अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर आती हैं। इस बार माता रानी हाथी पर सवार होकर अपने भक्तों के घर पधारेंगी। हाथी की सवारी को अत्यंत शुभ और मंगलकारी मानी जाती है। इसे समृद्धि, उन्नति और शांति का प्रतीक माना गया है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की शुरूआत 22 सितंबर से होगी। नवरात्रि की शुरूआत कलश स्थापना के साथ होती है। इस पर्व का प्रमुख आकर्षण दुर्गा पूजा है, जो नवरात्रि की षष्ठी तिथि से आरंभ होती है। इस बार षष्ठी की तिथि 28 सितंबर को पड़ेगी। इसी दिन से दुर्गा पूजा की शुरूआत होगी, जो पांच दिनों तक चलेगी। इस दौरान महाषष्ठी, महासप्तमी, महाअष्टमी, महानवमी और विजयदशमी का पर्व मनाया जाएगा।

तीन दशक में नौ बार तिथि की वृद्धि: पं. बिन्द्रेस दुबे के मुताबिक ऐसा पहली बार नहीं कि तिथि वृद्धि के वजह से शारदीय नवरात्र दस दिन का होगा। पंचांग बताते हैं कि करीब तीन दशक में वर्ष 1996 से इस बार तक नवरात्र में नौ बार तिथि की वृद्धि हुई है। मान्यताओं और शास्त्रों के मुताबिक नवरात्र में तिथि की वृद्धि नवरात्र में शुभ माना जाता है। ऐसे में पूजा-पाठ, विशेष अनुष्ठान, यज्ञ-हवन आदि का शुभ परिणाम प्राप्त होता है।

शारदीय नवरात्र घटस्थापना के नियम : शारदीय नवरात्र के दिन प्रथम दिन सुबह स्नान करने के बाद विधिपूर्वक कलश की स्थापना करें और देसी जलाकर मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करें। व्रत का संकल्प लें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, घटस्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है और साधक पर मां दुर्गा की कृपा बनी रहती है। एक बात का खास ध्यान रखें कि घटस्थापना के लिए तांबे, चांदी या फिर मिट्टी के बर्तन का प्रयोग करना चाहिए। घटस्थापना करने के बाद गरीब लोगों या मंदिर में श्रद्धा अनुसार दान जरूर करना चाहिए।

नवरात्र की पूजा विधि: नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना का विधान है। ऐसे में सूर्योदय से पहले उठें स्नान के बाद साफ-सुथरे वस्त्र धारण करें। इसके बाद शुभ मुहूर्त में घटस्थापना के लिए सर्वप्रथम उस स्थान को अच्छे से साफ कर लें। इसके बाद चौकी रखें और उसपर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं। अब चौकी के ऊपर थोड़े से धान रखें और कलश स्थापित करें। कलश स्थापित करने से पहले उसमें शुद्ध जल भरकर थोड़ा-सा गंगाजल डालें। इसके बाद चंदन, रोली, हल्दी की गांठ, फूल, दूर्वा, अक्षत, सुपारी और एक सिक्का डालें। इसके बाद कलश पर आम या अशोक के पत्ते रखें और इसके बाद नारियल रख दें। हर दिन पूजा करने से पहले खुद पर गंगाजल छिड़क कर तिलक लगाएं और दीपक जलाएं। सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा करें, इसके बाद माता पार्वती और कलश की पूजा करें। इसके बाद दिन के अनुसार, माता की पूजा शुरू करें। पूजा में मां दुर्गा को फूल, रोली, दीप, दूध व प्रसाद आदि चढ़ाएं और अंत में माता रानी की आरती करें। अब सभी में प्रसाद बांटें।

घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

नवरात्र का आरंभ घटस्थापना के साथ होता है, जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। 2025 में घटस्थापना सोमवार, सितम्बर 22, 2025 को की जाएगी। इसके लिए शुभ मुहूर्त कुछ इस प्रकार है।

- घटस्थापना मुहूर्त – सुबह 06:09 बजे से 08:06 बजे तक
- अवधि – 01 घंटा 56 मिनट
- घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त – दोपहर 11:49 बजे से 12:38 बजे तक
- अवधि – 00 घंटे 49 मिनट

शारदीय नवरात्र की प्रमुख तिथियां

- 22 सितंबर प्रतिपदा (शैलपुत्री पूजा)
- 23 सितंबर द्वितीया (ब्रह्मचारिणी पूजा)
- 24 सितंबर तृतीया (चन्द्रघण्टा पूजा)
- 25-26 सितंबर चतुर्थी (कूष्माण्डा पूजा)
- 27 सितंबर पञ्चमी (स्कन्दमाता पूजा)
- 28 सितंबर महाषष्ठी (कात्यायनी पूजा)
- 29 सितंबर महासप्तमी (कालरात्रि पूजा)
- 30 सितंबर महाअष्टमी (महागौरी पूजा)
- 1 अक्टूबर महानवमी (सिद्धिदात्री पूजा)
- 2 अक्टूबर विजयादशमी

विश्वकर्मा पूजा 17 को, कल-कारखानों में होगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है। हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा भगवान ब्रह्मा के 7वें पुत्र हैं, जिन्होंने ब्रह्मांड को बनाने में ब्रह्मा जी की मदद की थी। भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का पहला वास्तुकार व शिल्पकार माना जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से कारीगरों, शिल्पकारों, इंजीनियरों और औद्योगिक मजदूरों द्वारा मनाया जाता है। इस दिन यह लोग अपने औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। यह त्योहार उस दिन मनाया जाता है जब सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, सूर्य 17 सितंबर को देर रात 01 बजकर 55 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। इस बार विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर 2025 को मनाई जाएगी।

विश्वकर्मा पूजा मुहूर्त: इस बार विश्वकर्मा पूजा का ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04 बजकर 33 मिनट से सुबह 05 बजकर 20 मिनट तक रहो। विजय मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 18 मिनट से दोपहर 03 बजकर 07 मिनट तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 06 बजकर 24 मिनट से शाम 06 बजकर 47 मिनट तक रहेगा।

विश्वकर्मा पूजा के दिन राहुकाल का समय: विश्वकर्मा पूजा के दिन राहुकाल दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से दोपहर 01 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। राहुकाल के समय पूजा-पाठ व शुभ कार्यों की मनाही होती है। ज्योतिष शास्त्र में राहुकाल को शुभ काल नहीं माना गया है।

विश्वकर्मा पूजा क्यों मनाई जाती है: हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, कन्या संक्रांति के दिन ही भगवान विश्वकर्मा का अवतरण हुआ था। यह दिन भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं और अपने काम में सफलता व समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। मान्यता है कि विश्वकर्मा पूजा करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

जैन मन्दिर में धूमधाम से मना क्षमावाणी पर्व

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। इन्दिरा नगर जैन मन्दिर मे सोमवार को क्षमावाणी पर्व धूम धाम से मनाया गया। समाज के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि जैन धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को परस्पर क्षमाभाव एवं मिच्छामी दुक्कड़म् कहा एवं वर्ष भर की ज्ञात अज्ञात भूलों के लिए क्षमा याचना करी। मिच्छामी दुक्कड़म् का अर्थ है मेरे सभी बुरे कर्म व्यर्थ हों या मेरी गलतियों के लिए मुझे क्षमा करें।

यह जैन धर्म में पर्युषण पर्व के समापन पर, जिसे क्षमावाणी या संवत्सरी दिवस भी कहा जाता है। दूसरों से और सभी जीवों से क्षमा मांगने और शांति स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। जैन समाज द्वारा आज के दिन सभी त्यागी व्रतियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने दशलक्षण पर्व का दौरान व्रत एवं उपवास किए गए थे।

आज प्रातः भगवान का अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य प्रविज्ञान जैन संयम जैन एवं अतिशय जैन को प्राप्त हुआ। जैन समाज के महामंत्री अभिषेक जैन द्वारा बताया कि इस वर्ष व्रतियों की संख्या 100 से अधिक रही जिन्होंने त्याग एवं संयम की भावना से व्रत उपवास निर्विघ्न सम्पन्न किए। इस कार्यक्रम मे विशेष रूप से शिप्रा जैन अपर्णा जैन अनीता जैन पवन जैन सुदीप जैन अनुरोध जैन भरत आयुष आदि उपस्थित हुए।

भोजपुरी फिल्म बलमा बड़ा नादान 2 का पोस्टर रिलीज

लखनऊ। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में एक नए और रोमांचक अध्याय की शुरूआत हुई है। मैड मूवीज एंड आलम ब्रदर्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ की भोजपुरी फिल्म बलमा बड़ा नादान 2 का फर्स्ट लुक आउट मुंबई में किया गया है। फिल्म की रिलीज की तारीख अभी तक निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। हालांकि फिल्म का पहला पोस्टर सामने आते ही। इंटरनेट यूजर्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है, जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि बलमा बड़ा नादान 2 हमारी फिल्म की काहनी एक मंद बुद्धि बलमा की कहानी है।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ हुई गोमती आरती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर भाद्रपद पूर्णिमा पर आयोजित सनातन समागम एवं 142वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन सोमवार को किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी व पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व भाद्रपद पूर्णिमा पर गोमती सफाई एवं नशा मुक्त प्रदेश को लेकर संकल्प लिया गया और इसके बाद समाजसेवी सविता दीक्षित के नेतृत्व में वृक्षारोपण भी किया गया और श्री गणेश वंदना के साथ नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी बाद में शुभम, जारा, अंकिता के नेतृत्व में भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति हुई और महिलाओं ने भारतीय परिधान, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया और उनमें से कुछ लोगो पुरुस्कार भी दिए गए। महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 101 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। कार्यक्रम के बाद में भक्तों ने गुरु पूर्णिमा के प्रसाद ग्रहण किया। हर बार की तरह बाद में 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू, सुधांशु शुक्ल, तेजस्वी गिरी, रमेश चन्द्र बेरी, अंजनी पांडेय, रामकिशोर शुक्ल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, संजीव पांडेय, विजय मिश्र, पूनम शर्मा, रेनू सिंह, मधुबाला, अर्जुन द्विवेदी, शोभित सिंह, सुनीता गोस्वामी, रेनू शर्मा, पूनम तिवारी, आरती पांडेय, विश्वनाथ शुक्ल, अतुल तिवारी, राकेश अग्रवाल, शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

लोकगीत, कथा-गायन व पारंपरिक नृत्य का संगम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतेन्दु नाट्य अकादमी में द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) के विद्यार्थियों को लोक एवं परंपरा की मधुर ध्वनियों से सुसज्जित विशेष प्रशिक्षण श्रृंखला के अंतर्गत पद्मश्री मालिनी अवस्थी से पारंपरिक संगीत, कथा गायिकी एवं कलाओं में लोक तत्व विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को अकादमी परिसर में विद्यार्थियों द्वारा अपने प्रशिक्षण पर आधारित डिमॉन्स्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर लोकगीत, कथा-गायन, पारंपरिक नृत्य तथा लोकनाट्य के विभिन्न अंशों को मंच पर प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुतियों में परंपरा और नवीनता का सजीव संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रसिद्ध लोकनाट्य कलाकार मधु अग्रवाल, साजन कुमार एवं शाहिद ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से नौटंकी शैली को मंच पर जीवंत किया। विद्यार्थियों के साथ इन कलाकारों की सहभागिता ने आयोजन को और भी प्रभावशाली और यादगार बना दिया। इस अवसर पर पद्मश्री मालिनी अवस्थी जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोक परंपराएँ हमारी जड़ों से जुड़ने का माध्यम हैं। जब युवा कलाकार इन्हें आत्मसात करते हैं तो हमारी संस्कृति का भविष्य और भी उज्ज्वल हो जाता है। अकादमी के निदेशक बिपिन कुमार ने कहा कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी का उद्देश्य केवल रंगकर्म की तकनीकी शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय परंपराओं और लोकधरोहर को नए कलाकारों के माध्यम से आगे बढ़ाना भी है। विद्यार्थियों का यह प्रस्तुतीकरण उसी दिशा में सार्थक प्रयास है।

बुक फेयर : किताबों में धर्म-विज्ञान, दलित और बौद्ध साहित्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। 'मानने और जानने में काफी अन्तर है। मानने में कोई श्रम नहीं करना पड़ता, इसलिए लोग आसानी से उसकी ओर मुड़ जाते हैं। यह मानना ही समय पाकर रूढ़ हो जाता है और मान्यता में बदल जाता है। जानना किंचित श्रम-साध्य है।' ऐसी समझ देने वाली 'धर्म का विज्ञान और विज्ञान का धर्म' जैसी किताबें बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग पर चल रहे 22वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में दलित और बौद्ध साहित्य के स्टालों पर खूब हैं।

हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत छूट देने के संग ही मुफ्त प्रवेश देने वाले मेले का आज पांचवां दिन भी पुस्तक प्रेमियों और साहित्यिक आयोजनों से रौनक भरा रहा। मेले में सम्यक प्रकाशन के स्टाल पर आदिवासी पत्र पत्रिकाएं, मैं बौद्ध नगरी मथुरा हूं, दलित दमन उत्पीड़न कब तक, बोधगया ऐतिहासिक फैसला जैसी नयी किताबों के साथ बौद्ध साहित्य में बौद्ध जीवन आचार विचार, भगवान बुद्ध की अंतिम यात्रा और अम्बेडकर साहित्य में घर घर अम्बेडकर सरीखी बहुत सारी पुस्तकें हैं। संविधान प्रचार समिति वाले भारतरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर, महाबोधि महाविहार मुक्त आंदोलन, धर्म का विज्ञान और विज्ञान का धर्म व बुद्ध की वाणी पाल कैरस की जुबानी जैसी चर्चित नयी किताबें लेकर आये हैं।

अनिल बहुजन के स्टाल पर इसी वर्ष छपी सामाजिक न्याय की जमीनी दास्तान पसंद की जा रही है। गौतम बुक के स्टाल पर नयी और सर्वाधिक बिकने वाली किताबों में एस एस गौतम की ज्वलंत विषय पर भारतीय जातियों का इतिहास और बहुजन ज्ञान कोश के संग कबीर की सौ कविताएं खास हैं। बौद्ध और दलित साहित्य अन्य स्टालों पर भी प्रचुर है। आज के कार्यक्रम सुबह सुबह प्रगतिशील मानव कल्याण शिक्षण संस्थान के समारोह के बाद निरूपमा मेहरोत्रा के उपन्यास प्रतीक्षा का विमोचन महेशचंद्र द्विवेदी, हेमलता शर्मा, डा.अपूर्वा अवस्थी, शारदा लाल व अलका प्रमोद की उपस्थिति में किया गया। इसी क्रम में मंजूषा परिषद के सम्मान समारोह में संजय जायसवाल संजय ने डा.मंजू शुक्ला के बाद उपन्यास सुबह का सपना की समीक्षा रखी। यहां शिक्षाविद् प्रो.उषा सिन्हा और रेडियो प्रसारक नूतन वशिष्ठ को सम्मानित किया गया। लेखक विश्व भूषण की पुस्तक सनातन संवाद कथाएं एवं सनातन कुम्भ का विमोचन पूर्व डीजीपी महेशचन्द्र द्विवेदी व काशी विश्वनाथ मंदिर के ब्रजभूषण ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, चन्द्रशेखर पाण्डे व अरुण कुमार पाण्डे की मौजूदगी में किया। स्थानीय जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से गुरुकुल परम्परा की पुनर्स्थापना एवं ज्ञान और प्रेरणा की स्त्रोत पुस्तकें विषयक गोष्ठी में डा.निष्ठा विद्यालंकार, सुमन पाण्डेय आदि वक्ताओं ने विचार रखे। गुरुकुल विद्यार्थियों के समूह ने योग प्रदर्शन कर संयोजन प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। शाम को कविता लोक सृजन का काव्य समारोह आयोजित हुआ।

लखनऊ-कोलकाता के बीच चलेगी साप्ताहिक पूजा विशेष ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली एवं छठ त्यौहारों पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये 04454/04453 नई दिल्ली-मानसी-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन नई दिल्ली से 29 सितम्बर से 30 नवम्बर तक प्रतिदिन तथा मानसी से 01 अक्टूबर से 02 दिसम्बर तक प्रतिदिन 63 फेरों के लिये किया जायेगा।

04454 नई दिल्ली-मानसी पूजा विशेष गाड़ी 29 सितम्बर से 30 नवम्बर तक प्रतिदिन नई दिल्ली से 20.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 20.50 बजे, अलीगढ़ से 22.20 बजे, टूण्डला से 23.25 बजे, दूसरे दिन इटावा से 00.30 बजे, कानपुर सेंट्रल से 03.30 बजे, उन्नाव से 04.05 बजे, ऐशबाग से 05.17 बजे, बादशाहनगर से 05.50 बजे, बाराबंकी से 06.45 बजे, गोंडा से 08.10 बजे, बस्ती से 09.25 बजे, खलीलाबाद से 10.00 बजे, गोरखपुर से 11.05 बजे, देवरिया सदर से 12.02 बजे, सीवान से 13.05 बजे, छपरा से 14.35 बजे, सोनपुर से 17.02 बजे, हाजीपुर से 17.17 बजे, शाहपुर पटोरी से 18.05 बजे, बरौनी से 21.20 बजे, बेगूसराय से 21.42 बजे तथा खगड़िया से 22.32 बजे छूटकर मानसी 23.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 04453 मानसी-नई दिल्ली पूजा विशेष गाड़ी 01 अक्टूबर से 02 दिसम्बर तक प्रतिदिन मानसी से 01.10 बजे प्रस्थान कर खगड़िया से 01.22 बजे, बेगूसराय से 02.00 बजे, बरौनी से 03.10 बजे, शाहपुर पटोरी से 03.57 बजे, हाजीपुर से 04.55 बजे, सोनपुर से 05.07 बजे, छपरा से 07.20 बजे, सीवान से 08.20 बजे, देवरिया सदर से 09.25 बजे, गोरखपुर से 11.00 बजे, खलीलाबाद से 11.45 बजे, बस्ती से 12.17 बजे, गोंडा से 13.50 बजे, बाराबंकी से 15.50 बजे, बादशाहनगर से 16.42 बजे, ऐशबाग से 17.30 बजे, उन्नाव से 18.45 बजे, कानपुर सेंट्रल से 19.40 बजे, इटावा से 20.45 बजे, टूण्डला से 22.20 बजे, अलीगढ़ से 23.45 बजे तथा दूसरे दिन गाजियाबाद से 02.12 बजे छूटकर नई दिल्ली 03.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 06 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 05115/05116 छपरा-उधना-छपरा साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 26 सितम्बर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा उधना से 28 सितम्बर से 30 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। 05115 छपरा-उधना साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 26 सितम्बर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से 17.45 बजे प्रस्थान कर बलिया से 18.55 बजे, गाजीपुर सिटी से 19.50 बजे, औंड़िहार से 20.50 बजे, जौनपुर से 22.20 बजे, वाराणसी जं. से 23.55 बजे दूसरे दिन मिजार्पुर से 01.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 05.25 बजे, मानिकपुर से 07.40 बजे, सतना से 08.50 बजे, कटनी मुड़वारा से 11.25 बजे, दमोह से 12.57 बजे, सागर से 14.12 बजे, बीना से 16.20 बजे, संत हिरदाराम नगर से 19.05 बजे, उज्जैन से 21.40 बजे, तीसरे दिन रतलाम से 00.15 बजे, गोधरा से 03.27 बजे, वडोदरा से 04.30 बजे, भरुच से 05.20 बजे तथा सूरत से 06.38 बजे छूटकर उधना 07.00 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में, 05116 उधना-छपरा साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 28 सितम्बर से 30 नवम्बर तक प्रत्येक रविवार को उधना से 10.00 बजे प्रस्थान कर सूरत से 10.20 बजे, भरुच से 11.17 बजे, वडोदरा से 12.30 बजे, गोधरा से 14.32 बजे, रतलाम से 17.17 बजे, उज्जैन से 19.15 बजे, संत हिरदाराम नगर से 22.17 बजे, दूसरे दिन बीना से 01.20 बजे, सागर से 02.52 बजे, दमोह से 04.07 बजे, कटनी मुड़वारा से 06.15 बजे, सतना से 08.15 बजे, मानिकपुर से 09.20 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.20 बजे, मिजार्पुर से 12.30 बजे, वाराणसी जं. से 16.35 बजे, जौनपुर से 17.50 बजे, औंड़िहार से 19.05 बजे, गाजीपुर सिटी से 20.00 बजे तथा बलिया से 21.10 बजे छूटकर छपरा 23.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा कोलकाता-लखनऊ-कोलकाता के मध्य पूजा विशेष ट्रेन के संचालन की व्यवस्था की गई है। यह विशेष ट्रेन साप्ताहिक रूप से चलेंगी। परिचालन अवधि के तहत गाड़ी संख्या 03107 कोलकाता से लखनऊ 02, 09, 16, 23, 30 अक्तूबर एवं 06 नवम्बर को प्रत्येक गुरुवार को रात 23.55 बजे प्रस्थान कर नैहाटी, बैण्डेल जं, बर्द्धमान, दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन,मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल जं., शेखपुरा, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, सुलतानपुर होते हए 12:10 बजे लखनऊ पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 03108 लखनऊ से कोलकाता 04, 11, 18, 25 अक्तूबर एवं 01, 08 नवम्बर को लखनऊ से प्रत्येक शनिवार को रात्रि 01.40 बजे प्रस्थान कर सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाधया जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी आनउ सोन, अनुग्रह नारायण रोड़, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा जं., किउल जं., झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चितरंजन, असानसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डल जं., नैहाटी होते हुए अगले दिन रात्रि को 00:40 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इस विशेष गाड़ी में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 3 एसी के 04 कोच, 10 स्लीपर कोच, 06 जनरल कोच एवं 02 एसएलआर कोच सम्मिलित हैं।

उत्कृष्ट संरक्षा सेवाओं के लिए 14 रेलकर्मी सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सोमवार को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा संरक्षा से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 14 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सम्मानित किए गए रेलकर्मी लखनऊ मंडल के संरक्षा, परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित हैं, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इनके सतर्क प्रयासों से मंडल में संरक्षा मानकों में निरंतर सुधार हुआ है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ‘रेलवे में संरक्षा सर्वोपरि है, और हमारे रेलकर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, सजगता और समर्पण के साथ निभाते हैं। ऐसे कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान न केवल उन्हें प्रोत्साहित करता है, बल्कि अन्य साथियों को भी प्रेरणा देता है। उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए अन्य रेलकर्मियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

डीआईओएस और सहायक शिक्षा निदेशक स्तर के 10 अधिकारियों का तबादला

लखनऊ। राज्य सरकार ने सोमवार को डीआईओएस एवं सहायक शिक्षा निदेशक स्तर के 10 अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसमें चन्दौली के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) दल सिंगार यादव को प्रयागराज स्थित कालेज ऑफ टीचर एजुकेशन में रीडर बनाया गया है जबकि माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय में अपर सचिव विभा शुक्ला को डायस उन्नाव का प्रचार्य बनाया गया है। इसी प्रकार से गाजीपुर के डीआईओएस भाष्कर मिश्र को शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में सहायक शिक्षा निदेशक (प्राइमरी) बनाया गया है। वहीं अम्बेडकर नगर के डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह को डायस अम्बडेकरनगर का उपप्रचार्य बनाया गया है जबकि लखीमपुर खीरी के डीआईओएस महेन्द्र प्रताप सिंह को सीतापुर डायस का उप प्राचार्य बनाया गया है। वहीं श्रावस्ती के डीआईओएस मिथिलेश कुमार को जौनपुर डायस का उप प्राचार्य बनाया गया है। इसके अलावा मई के डीआईओएस वीरेन्द्र प्रताप सिंह को प्रभारी उप शिक्षा निदेशक (शिविर) लखनऊ में तैनाती दी गई है जबकि अमरोहा के डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह को सहायक शिक्षा निदेशक (सा. शि.) शिविर कार्यालय, लखनऊ बनाया गया है। इसके अतिरिक्त सहायक शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज दीपिका चतुवेर्दी को रायबरेली डायस का उप प्राचार्य बनाया गया है जबकि सहारनपुर की डीआईओएस रेखा को रामपुर डायस का उपप्रचार्य बनाया गया है।

अच्छी फसल के लिए किसान एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन को अपनायें : शैलेश कुमार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के उप कार्यालय क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, लखनऊ, भारत सरकार के प्रभारी अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह, संयुक्त निदेशक (कीट विज्ञान) के निर्देशन में गांव सरसंडा, विकास खण्ड काकोरी जनपद लखनऊ में दो दिवसीय आई. पी. एम. ओरिएंटेशन एच. आर. डी. प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन किया गया। सत्र में शैलेश कुमार सहायक निदेशक क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, लखनऊ एवं डॉ. मनीष मिश्रा प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. ए.के. शुक्ला प्रधान वैज्ञानिक, सी. आई. एस. एच., रहमानखेड़ा, सतीश सिंह, निदेशक, उत्कृष्ट कृषि प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने अपना व्याख्यान दिया एवं कम लागत में अधिक और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के बारे तकनीकी चर्चा की। शैलेश कुमार, सहायक निदेशक ने अपने संबोधन में बताया कि फसलों को कीट एवं बीमारियों से बचाने के लिए रासायनिक कीटनाशकों का अनुचित एवं अंधाधुंध उपयोग किया जा रहा है करासायनिक कीटनाशक हर किसी के स्वास्थ्य के साथ झ साथ पर्यावरण के लिए भी बेहद नुकसानदायक है। इसलिए जरुरी है कि कृषकों को प्रेरित किया जाये जिससे किसान एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन को अपनाएं और जरुरत पड़ने पर केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड एवं पंजीकरण समिति द्वारा संस्तुत रासायनिक कीटनाशक ही अंतिम विकल्प के तौर पर उपयोग करना चाहिए तथा आई.पी.एम. के अंतर्गत आने वाले अन्य तकनीकी के साथ जैविक कीटनाशकों के प्रयोग पर जोर दें।

संदीप मौर्या, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए आई.पी.एम. की व्यवहारिक विधि की चर्चा के साथ-साथ पर्यावरण, पारिस्थितिक तंत्र, जैव विविधता एवं प्रकृति को सुरक्षित रखता है एवं परंपरागत एवं समेकित कृषि तथा आई पी एम का फसल उत्पादन के योगदान में महत्व के बारे में बताया। रुपेश कुमार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने राष्ट्रीय नाशीजीव निगरानी प्रणाली ऐप (एन.पी.एस.एस. ऐप) के बारे में विस्तृत जानकारी दी, कि ऐप के माध्यम से कैसे आप कीड़े और बीमारी की पहचान एवं उनके प्रबंधन की जानकारी करेंगे। फराज अहमद खान, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने आई पी एम की जैविक विधि के बारे में जानकारी प्रदान की जैसे ट्राईकोडर्मा, मित्र कीट एवं शत्रु कीट की पहचान आदि के विषय में बताया। क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, लखनऊ, द्वारा आई.पी.एम. प्रदर्शनी लगाई गई जिसे केंद्रीय टीम में संदीप मौर्या, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, रुपेश कुमार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, फराज अहमद खान, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी एवं आशुतोष वर्मा, वैज्ञानिक सहायक, ने आई.पी. एम. प्रदर्शनी से संबंधित किसानों को विस्तृत जानकारी दी तथा पीयूष सिंह, धनंजय सिंह, कृषि निर्यातक आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों का रजिस्ट्रेशन आशुतोष वर्मा, वैज्ञानिक सहायक ने किया एवं कार्यक्रम आयोजन में मनीष कुमार ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया एवं कार्यक्रम का संचालन रुपेश कुमार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने किया।

डीआरएम कार्यालय में सीपीआर वर्कशॉप का आयोजन

लखनऊ। सोमवार को मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, लखनऊ में यात्रियों एवं रेलकर्मियों की सुरक्षा तथा आपातकालीन चिकित्सा सहायता की तत्पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीपीआर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उत्तर रेलवे के लखनऊ स्थित इंडोर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षकों द्वारा रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्टेशन स्टाफ को हृदयगति रुकने अथवा श्वसन में अचानक अवरोध जैसी आपात स्थितियों में जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को सीपीआर की व्यावहारिक ट्रेनिंग भी कराई गई, जिससे वे आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों अथवा सहकर्मियों को त्वरित सहायता प्रदान कर सकें। मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी कार्यशालाएं यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उन्होंने कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण को गंभीरता से आत्मसात करने और आपात स्थितियों में तत्परता से इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में मंडल अस्पताल के चिकित्सक, मण्डल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

जेल मंत्री ने की निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत

लखनऊ। प्रदेश की जेलों में गरीब एवं असहाय बंदियों को विधिक सहायता का भी प्रावधान हमारी सरकार दे रही है। जेलों में बंदियों को धार्मिक आयोजनों से लेकर पढ़ाई एवं रोजगार से भी जोड़ा जा रहा है, जिससे कि रिहाई के उपरांत बंदियों को उसका लाभ एवं समाज में उचित स्थान मिल सके। ये बातें कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने जिला कारागार लखनऊ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में कही।

सोमवार को जिला कारागार लखनऊ में राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कारागार मंत्री ने दयाल फाउंडेशन की कैदियों के प्रति इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर से कारागार में जनरल मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स की ओपीडी सहित एक्सरे, ईसीजी, रक्त परीक्षण, पीएफटी की जांच सुविधाएं तथा निःशुल्क दवाओं का लाभ बंदियों को प्राप्त होगा। प्रदेश की अन्य जेलों में भी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का चरणबद्ध तरीके से आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कल्याणकारी योजनाओं का प्रदेशवासियों को लाभ मिल रहा है। हर वर्ग के लोगों को बिना भेदभाव के सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। उन्होंने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए उनकी नियमित काउंसलिंग, योग एवं मनोवैज्ञानिक रूप से सहायता कर रही है। साथ ही, सिद्ध दोष गंभीर बीमारियों से पीड़ित एवं वृद्ध बंदियों की समय पूर्व रिहाई के प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित कर बंदियों को रिहा कराया जा रहा है। आयोजित शिविर से 1000 से अधिक बंदियों को शिविर का लाभ प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महानिदेशक कारागार पीसी मीना, वरिष्ठ अधीक्षक आरके जायसवाल, जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, सुनील दत्त मिश्रा, अभय शुक्ला, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन दुबे सहित संस्था के चिकित्सक, प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

भाषा विवि में हुआ एनसीसी रैंक समारोह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनसीसी रैंक समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा, एनओ लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा तथा डीन अकादमिक्स प्रो. सौबन सईद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विवि की एनसीसी इकाई 20 यूपी गर्ल्स बटालियन, लखनऊ से संबद्ध है।

समारोह के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का परिचय देने वाली कैडेट्स को रैंक प्रदान किए गए। इनमें सीनियर अंडर ऑफिसर का रैंक सौम्या शाक्य को, अंडर ऑफिसर का रैंक स्नेहा भट्ट को, सार्जेंट का रैंक संतिमा शर्मा, मुस्कान राजवंशी और इफा जावेद को तथा सीपीएल का रैंक शालिनी यादव, सुम्बुल जावेद, ऋधिमा गुप्ता, प्रीति गौतम, रौनक गौतम और ममता चौहान को प्रदान किया गया। कुलपति ने एनसीसी इकाई की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कैडेट्स को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि विश्वविद्यालय का गौरव भी बढ़ाएगी। एनओ लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने कैडेट्स के अनुशासन और समर्पण को प्रेरणादायक बताया तथा उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुँचने का आशीर्वाद दिया। डीन अकादमिक्स प्रो. सौबन सईद ने अपने संबोधन में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व जैसे मूल्यों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन कैडेट ऋधिमा ने किया।

सीएम योगी का राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने जताया आभार

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा, सहायता प्राप्त माध्यमिक एवं महाविद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षामित्रों, रसोइयों एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने की घोषणा से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आभार व्यक्त करते हुए वर्षों से बहुप्रतीक्षित कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग पूर्ण होने पर परिषद के अध्यक्ष एसपी तिवारी, महामंत्री संजय कुमार शुक्ल, उपाध्यक्ष सतीश चंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मनीष कुमार शुक्ला, संयुक्त मंत्री जुबैर अहमद द्वारा सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करने सम्बन्धी पत्र प्रेषित किया गया। साथ ही परिषद द्वारा प्रदेश सरकार से सहायता प्राप्त प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं (डिप्लोमा एवं डिग्री सेक्टर) के शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों (प्राथमिक, माध्यमिक, प्राविधिक एवं उच्च शिक्षा) को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान कराने की मांग धन्यवाद पत्र के माध्यम से की गयी।

एकेटीयू का दीक्षांत समारोह आज, शुभांशु शुक्ला को दी जायेगी डीएससी की उपाधि

- एकेटीयू में दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति ने पत्रकारवार्ता कर दी जानकारी
- नैंसी को मिलेगा कुलाधिपति स्वर्ण पदक और कमल रानी वरूण स्मृति स्वर्ण पदक उन्नति गौर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का 23वां दीक्षांत समारोह 09 सितंबर मंगलवार को परिसर स्थित पं. अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय सभागार में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि बतौर मुख्य अतिथि अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री प्राविधिक शिक्षा विभाग आशीष पटेल उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने सोमवार को पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इस बार विश्विद्यालय से सम्बद्ध संस्थान प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर की बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीरियरिंग की छात्रा नैंसी ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। दीक्षांत समारोह में छात्रा नैंसी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया जाएगा। जबकि कमल रानी वरूण स्मृति स्वर्ण पदक बीटेक के सभी ब्रांच में अनुसूचित जाति की सभी उत्तीर्ण छात्राओं में सर्वोच्च स्थान पाने वाली आरडी इंजीरियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद की छात्रा उन्नति गौर को मिलेगा। समारोह में कुल 88 पदक दिये जाएंगे। जिसमें 37 स्वर्ण पदक, 26 रजत एवं 25 कान्स्य पदक मेधावियों को दिये जाएंगे। इसके अलावा 53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड होगी। समारोह में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को डीएससी की उपाधि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता और नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार भी छह श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवार्ड वोमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप अवार्ड, तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड, चौथा एसिसिबिलिटी अवार्ड, पांचवां सस्टेनेबिलिटी चैंपियन और छठां हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड है। बेस्ट वोमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड के लिए स्टार्टअप कंपनी में एक महिला डायरेक्टर का 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ होना जरूरी है। वहीं, बेस्ट सोशल इम्पैक्ट अवार्ड का चयन स्वास्थ्य, भारतीय भाषा, शिक्षा, जीवनशैली जैसे सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले स्टार्टअप कंपनी को दिया जाएगा। जबकि बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड इनोवेटिव पेटेंट तकनीकी विकसित कर वस्तुओं और सर्विस के क्षेत्र और डिजिटल मंच पर कार्य करने वाली स्टार्टअप कंपनी को मिलेगा। इसी तरह दिव्यांगों की सुविधा प्रदान करने वाले स्टार्टअप को एक्सिसबिलिटी अवार्ड दिया जाएगा। जलवायु परिवर्तन, कूड़ा प्रबंधन, निन्योबल एनर्जी से जुड़े स्टार्टअप को सस्टेनेबिलिटी चैंपियन अवार्ड दिया जाएगा। जबकि स्वास्थ्य से जुड़े स्टार्टअप को हेल्थ इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड मंच से दिया जाएगा।

यह अवार्ड विश्वविद्यालय के किसी छात्र या छात्रा की स्टार्टअप कंपनी को ही दिया जाएगा। जो पढ़ने के साथ स्टार्टअप भी संचालित कर रहा हो। समारोह में राज्यपाल विश्वविद्यालय के गोद लिये गये गांवों के विद्यालयों में आयोजित हुए चित्रकला, कहानी कथन एवं भाषण प्रतियागिता के विजेता बच्चों को सम्मानित भी करेंगी। उन्होंने बताया कि चार नये राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जिसमें आरईसी बस्ती, आरईसी, गोण्डा, आरईसी प्रतापगढ़ एवं आरईसी मिजार्पुर में नये इमर्जिंग पाठ्यक्रमों के संचालन को मंजूरी दी गयी है ताकि छात्र नई तकनीकी की पढ़ाई कर सकें। इसके अलावा विश्वविद्यालय लगातार शैक्षिणिक माहौल बेहतर करने के साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया जा रहा है। इस क्रम में विश्वविद्यालय ने पहल करते हुए बीटेक छात्रों को माइनर डिग्री के साथ ही ऑनर्स डिग्री लेने का अवसर दिया है। जिससे कि छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा का विकल्प मिल सके। उद्योगों की जरूरतों को देखते हुए छात्रों को स्किल्ड बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की ओर से प्रतिष्ठित कंपनियों से समन्वय स्थापित कर छात्रों को प्रशिक्षण के साथ ही उनका प्लेसमेंट कराया जा रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक छात्र रोजगार पा सकें। उन्होंने बताया कि अलग-अलग पाठ्क्रमों के 53943 छात्रों को डिग्री दी जाएगी। इसमें 37 स्वर्ण पदक, 26 रजत पदक, 25 कांस्य पदक और 86 छात्रों को पीएचडी डिग्री अवार्ड होगी। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। इसके तहत 100 करोड़ की विशेष इनोवेशन निधि बनायी गयी है। ताकि नवाचार और उद्यमिता की गति को और तेजी से बढ़ाया जा सके। वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेशन सेंटर के तहत विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की योजना को क्रियान्वित कर रहा है। इस योजना के तहत हाल ही में 30 और प्री इन्क्युबेशन सेंटर अस्तित्व में आये हैं। विश्वविद्यालय लगातार छात्रों को नई तकनीकी से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

प्रेसवार्ता में कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह : पूर्वाभ्यास में परखी गयी तैयारी

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 23वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां सोमवार को पूर्वाभ्यास के जरिये परखी गयी। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में समारोह स्थल पं. अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान शैक्षणिक शोभा यात्रा निकाली गयी तो मेधावियों के बैठने के स्थान और मेडल के क्रम को तय किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से होगी। पूर्वाभ्यास के दौरान शैक्षणिक शोभायात्रा में राज्यपाल एवं कुलाधिपति की भूमिका में वित्त एवं लेखा अधिकारी यामिनी जैन शामिल हुईं। जबकि मुख्य अतिथि शामिल हो रहे अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की भूमिका में प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार शामिल हुए। इस दौरान कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर दीपक नगरिया सहित अन्य अधिकारी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

सर्वोदय विद्यालय में खुली इंग्लिश लाइब्रेरी

आगरा। आगरा-ग्वालियर रोड स्थित ग्राम पंचायत इटौरा के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में रविवार शाम नई इंग्लिश लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ। कैबिनेट मंत्री असीम अरुण अपनी पत्नी के साथ शाम 5:30 बजे विद्यालय पहुंचे। विद्यार्थियों ने फूल और मालाओं से उनका स्वागत किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभाग की नवाचार योजना के तहत 5 लाख रुपए की राशि से बनी इस इंग्लिश लाइब्रेरी का लाभ छात्रों को पढ़ाई और आत्मनिर्भरता में मदद करेगा। विद्यालय की अध्यापिका शिल्पा ने कैबिनेट मंत्री और विद्यार्थियों को इंग्लिश लैब के उपयोग और सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पावरलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों का प्रदर्शन किया। कैबिनेट मंत्री ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मानित खिलाड़ियों में लवकुश, चेतराम, बसंत कुमार, रूप किशोर आदि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग में 18 कनिष्ठ लिपिकों को मिला नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश में नवचयनित कनिष्ठ लिपिकों एवं एक्स-रे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का राज्य स्तर से सीधा प्रसारण आज किया गया। विकास भवन स्थित गांधी सभागार, देवरिया में मुख्यमंत्री जी के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में देखा गया सजीव प्रसारण उपरांत लोक सेवा चयन आयोग से स्वास्थ्य विभाग में लिपिक पद पर चयनित जिले के 18 नव नियुक्त कनिष्ठ लिपिकों को विकास भवन सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचंद्र तिवारी, सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी तथा रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष देवरिया अलका सिंह एवं जिलाधिकारी ने नव नियुक्त लिपिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडित गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में आप सभी का चयन सेवा कार्य के लिए हुआ है। आप सभी ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्य करें तथा हर जरूरतमंद की सेवा में तत्पर रहें सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि युवाओं को रोजगार के साथ जनता की सेवा का अवसर मिला है। सरकार की ओर से सौंपी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान करें। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि नियुक्ति पत्र के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। आप सभी को अपने कार्यों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा से करना होगा कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साकिारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ अश्विनी पांडेय, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, राय कमलेश्वर, वर्षा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनका हुआ है चयन अंकित पाण्डेय, शिवानंद साहनी, दीपक कुमार पाण्डेय, वेद प्रकाश दीक्षित, सुधाकर मिश्रा, रजनीश कुमार यादव, अभिषेक चौरसिया, विकास कुमार मद्देशिया, नवीन मिश्रा, अतुल सिंह, रवि कुमार गुप्ता, उपासना यादव, राजन कुमार, विवेक कुमार, राहुल कुमार, मोहित कुमार गोड़, अवनीश शाह, अभिषेक कुमार का कनिष्ठ लिपिक में चयन किया गया है

नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित कनिष्ठ सहायक एवं एक्सरे टेक्नीशियन की नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया।

इसी क्रम में विधायक पडरौना मनीष कुमार जायसवाल, हाटा मोहन वर्मा,, खड्डा विवेकानंद पांडेय, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजेश्वर सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फुलबदन कुशवाहा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में जनपद में 10 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की नव चयनित कनिष्ठ लिपिक को नियुक्त वितरण किया गया। एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के 10 नवचयनित अभ्यर्थियों में अखिलेश कुमार, अरुण, धीरज, अनीता, राज मोहम्मद, सनी, विवेक, योगेश, एवं बिजेंदर, को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने अपने संबोधन में नवचयनित कर्मियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी तथा समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियाँ संस्थान की कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, कहा कि नई प्रतिभाओं के जुड़ने से संस्था को नई ऊर्जा और दृष्टिकोण प्राप्त होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने भी नव चयनित कनिष्ठ सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी भाव से सेवा दें। जिससे की जनपद का विकास हो सके।

क्यूआर कोड या पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव भेजकर अभियान का बने हिस्सा

जिला संवाददाता

कुशीनगर। शासन द्वारा नामित सेवानिवृत प्रबुद्ध जनों की 5 सदस्यीय टीम के साथ डीएम, सीडीओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में समर्थ उत्तर प्रदेश- विकसित अभियान के तहत जनपद में पधारे रामजी लाल, एस एन सिंह व आर के तिवारी एवं डीएम द्वारा अपने अपने विचार प्रस्तुत किए गए। डीएम ने जिले का तीव्र विकास हो इसमें क्या क्या संभावनाएं हैं, इस पर विधिवत रूप से चर्चा करते हुए कहा विकसित कुशीनगर 2047 एक्सपर्ट द्वारा जो दशा /दिशा कैसे तय करेंगे, सर्व प्रथम ये जरूरी है कि आज हम कहां खड़े हैं और किस किस क्षेत्र में क्या आवश्यक है तभी प्रयास कर आगे बढ़ेंगे। डीएम प्रबुद्ध जनों के बीच कुशीनगर की जीडीपी की कितनी भागीदारी है, उन्होंने प्राइमरी/सेकेंडरी अंतर्गत सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि जनपद में केला उत्पादन, 4 चीनी मिलें चालू हैं तथा 7 चीनी मिले बंद हैं, इस पर विशेष फोकस करना है कि अच्छे लोगों को प्रमोट करना होगा इंडस्ट्री के क्षेत्र में, फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं इस कार्य हेतु भूमि की आवश्यकता पहले होगी, जिसके लिए रजवटिया भूमि के चिन्हांकन भी कर लिया गया है, दूसरा कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था आवश्यक है जो जनपद में ना के बराबर है, एवं 5 स्टार होटल/शॉप का निर्माण, पर्यटक को आकर्षित करने वाले विभिन्न कार्यों, कुशीनगर एयर पोर्ट से इंटर नेशनल/ डोमेस्टिक उड़ान की आवश्यकता के क्रम में बताया गया कि अब सारी बढ़ाएं दूर कर ली गई हैं तथा अब रात में जहाज की लैंडिंग हो सकेगी, साल के अंत तक 2 इंटरनेशनल उड़ाने एवं 2 डोमेस्टिक उड़ान का क्लियर करा लिया गया है। इसी प्रकार कसाडा द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों, पडरौना चीनी मिल चालू कराए जाने का प्रयास, नेपाल से इंपोर्ट/एक्सपोर्ट को डेवलप करने, नदी मार्ग से नेपाल को जोड़ने, का प्रयास सहित सुझाव के रूप में शासन/प्रशासन के बीच गैप कम करने पर अपने विचार रखे गए।

● जिले की लगभग 40 लाख आबादी में 20 लाख लोगों द्वारा अपने सुझाव देने का रखा गया है लक्ष्य

रामजी लाल, आर के तिवारी, एस एन सिंह द्वारा अपने अपने विचार रखे गए तथा जनपद के विकास हेतु समस्त जनपदवासियों से उनके द्वारा अपने सुझाव स्कैनर/पोर्टल के माध्यम से दिए जाने हेतु अपील किया गया।

इस अवसर पर वीडियो के माध्यम से स्कैनर द्वारा स्कैन कर उस पर भाषा का चयन करते हुए अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से अपने विचार साझा करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सीडीओ द्वारा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने, अपने परिवार वालों, कार्यालय में आगंतुकों से भी फीडबैक /सुझाव लिए जाने एवं आम जन में प्रेरित किए जाने का निर्देश दिए गए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, परियोजना निदेशक पीयूष, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

नाले में मिला जूता कारीगर का शव

आगरा। शाहगंज क्षेत्र में दो दिन से लापता जूता कारीगर रजत शर्मा का शव नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया। परिजनों ने शनिवार को थाने में मृतक की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। फिलहाल परिजनों ने मामले में कोई तहरीर नहीं दी है। रविवार दोपहर को शंकरगढ़ की पुलिया के पास नाले में राहगीरों ने युवक का शव पड़ा हुआ देखा। जिसे देखने के लिए भीड़ जमा हो गई।

तरह-तरह चचाएं होने लगीं। सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने की भीड़ को हटाकर नाले से शव को बाहर निकाला। शव देखने पर एक-दो दिन पुराना लग रहा था। जिसकी पहचान रजत शर्मा निवासी केदार नगर के रूप में हुई। सूचना पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया। युवक की मौत कैसे हुई ये स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

शिक्षा पल-पल साथ निभाती है - सत्यप्रकाश

बरहज,देवरिया। विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय बरौली करजही विकास खंड भलुवनी में सोमवार को विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षकों, छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ बीईओ सत्यप्रकाश कुशवाहा ने किया। शिक्षकों, बच्चों की रैली गांव में जाकर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। छात्रों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा जहां होती है वहां विकास, सुख, समृद्धि और उन्नति होती है। शिक्षा आपके अधिकारों से अवगत कराती है, आपको आपका शोषण होने से बचाती है, शिक्षा पल-पल आपका साथ निभाती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय गुप्ता ने साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साक्षरता शिक्षा की शुरूआत और ज्ञान की राह पर चलाने वाला माध्यम है। रैली बरौली चौराहा होते हुए गांव में भ्रमण की। इस दौरान संदीप कुमार, अर्चना यादव, दिनेश सिंह, धर्मेंद्र प्रजापति, सविनय यादव, संगीता यादव, अमिता देवी, शांति देवी मौजूद रहे।

ग्राम सभा कपरवार में चला पशुओं का टीकाकरण अभियान

बरहज,देवरिया। ग्राम सभा कपरवार में पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए पशुपालन विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण अभियान चलाया गया। इसमें एफ.एम.डी. (फुट एंड माउथ डिजीज) एवं एल.एस.डी. (लंपी स्किन डिजीज) के टीके लगाए गए। पशुधन प्रसार अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए यह अभियान आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय-समय पर अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएँ।

कहा कि नियमित टीकाकरण से पशु स्वस्थ रहता है और उत्पादन क्षमता भी बढ़ती है। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक अपने पशुओं का टीकाकरण कराया। जटाशंकर मिश्र, अवधवासी मिश्र, शंकर चौरसिया आदि के पशुओं का टीकाकरण हुआ।

काव्यधारा संगोष्ठी संपन्न

बरहज,देवरिया। सरयू विद्यापीठ बरहज में मासिक काव्य धारा संगोष्ठी कार्यक्रम में कवियों को ₹जी भर के सुनो₹ इस भाव से कविताओं को सुना गय इस माह के कार्यक्रम में जिन कवियों का आमंत्रित किया गया, उनमें कवि प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद यादव, कवि प्रधानाचार्य रमेश तिवारी अनजान, कवि प्रेम शंकर त्रिपाठी, कवि अंजनी कुमार उपाध्याय इत्यादि प्रमुख रहेकार्यक्रम में रामेश्वर प्रसाद यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प और माल्यार्पण प्रस्तुत किया। उसके बाद उन्होंने सरस्वती वंदना ₹ मां वर दे यह जग निर्भय हो, तेरी कृपा दृष्टि हर जन पर, वीणा गूंजे हर कण कण में₹। इसके अतिरिक्त उन्होंने दूसरी कविता ₹स्वर्ग से धरती महान हो, दोनों हाथ दान मांगे देवता₹ सुनाई। इन कविताओं को लोगों ने बहुत ही सराहा। रमेश तिवारी अंजान ने कविता सुनाई, ₹ऋषि मुनियों क तपो भूमि है सचहुँ बड़ा महान₹ कवि प्रेम शंकर तिवारी ने सुनाया ₹अनबन सी हो रही है₹ अंजनी कुमार उपाध्याय ने सुनाया, ₹आज मैंने प्रभु को देखाकार्यक्रम का संचालन कवि रमेश तिवारी अनजान ने किया। कार्यक्रम में सुरेश तिवारी, दीपक पटेल, फैजान अंसारी, कवि जीशान, महेश, विंध्याचल आदि उपस्थित रहे।

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

देवरिया। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर देवरही माता मंदिर प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ह्लफिजियोथेरेपी आज की बदलती जीवनशैली में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल रोगों से मुक्ति दिलाती है, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की दिशा भी दिखाती है जिलाधिकारी ने शिविर में आए मरीजों से संवाद करते हुए उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क परामर्श एवं दवाएँ प्रदान की गईं। बड़ी संख्या में ग्रामीण व नगरवासी शिविर का लाभ लेने पहुँचे। शिविर में चिकित्सा विभाग के अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

नगर निगम ने लगाया टोरंट पर 7.15 लाख का जुर्माना

आगरा। नगर निगम ने 30 सितंबर तक रोड कटिंग पर रोक लगाए जाने के बावजूद टोरंट पावर लिमिटेड ने नियमों को दरकिनार कर सड़क काट डाली। मामला लोहामंडी जोन के वार्ड संख्या 71 शास्त्रीपुरम एमआईजी बी ब्लॉक का है, जहां शास्त्रीपुरम मॉल से दहतोरा मंदिर तक लगभग 600 मीटर लंबी सड़क की कटिंग की गई है। इस दौरान न केवल नगर निगम के आदेशों की अवहेलना की गई बल्कि जलकल विभाग की लाइन को भी क्षति पहुंचाई गई। क्षेत्रीय लोगों में इस कार्रवाई को लेकर खासा आक्रोश था। क्षेत्रीय पार्षद द्वारा इस संबंध में नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल से शिकायत की गई थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त ने अवर अभियंता से जांच कराई। जांच रिपोर्ट में मामले की पुष्टि होने पर टोरंट पावर लिमिटेड पर कुल 7,15,700 रुपए का जुमार्ना ठोका गया है। बरसात के मौसम के कारण 30 सितंबर तक नगर में रोड कटिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद टोरंट पावर लिमिटेड द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए सड़क काटी गई और जलकल की लाइन को भी क्षति पहुंचाई गई। कंपनी पर 7.15 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत का संज्ञान लेते हुए नगर निगम ने ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों और नगर निगम कर्मियों के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई। सेक्टर-2 में दुकानों के आगे सड़क पर कबाड़ और वाहन कलपुर्जे रखकर मार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ निगम की टीम ने अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान दुकान नंबर 147 के स्वामी मनीष कुमार जैन पर 25 हजार और पाठक एंटरप्राइजेज पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही दोनों कारोबारियों को 24 घंटे के भीतर सड़क से सामान हटाने की सख्त चेतावनी दी गई। स्थानीय दुकानदारों की शिकायत पर हुई इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शिकायतकताओं ने बताया था कि कबाड़ और कलपुर्जे सड़क पर रखे जाने से आम लोगों के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट नगर में आने-जाने वाले वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

● रोड कटिंग करने पर की कार्रवाई, 30 सितंबर तक रोड कटिंग पर है रोक

युवक छात्रा को लेकर फरार

आगरा। खंदौली थाना क्षेत्र में एक बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रविवार सुबह से लापता है। छात्रा सुबह छह बजे से घर में नहीं है। परिजनों ने पड़ोसी गांव के एक युवक पर छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों की शिकायत के अनुसार, दो-तीन महीने पहले छात्रा और आरोपी युवक के बीच बातचीत हुई थी। इस दौरान युवक ने फोन पर परिजनों से अभद्र व्यवहार किया था। परिजनों ने पुलिस से छात्रा की सकुशल बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस छात्रा की तलाश में जुटी है।

जीजा और साले का कॉलेज के बंटवारे के बाद भी नहीं थम रहा विवाद

भटनी(देवरिया)। स्थानीय बहादुर यादव पी जी कालेज के ट्रस्टी बंटवारे के बावजूद भी साले व जीजा के बीच उपजा विवाद थंमने का नाम नही ले रहा है। इस मामले मे साले ने अपने जीजा के विरुद्ध भटनी थाने मे दो मुकदमा दर्ज कराया गया है और जीजा ने साले पर बरियारपुर थाने मे एक मुकदमा दर्ज कराया है। साले और जीजा के बीच कालेज को लेकर छिड़े विवाद की चचाओं का दौर जारी है। बताया गया है कि अथान ट्रस्ट के अन्तर्गत बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज एवं निजी आई टी आई स्कूल चलता है एक अथान ट्रस्ट के अन्तर्गत तत्कालीन बहादुर यादव महिला महाविद्यालय अब बहादुर यादव महाविद्यालय औ बहादुर कालेज आफ फामेर्सी चलता है। बंटवारे के दौरान बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज एवं आई टी आई स्कूल के स्कूल के न्यासी ट्रस्टी जयराम यादवहै। और बहादुर यादव महाविद्यालय एवं बहादुर यादव कालेज आफ फामेर्सी के न्यासी ट्रस्टी प्रबन्धक अजयकुमार यादव को बनाया गया

इसके बाद कानूनी दाँवपेंच शुरू हो गया।

इसी बीच नौकरी लगाने के नाम पर कैप्टन जयराम यादव पर आरोप लगाते हुए अजय कुमार यादव द्वारा एक तहरीर भटनी थाने मे दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपराध जालसाजी व नौकरी दिलाने के नाम पर रुपया लेने का मुकदमा दर्ज है। इसी बीच कैप्टन जयराम यादव द्वाराबरियारपुर थाने मे एक तहरीर देकर अपने साले अजय कुमार यादव पर आरोप लगाया कि 14आगस्त को आठ बजे रात्रि को एक चाय की दूकान पर बैठा था तभी अजय कुमार यादव अपने साथियों के साथ आकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 316(4)352.351(3)के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। अजय यादव द्वारा भटनी थाने मे एक तहरीर अपने जीजा के विरुद्ध दी गयी। जिसमे लिखा गया है कि अथान एजूकेशनल ट्रस्ट महुई जिला देवरिया का प्रबन्धकीय न्यासी हुँ। जिसमे महिला महाविद्यालय व अन्यविद्यालय संचालित होते है। जो.विश्वविद्यालय के नियमों से संचालित होता है। ट्रस्ट मे इससे पहले जयराम पुत्र बहादुर यादव व इनकी पत्नी मीना देवी ट्रस्टी थी। जिन्होंने पंजिकृत विलेख द्वारा अपना त्याग पत्र भी दें दी है। जयराम यादव द्वारा मेरे विरुद्ध झुठाकथन करते हुए विभिन्न समाचार पत्रो व फेशबुक आई डी मेरी मानहानि कर रहे है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा352.351(3)व आई टी एक्ट 67के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

श्रीरामेश्वरम महादेव धाम लक्षिया में दिव्य हवन और पूजन संपन्न

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर क्षेत्र के ग्रामसभा लक्षिया स्थित प्राचीन श्री रामेश्वरम महादेव धाम में गायत्री परिवार फाजिलनगर महिला मण्डली द्वारा आयोजित दिव्य वैदिक हवन एवं पूजन कार्यक्रम का समापन हवन एवं पूजन के साथ संपन्न हुआ।

संचालन हरिद्वार स्थित भगीरथ धाम आश्रम के संन्यासी स्वामी बैरागी जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम वेदमंत्रों की ध्वनि और हवन की अग्नि से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। मुख्य यजमान के रूप में अरविंद सिंह, चंद्रिका यादव सहित कई श्रद्धालु सपत्नीक उपस्थित रहे। गौरतलब है कि शांतिकुंज, हरिद्वार में जीवनदान कर चुके साधक अवधेश पांडेय ने इस प्राचीन मंदिर की दशा को देख, इसका जीर्णोद्धार व आश्रम निर्माण कराने का संकल्प लिया था। संकल्प को मूर्त रूप देने हेतु यह दायित्व स्वामी बैरागी जी को सौंपा और दृढ़ता से कहा था कि मंदिर का जीर्णोद्धार निश्चित रूप से होगा। कार्यक्रम में रामप्रीत यादव, प्रमोद यादव, मुन्नीलाल, ब्यास, महेंद्र, रामप्रवेश आदि कार्यकताओं की भूमिका विशेष रूप से प्रशंसनीय रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी महिलाएं, माताएं एवं श्रद्धालु भाई-बहनें उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस आयोजन को भक्ति और सामाजिक चेतना का उत्सव बना दिया।

आत्मनिर्भर उ. प्र. शताब्दी संकल्प 2047 कार्यशालाओं का आयोजन

देवरिया। शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजनों एवं नोडल अधिकारी, सचिव नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन अजय शुक्ला की उपस्थिति में विकसित भारतझ्रविकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारतझ्रआत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प @2047 कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

पहले चरण में राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया के सभागार में महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक वर्ग के 100 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की कार्यशाला संपन्न हुई। दूसरे चरण में जनपद के प्रमुख व्यवसायी एवं उद्यमियों के साथ विचार-विमर्श किया गया।

तीसरे चरण में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। चौथे चरण में विकास भवन के गांधी सभागार में श्रमिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से संवाद हुआ। इसके उपरांत प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशालाओं में अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति की थीम तथा मिशनझ्रसमग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व और सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही चिन्हित 12 सेक्टरों—कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन—के विषय में सरकार की दृष्टि प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिए कि प्रदेश को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किस प्रकार आगे बढ़ा जा सकता है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे निर्धारित क्यूआर कोड के माध्यम से अधिक से अधिक सुझाव दें तथा अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

भारत में प्राचीन काल से है सर्वे भवन्तु, सर्वे सुखीनः की परिपाटीः दुर्गेश राय

कुशीनगर। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित सर्वत्र शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे संस्कार पाठशाला के शिक्षकों को भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और अतिथियों ने शैक्षणिक सामग्री वितरित किए। सोमवार को आयोजित कीट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री राय ने कहा कि प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में सर्वे भवन्तु, सर्वे सुखीनः की परिपाटी रही है और वसुधैव कुटुंबकम में ही पूरी मानवता समाहित है। इसी को ध्यान में रखकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश व प्रदेश को विकसित भारत बनाने का संकल्प ले विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। श्री राय ने गांव गांव पाठशाला अभियान की सराहना की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा के प्रतिनिधि राजेश दूबे ने कहा कि बच्चों में संस्कार के लिए संस्कार शाला अच्छा प्रयास है। किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड ने कहा कि नौनिहालों के सुनहरे भविष्य के लिए अच्छी पहल है। बच्चों धर्म ग्रंथों, महा पुरुषों की जीवनी, गीतों, कहानियों से मध्यम से अच्छे संस्कार दें। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। आरपीसीओ गोरखपुर मंडल मनोज कुमार मद्धेशिया, डीपीसीओ गोरखपुर उदित वर्मा, डीपीसीओ महाराजगंज संजय सिंह, डीपीसीओ कुशीनगर रामकेवल शर्मा, डीपीसीओ देवरिया आशुतोष प्रजापति, ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर और बुके देकर किया। अध्यक्षता प्रेमचंद कुशवाहा और संचालन राम जी शर्मा ने किया। इस दौरान विक्रम भारती, तेज प्रताप शर्मा, संजय शर्मा, धीरज, सुरेश, डॉ राजकिशोर, सुनीता भारती, पूनम भारती सहित बीसी और संस्कार शिक्षक मौजूद थे।

मिशन शक्ति विधिक सेवाओं एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में किया जागरूक

फिरोजाबाद। ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अतुल चौधरी एवं मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा के निर्देशन में पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा ने एक अनूठी शुरूआत की पहल करते हुए विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर जनपद के ग्राम चंद्रवाड में यमुना किनारे स्थित पसीने वाले हनुमान मंदिर के निकट जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए कुष्मांडनी कुण्ड पर विकास मंत्रालय भारत सरकार के 10 दिवसीय मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन जागरूकता अभियान के तहत दो दिवसीय लीगल अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और हब फॉर एंपावरमेंट ए वुमन की टीम ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं को आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विधिक सेवाओं के साथ साथ महिला एवं बाल संबंधी अधिकारों व अधिनियमों से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए पंपलेट वितरण कर जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। दो दिवसीय लीगल अवेयरनेस कैंप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और हब फॉर एंपावरमेंट ए वुमन की टीम सहित कल्पना राजौरिया सपना शर्मा एवं प्रवीन कुमार शर्मा ने सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090 कन्या सुमंगला योजना विवाह अनुदान योजना, श्रमिक कल्याण आदि योजनाओं व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों के साथ साथ महिला एवं बाल संबंधी अधिकारों व अधिनियमों से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए श्रद्धालुओं को लोक अदालत की प्रक्रिया, लाभ और कानूनी अधिकारों के विषय में बताया कि, कैसे इस व्यवस्था का लाभ उठाकर समाज में समय और संसाधनों की बचत की जा सकती है। साथ ही उन्होंने, यह भी अपील की कि वे इस जानकारी को अपने परिवार और आसपास के अन्य लोगों तक भी इसे पहुंचाएं। ताकि अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ ले सकें। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत न्यायपालिका की एक सुलभ और प्रभावी व्यवस्था है, जिसमें विवादों का निस्तारण आपसी सहमति से कराया जाता है।

संक्षेप

नवयुवक की करंट लगने से मौत

सीतापुर। थाना क्षेत्र सकरन के ग्राम पंचायत अदवारी के रकबा में बिजली का करंट लगने से नवयुवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अखिलेश पुत्र मिहीलाल पासी के घर के पास बिजली का पोल लगा हुआ था। उसी पोल में अखिलेश बिजली के तार से तार जोड़कर पोल में एक बोर्ड लगा रखा था। उसी बोर्ड से अखिलेश मोबाइल चार्ज किया करता था। सोमवार को अखिलेश बोर्ड में चार्जर लगाकर मोबाइल चार्ज कर रहा था। लेकिन बोर्ड में बिजली सप्लाई नहीं आ रही थी तो केबिल को हँसिया से साफ करने लगा। तभी बिजली की सप्लाई आ गई और अखिलेश उसी केबिल में चिपक गया। ग्रामवासियों और परिजनों को जानकारी हुई तब तक अखिलेश की मृत्यु हो चुकी थी अखिलेश की उम्र लगभग 35 वर्ष थी।

फरियादियों की शिकायत को अधिकारी गंभीरता से लें: डीएम

उन्नाव। डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्या को बारी बारी से सुनकर संबन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को एक-एक करके गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंक बिगड़ती है तो अधिकारियों की खैर नहीं होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा गंभीरता के साथ विभागीय कार्यों में रुचि लेकर सभी विभागीय अधिकारी अपनी रैंक सुधारें इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं की जानी चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व पुलिस विकास नगर पालिका व अन्य विभिन्न विभागों सहित कुल 121 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 07 शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ है शेष शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिला अधिकारी ने जनपद के पांच मत्स्य पालकों को तालाब पट्टा आवंटन के प्रमाण पत्र सौंपे। जिसमे 68 पट्टेदारों को कुल 54 हेक्टेयर के 80 तालाबों का आवंटन किया गया है। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालकों से मत्स्यपालन की जानकारी ली, मत्स्य कहा बेचते हैं, पहली बार आवंटन हुआ है, अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर उन्होने कहा कि ईमानदारी से मेहनत करें आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ हो सकेगी।

90 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र 16 से

सीतापुर। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मधुमक्खियाँ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किसानों के दैनिक जीवन से लेकर उनकी आर्थिक आय बढ़ोत्तरी में सहायक है। मधुमक्खियों से शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों में पर-परागण से पौधों की जीवितता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है तथा पर्यावरण संतुलन में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। किसानों की आय में वृद्धि के लिए, कृषि के साथ-साथ अन्य ऐसे अनुपूरक व्यवसाय अपनाये जाने की आवश्यकता है। जिसमें कम भूमि एवं कम पूंजी की जरूरत हो। मधुमक्खी पालन को अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में अपनाकर कम पूंजी व कम समय में अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैज्ञानिक ढंग से मौनपालन किये जाने हेतु औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, व बस्ती, एवं अधीक्षक, राजकीय उद्यान प्रयागराज 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक तीन माह (90 दिवसीय) के प्रशिक्षण सत्र का आरम्भ हो रहा है। यह प्रशिक्षण विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जायेगा, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ठहरने एवं खाने आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस प्रशिक्षण में पुरुष एवं महिलाएं सभी वर्ग के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं, इसके लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को अपने निकटतम सुविधा अनुसार संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर, संयुक्त निदेशक, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती एवं अधीक्षक, राजकीय उद्यान, प्रयागराज से सम्पर्क कर निर्धारित रूप-पत्र पर 16 सितम्बर तक आवेदन कर मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित मामले जल्द निपटायें

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों को तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 53 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील बिसवां में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील सदर में प्राप्त 08 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 18 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 62 प्रार्थना-पत्रों में से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें शीघ्र हल करें

जिला संवाददाता(vol)

महोली/सीतापुर। जनता की शिकायत एवं समस्याओं को गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी व अपर जिला अधिकारी नीतेश कुमार सिंह ने आई हुई समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी के पास निस्तारण हेतु भेजा। समाधान दिवस में कल 18 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 का निस्तारण मौके पर किया गया।

अपर जिलाधिकारी नीतेश कुमार सिंह ने कहा कि शिकायतों को समयाअंतर्गत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। समस्याओं का निस्तारण न्याय संगत होना चाहिए। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरण में तेजी से निस्तारण किया जाए जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके।

- विधायक व एडीएम ने सुनी समस्याएं
- समाधान दिवस में कुल 18 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें 4 का मौके पर किया निस्तारण

आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाए। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट आदेश हैं कि फरियादियों की समस्याओं का मौके पर जाकर समाधान करें। किसी भी फरियादी को जिला या लखनऊ की भाग दौड़ न लगानी पड़े। इस दौरान उप जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कुमार चैबे, तहसीलदार अंकुर यादव, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह, शिव प्रकाश, पूर्ति निरीक्षक कविता वर्मा, बीडीओ महोली प्रशांत शुक्ला, पिसावां अमित यादव सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पदाधिकारियों का किया सम्मान

सीतापुर। भाजपा नगर मंडल मिश्रिख नैमिषारण्य के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह सोमवार को मोहल्ला थोक निवासी मंडल महामंत्री संदीप राजवंशी के आवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सीमा भार्गव और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव ने सभी पदाधिकारियों का फूल-माला और अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत सीमा भार्गव ने साई मंदिर में पूजन-अर्चन कर की। उन्होंने कहा कि यह जीत कार्यकताओं की जीत है और नगर की जनता ने जिस विश्वास के साथ मौका दिया है, नगर के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। जल्द ही नगर में विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेश पांडेय ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जहां कार्यकर्ता की मेहनत से ही वह ऊँचे पदों तक पहुँच सकता है। पार्टी का मुख्य लक्ष्य सदैव राष्ट्र सेवा रहा है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ता देश को प्रथम, पार्टी को द्वितीय और स्वयं को तीसरे स्थान पर रखकर कार्य करते हैं। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री शुभम दीक्षित, उपाध्यक्ष आलोक सिंह, पियूष बिहारी मिश्रा, सोनू सागर, हरिकेष गुप्ता, रवि भोजवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के उपयोग जागरूकता अभियान के अंतर्गत सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन नेहरू हाल जिला पंचायत सभागार सीतापुर में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला जिलाध्यक्ष भाजपा रहे। साथ विश्राम सागर राठौर संचालक पीसीएफ उत्तर प्रदेश, रोहित सिंह अध्यक्ष डीसीडीएफ, विष्णु कुमार मौर्या सभापति जिला सहकारी बैंक सीतापुर, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता सीतापुर नवीन चंद्र शुक्ला सीईओ जिला सहकारी बैंक सुनील कुमार त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत इफको क्षेत्र अधिकारी सचिन प्रताप सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर शुरूआत की। साथ इफको कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और इफको नैनो उर्वरक सागरिका, जैव उर्वरक, नैनो डी0ए0पी0, नैनो जिंक आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सभी से आग्रह किया कि किसानों भाई नैनो उर्वरकों का प्रयोग अपने खेती में करें, उप महाप्रबंधक इफको सीतापुर द्वारा सभी को जैविक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही किसानों नैनो डी0ए0पी0 का प्रयोग अपने बीज उपचार 5 उस पर किग्रा0 बीज में मिलाकर बुआई करें और उसके बाद 35 से 40 दिन बाद उस फसल पर स्प्रे करे तो डी0ए0पी0 की आधी मात्रा को कम कर सकते हैं और उत्पादन भी बढ़ा सकते हैं।

सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता द्वारा सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि नैनो उर्वरक का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किसानों के बीच किया जाये। इसकी बिक्री किसानों के बीच किया जाये। पीसीएफ संचालक विश्राम सागर राठौर सभी समितियों के समस्त उपस्थित सचिवों को नैनो उर्वरकों का बिस्वाश किसानों के बीच और बढ़ाया जाये। ड्रोन के माध्यम से नैनो का छिड़काव किसानों के खेत मे हो और रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम हो। मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला द्वारा सहकारिता मूल उद्देश्य समझया और साथ ही इफको नैनो उर्वरक के प्रचार प्रसार और तीव्र गति से बढ़ाये और किसानों को उर्वरक की समस्याओं को निजात पाने में मदद मिलेगी। नैनो ड्रोन दीदी योजना से किसानों को लाभ हुआ है। इस मौके पर सभी ए0डी0सी0ओ0, बी पैक्स अध्यक्ष, सचिव सहित 200 सम्मानित लोग मौजूद रहे।

ग्रामीण परेशान , जर्जर कुएं से करते हैं पानी का इंतजाम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। विकासखंड सकरन की एक ऐसी ग्राम पंचायत सरैया कला के मजरा सुल्तानपुर में 1945 में बना एक कुआं है। इस कुएं पर दस से अधिक परिवार निर्भर है। सुबह से ही महिलाएं पुरुष और बच्चे बाल्टी रस्सी लेकर कुएं पर पहुंच जाते हैं। वे इस पानी का उपयोग पीने कपड़े धोने नहाने और पशुओं के लिए करते हैं। ग्रामीण सोबरन लाल कहते हैं की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से वे घरों में नल नहीं लगवा पा रहे हैं। ग्रामीण पैकरमा के अनुसार कुआं जर्जर हो चुका है।

कुंए की दीवारों का प्लास्टर गिर गया है कम ऊंचाई होने के कारण बच्चों के गिरने का खतरा बना रहता है। मंगरे लाल बताते हैं कि जल जीवन मिशन के तहत हर ग्राम पंचायत में पानी की टंकी लगाई गई है लेकिन उनके गांव में ना पाइप कनेक्शन किया गया है ना ही पानी की टंकी लगी है। किरण देवी के मुताबिक हिंदू विवाह में इस कुएं की पूजा होती है। कुए के आसपास गंदगी और जल निकासी की समस्या से पड़ोसी परेशान है। ग्रामीण प्रमोद रामनाथ कल्लो और रामसागर ने कुएं के जीरणोद्वार की मांग की है। लेकिन यहां सवाल इस बात का है ग्राम पंचायत में कितने प्रधान बने और कितने चले गए और कितने ग्राम विकास अधिकारी आए और तबादला हुआ और चले गये। लेकिन किसी ग्राम प्रधान किसी भी ग्राम विकास अधिकारी की नजर इस कुएं पर नहीं पड़ी किसी ग्राम प्रधान किसी ग्राम विकास अधिकारी ने यहां पर सरकारी हैण्ड पम्प लगाना उचित नहीं समझा और न हीं कुएं की मरम्मत करवा कर ऊंची करण करवाना उचित नहीं समझा। जबकि छोटे-छोटे बच्चे इसी कुएं से पानी निकाल करके पीते हैं क्या ग्राम प्रधान ग्राम विकास अधिकारी किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। अब देखना यह है कि ब्लॉक पर बैठे उच्च अधिकारी इस प्रकरण पर संज्ञान लेकर ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलवाते हैं या मामले को लीपापोती करके यूं ही ठडे बस्ते में डाल देते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

हमें बच्चों से उतना ही प्रेम का व्यवहार करना चाहिए जैसा की प्यारे नबी बच्चों से प्रेम करते थे

तंबौर/सीतापुर। जमात-ऐ-इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश की जानीब से नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम सीरत परिचय के अंतर्गत एक दिवसीय सीरत परिचय मुहिम चलाई जा रही है इस संबंध में महिलाओं को सिरत ऐ नबी से रूबरू कराने के लिए एक जलसे का आयोजन मोहल्ला शीर्ष टोला स्थिति

मास्टर तिलमिज साहब के आवास पर किया गयास कार्यक्रम का संचालन जमात की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती शाहिद आफरीन साहिबा ने की उन्होंने प्यारे नबी की सीरत पर बयान करते हुए कहा कि हमें बच्चों से उतना ही प्रेम का व्यवहार करना चाहिए जैसा की प्यारे नबी बच्चों से प्रेम करते थे उन्होंने प्यारे नबी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला दूसरी वक्ता शाहिदा परवीन ने महिलाओं से प्यारे नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताए हुए रास्ते पर आजीवन चलने का संकल्प लिया श्रीमती आलिया खातून ने कहा की अगर हमें दुनिया व आखिरत की भलाई चाहिए तो हमें प्यारे नबी की सीरत को जानना और उसे सबक लेना अति आवश्यक है। दरसे से कुरान जामिया जिकरा की छात्रा उम्मे कुलसुम ने प्रस्तुत किया श्रीमती आसमा बानो ने सभी आगंतुक महिलाओं को धन्यवाद दिया कार्यक्रम में श्रीमती खातून, आलिया, आसिफा, नफीस, मेहरुन्निसा, रिजवाना, जेबा, सहित करीब सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया।

श्री सार्वजनिक रामलीला कमेटी की बैठक संपन्न

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के कस्बा ऊगू मे शारदीय नवरात्र पंचमी से प्रति वर्ष की भांति श्री सार्वजनिक रामलीला के आयोजन को लेकर पहली बैठक आहुत की गई। जिसमें कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। शारदीय नवरात्र मे होने वाली रामलीला की तैयारी पर विचार विर्मश हुआ। इस मौके पर कमेटी के सभी सदस्य व महामंत्री अवधेश दीक्षित पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज दीक्षित, आदर्श दीक्षित सूर्य प्रकाश पांडेय, प्रकाश चंद्र दीक्षित, कृष्ण कुमार द्विवेदी, सुनील शास्त्री, रमाशंकर तिवारी, हर्ष शुक्ला, विवेक दीक्षित, अजय द्विवेदी, रामू आचार्य, संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

परिवारवाद को बढ़ावा देते है क्षेत्रीय दलः अपर्णा यादव

असोहा, उन्नाव। सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पर कुटीवीर बाबा सेवा संस्थान के तहत आयोजित पौध वितरण व सेवा निवृत्त अध्यापकों के सम्मान समारोह मे राज्य महिला आयोग की प्रदेश उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शामिल हुई।

अपर्णा यादव ने कहा 2021 मे जब प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया था जिसके बाद से लगातार पौधे लगाये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार भी लगातार पौधरोपण करा रही है। 2025 मे प्रदेश सरकार ने 36 करोड़ पौधरोपण कराया। अपर्णा यादव ने कहा भाजपा सरकार मे महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है। दिल्ली की सीएम महिला है और अन्य प्रदेशों मे भी अब महिलाओ को मौका मिलेगा। भाजपा नेता संजय शुक्ल के आवास पर वार्ता के दौरान अपर्णा यादव ने कहा भाजपा जाति धर्म देखती तो केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री यादव नहीं होते। उन्होंने कहा विपक्षी पार्टिया परिवाद कर रही है। उन्हीं के घर के ही अध्यक्ष और सीएम बनते है। राज्य मे महिलाओ पर अत्याचार कम हुए है। अब रात मे महिलायें निकलने मे डरती नहीं है। उन्होने उपस्थित लोगो से संस्कृत भाषा को जरूर पढ़ने की बात कहीं। आयोजक संजय शुक्ला ने अपर्णा यादव को अंगवस्त्र भेंट कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीपीओ अजय कुमार, निशा सागर, आंचल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद, सरोज सिंह, मनोज निगम, वाणीकांत, रोहित अवस्थी, राजेन्द्र पाल, रविशंकर शुक्ल, आनन्द मोहन शुक्ल, सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नेत्र शिविर में मरीजों ने करायी जांच

सफीपुर, उन्नाव। विधायक कार्यालय पर लगने वाले परंपरागत नेत्र शिविर में आधा सैकड़ा मरीजों ने जांच कराई। जिसमें बीस मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए भेजा गया। भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर द्वारा सफीपुर में आयोजित नेत्र शिविर में पंहुचे चार दर्जन से अधिक नेत्र रोगियों का शंकरा आई हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सको द्वारा परीक्षण कर बीस

मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया जिनका विधायक के सौजन्य से न केवल निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा वरन आने जाने एवम मुफ्त चश्मे की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। शिविर को सफल बनाने में बेनी माधव दिवाकर, आशीष कनौजिया, राम सजीवन विमल, पुष्पेंद्र आदि ने महत्ती भूमिका निभाई। स्वयं विधायक दिवाकर ने आए हुए मरीजों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना उल्लेखनीय है सर्व सुलभ, विकास परक सोच एवम मृदु भाषी मिलनसार सरल स्वभाव के व्यक्तित्व वाले भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर ने अपने सामाजिक जीवन की शुरूआत नेत्र शिविर के माध्यम से हजारों हजार लोगो को नेत्र ज्योति प्रदान करके करते हुए लगातार दूसरी बार विधान सभा में प्रतिनिधित्व कर रहे है। क्षेत्रीय लोगों ने विधायक की भूरि भूरि प्रशंसा की।

हवन-पूजन के साथ गणेश महोत्सव संपन्न

उन्नाव। स्थानीय सिंगरोसी में माँ शीतला माता कमेटी द्वारा 12 वाँ गणेश महोत्सव संपन्न हुआ। जिसमें आचार्य अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा पूजा पाठ करके विधि विधान से 11 वें दिन विसर्जन की तैयारी पूरी की। पूजा पाठ हवन करके नम आँखो से बप्पा की विदाई दी। जिसमें सभी भक्त ढोल नगाड़ों के साथ झूमते गाते गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए प्रसाद बांटते हुए नजर आए खुशी का माहौल रहा। जिसमें मुख्य रूप में सत्यम मिश्रा, उर्फ निशु अतुल पांडे, जितेंद्र कुशवाहा, अभय कुशवाहा उर्फ गोलू, लकी कुशवाहा, तन्मय, अर्पित रौनक उपस्थित रहे।

25 अभिभावकों से नयी पाठशाला की शुरुआत

उन्नाव। विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर मानव अधिकार, सशक्तिकरण एवं सीखने के को बढ़ावा देने के लिए शिक्षक प्रदीप वर्मा ने आज औरास में 25 अभिभावकों को लेकर नई पाठशाला की शुरूआत की। सभी को बुनियादी अधिकार, पढ़ने- लिखने और अंकगणित कौशल देने के अवसर को लेकर प्रदीप वर्मा ने कहा कि वैश्विक साक्षरता दर में सुधार के बावजूद गांवों में अभी भी पढ़ने और लिखने के कौशल का अभाव है।

साक्षरता बुनियादी अधिकार के साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक विकास, लैंगिक समानता और लोकतांत्रिक भागीदारी का प्रेरक है। औरास के रामपुर गढ़ौवा गांव में इकठ्ठा किए आंकड़ों को लेकर शिक्षक ने कहा कि ज्यादातर वयस्क (जिनमें से दो-तिहाई महिलाएँ हैं) निरक्षर हैं, और कई बच्चे आवश्यक साक्षरता कौशल हासिल किए बिना ही स्कूल की पढ़ाई पूरी कर ले रहे हैं। यूनेस्को द्वारा आईएलडी 2025 की थीम बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देनारू पारस्परिक समझ और शांति के लिए साक्षरता से प्रेरित होकर शिक्षक ने इस पाठशाला की शुरूआत की और बताया कि बहुभाषी शिक्षा समावेशिता को बढ़ावा देकर विविध समुदायों के बीच संवाद की कमियों को पाटने में मदद करेगी, जिससे समझ और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा। यह हाशिए पर पड़े समूहों को अपनी मातृभाषाओं में सीखने का अधिकार भी प्रदान करेगी, जिससे उनकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच बेहतर होगी। अभिभावकों से बातचीत के दौरान शिक्षक ने बताया कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने की क्षमता से कहीं अधिक है; यह स्वतंत्र विचार, निर्णय लेने, मानवाधिकारों, अधिक स्वतंत्रताओं, सामाजिक जुड़ाव, व्यक्तिगत विकास और वैश्विक नागरिकता का प्रवेश द्वार है। साक्षर होने से व्यक्ति अपने अधिकारों का दावा कर सकता है, समाज में सार्थक रूप से भाग ले सकता है, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना एवं शांतिपूर्ण विश्व में योगदान दे सकता है। पहले दिन की कार्यशाला में पढ़ लिख कर साक्षर बनने से व्यापक ज्ञान, कौशल, मूल्य, दृष्टिकोण, समानता और गैर-भेदभाव, कानून के शासन, एकजुटता, न्याय, विविधता और सहिष्णुता के सम्मान पर आधारित स्थायी शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। कागज पर पढ़ने और लिखने के अलावा, डिजिटल युग में साक्षरता, लोगों को डिजिटल सामग्री तक सुरक्षित और उचित तरीके से पहुँचने, समझने, मूल्यांकन करने, निर्माण करने, संवाद करने और उससे जुड़ने में सक्षम बनाएगी।

नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत 53 बाइक सवारों का काटा चालान

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत परिवहन विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में, सोमवार को सीतापुर की लहरपुर तहसील में भी यह अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने किया। यह अभियान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करना है। एआरटीओ सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि लहरपुर में चलाए गए इस अभियान के दौरान 53 बाइक सवारों का चालान किया गया। जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। उन्होंने कहा कि हेलमेट के बिना बाइक चलाना सीधे तौर पर दुर्घटनाओं को न्योता देना है और यह जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से अब तक सीतापुर में 2280 से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा चुका है। अभियान का लक्ष्य न केवल नियमों का पालन करवाना है, बल्कि लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना भी है। उन्होंने पेट्रोल पंप कर्मियों को भी यातायात नियम की जानकारी देते हुए इसे पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान पीटीओ एम.ए. अहमद भी टीम में शामिल रहे। यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर केंद्रित है। नो हेलमेट, नो फ्यूल का सख्त नियम लागू होने से पेट्रोल पंपों पर भी बिना हेलमेट वाले चालकों को ईंधन नहीं दिया जा रहा है। परिवहन विभाग का मानना है कि इस तरह के सख्त कदम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने में मददगार है।

गरीबों को बकाया धनराशि उपलब्ध करायी

उन्नाव, (वीओएल)। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनीष निगम के द्वारा प्री-लिटीगेशन वाद अतुल बनाम सचिन बकाया मजदूरी नहीं देने पर सुलह-समझौते के आधार पर बकाया मजदूरी दिलाने को प्री-लिटीगेशन वाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव में दायर किया गया था। उक्त प्रकरण में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा ठेकेदार से सभी श्रमिकों को उनकी बकाया मजदूरी दिलाई गई जिससे श्रमिकों के चेहरे खुशी से खिल गये। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, के निदेर्शों के अनुपालन में आगामी 13 सितम्बर को सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव वाणी रंजन अग्रवाल के निदेर्शानुसार रामायण शर्मा अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत द्वारा जनपद न्यायालय परिसर, से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

आकाशीय बिजली गिरने से मवेशी की मौत

पुरवा, उन्नाव। ब्लाक के भदनाग गांव में आकाशीय बिजली गिरने से पालतू मवेशी की मौत हो गई वही मौके पर मौजूद अन्य लोग छप्पर के नीचे चले गए जिससे अनहोनी टल गई। पुरवा ब्लाक के भदनाग गांव के सगरा मोहल्ला में राजू पुत्र जियालाल का घर बन रहा था। जहां पर उसकी पुत्री आरती और भाई रामू थे घर के बगल में नीम के पेड़ के नीचे गांव के ही रमेश पुत्र स्वर्गीय नंदी की भैंस बंधी थी। तभी अचानक तेज आवाज के साथ भैंस के ऊपर आकाशीय बिजली गिर पड़ी। जिससे भैंस जमीन में गिर गई। राजू, आरती और रामू ने बताया की वे लोग वही पेड़ के पास ही मौजूद थे पानी से बचने के लिए बगल में छप्पर के नीचे जैसे ही पहुंचे वैसे ही भैंस के ऊपर बिजली गिर पड़ी जिससे मौके पर ही भैंस की दर्दनाक मौत हो गई।

संक्षेप

व्यापारी के अपहरण का प्रयास

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र में दिन-दहाड़े व्यापारी के अपहरण का प्रयास किया गया है। घटना को अंजाम देने के लिए दो बाइक सवार बदमाश बताये जा रहे है। तमंचे की नोंक पर किये जा रहे अपहरण को व्यापारी ने बाइक से कूद कर असफल कर दिया। दिन- दहाड़े घटी इस घटना के बाद कस्बा नाराहट के व्यापारियों व आमजन में काफी आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने आमजन के साथ थाना नाराहट पहुंच कर थाने का घेराव किया और घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को शीघ्र पकड़े की मांग उठायी है। घटना सुबह करीब 11.50 बजे की है। 60 वर्षीय व्यापारी लक्ष्मीनारायण गुप्ता अपने घर से मेन मार्केट स्थित दुकान जा रहे थे। रास्ते में दो युवक मिले। उन्होंने दुकान पर सामान खरीदने की बात कही। व्यापारी को बाइक पर बिठाकर पहले कस्बे की ओर ले गए। बदमाशों को गांव से बाहर जाने का रास्ता नहीं मिला। फिर वे बाइक को हाईवे की तरफ मोड़ ले गए। व्यापारी को शक हुआ तो वे चिल्लाने लगे। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। व्यापारी ने चलती बाइक से छलांग लगा दी। बदमाश मौके से फरार हो गए। चलती बाइक से कूदने के कारण व्यापारी के हाथ-पैर में चोटें आईं। पुलिस ने उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। घटना बाजार के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस को ज्ञापन देकर बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस ने पकड़े 5 जुआरी, भेजा अदालत

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते सोमवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने जुआं खेल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात पुलिस को जानकारी मिली थी कि चहितारा गांव में कुछ लोग कई दिनों से जुआं खेल रहे हैं।

इसके बाद उप निरीक्षक अशोक कुमार, कृष्ण कुमार तिवारी, कांस्टेबल अंकेश कुमार, अरविंद कुमार और राहुल कुमार ने जुआरियों की घेराबंदी कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को फड़ से 4 हजार 500 रुपये, जामा तलाशी में 700 रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए।

गिरफ्तार आरोपियों में मुस्ताक पुत्र मोहम्मद रसूल, अन्नू शुक्ला पुत्र उमाशंकर, ओम प्रकाश पाण्डेय पुत्र रामनारायण, कोदूराम गुप्ता पुत्र कल्लन व रज्जु सोनी पुत्र रामआसरे हैं। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

जल शक्ति राज्यमंत्री ने 27 कनिष्ठ सहायकों को बांटे नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

बांदा। प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू एवं जिलाधिकारी जे0 रीभा ने जिले के चयनित 27 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्त पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र वितरण में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ सहायकों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया का माहौल बदला है और अब निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से विभिन्न विभागों में भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि गत 8 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों विभागों में लगभग 8.5 लाख सरकारी नौकरी में भर्ती निष्पक्ष रूप से की गई है। इसी के तहत नवनियुक्त कनिष्ठ सहायकों को नियुक्त पत्रों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ सहायक अपने नए दायित्वों की जिम्मेदारी जो उन्हें मिली है स्वास्थ्य व्यवस्था को निष्पक्ष रूप से बेहतर बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश स्वस्थ होगा तो देश विकसित राष्ट्र बन सकेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बिजेंद्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर एन प्रसाद, अजय कुमार व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

मछली निकालने के लिए गांव का तालाब खाली कर रहा ठेकेदार

ललितपुर। तहसील मड़ावरा अंतर्गत ग्राम धौरीसागर में रहने वाले ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में ग्रामीणों ने गांव के तालाब से निकल रहे पानी को रोके जाने की मांग उठायी है। बताया कि गांव में पानी के साधन के लिए एकमात्र साधन है। इस तालाब पर मछली का ठेकेदार मजदूरों की मजदूरी बचाने के लिए तालाब से पानी निकाल रहा है। यदि तालाब का पानी पूरा निकल जाता है तो किसानों को खेती में भारी नुकसान होगा। इस कारण यहां के किसानों को बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। बताया कि बीती 29 अगस्त 2025 को जब ठेकेदार तालाब से पानी निकाल रहा था, तो ग्रामीणों ने रोका तो ठेकेदार ने मछली निकालने के लिए तालाब का पानी समाप्त करने की बात कही। आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण परेशान है। ठेकेदार की शिकायत करने पर अब ठेकेदार लगातार शिकायत वापस लेने के लिए धमका रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय भूपत, शेरसिंह, हाकम सहरिया, हीरालाल, श्यामबाबू, नन्दकिशोर, भूपत, सौतल, थानसिंह, लखन, मलया अहिरवार, रामचरन, साहब सिंह आदि है।

पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ सम्मेलन में रालोद कार्यालय पर चलाया सदस्यता अभियान

बिजनौर। रालोद के जिला कार्यालय पर पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सक्रिय सदस्य अभियान संपन्न हुआ। सम्मेलन में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में तथा सामाजिक न्याय मंच की प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। सम्मेलन के संयोजक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष लवकुश कुमार फौजी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत गंगा बैराज पर गाड़ियों के काफिले के साथ किया कार्यालय पर पूर्व विधायक सुखबीर सिंह की अध्यक्षता एवं संजीव चौधरी के संचालन में सम्मेलन संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर ने इस मौके पर बीते दिन पूर्व सैनिकों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई तथा पूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि देश का जवान और किसान एक साथ मिलकर रालोद को मजबूत करने का काम करें। रालोद किसान जवानों की लड़ाई को हमेशा लड़ता रहा है। रालोद प्रमुख माननीय जयंत चौधरी हमेशा ही किसानो और जवानों की बात को आगे बढ़ाते हैं। सम्मेलन संयोजक और पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लवकुश कुमार फौजी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में पार्टी का सदस्यता अभियान तेजी के साथ चलाया जाएगा। ब्रजवीर सिंह आर्य ने कर्नल साहब के सम्मान में अभिनंदन गीत प्रस्तुत किया। सम्मेलन में सामाजिक न्याय मंच की प्रदेश अध्यक्ष संगीता दोहरे, रालोद के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नरेंद्र आचार्य, प्रदेश महासचिव अशोक चैध री, ब्रजवीर सिंह, महावीर सिंह, आशु राणा, प्रमोद कुमार फौजी, यशपाल सिंह, अरविंद लांबा, चंद्रभान सिंह, सरदार बुद्ध सिंह, सत्येंद्र सिंह, निपेंद्र सिंह, मास्टर विजयपाल सिंह, हनी तोमर, धर्मपाल सिंह, महाशय पूरन सिंह, काजी तारिक अली, रेणुका चैधरी, इमरान कुरेशी, हरवीर सिंह, ज्ञानेंद्र चिकारा, अनुराग मलिक, सुरेश राणा, छत्रपाल सिंह, प्रीतम सिंह, गोपाल शरण, फुरकान अहमद, विपिन कुमार, खिलेंद्र सिंह, संजीव कुमार, योगेंद्र कुमार, बॉबी चौधरी, अनुज कुमार आदि पदाधिकार एंव भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्रॉप सर्वे से मुक्त करने को पंचायत मित्रों ने दिया ज्ञापन

बांदा। ग्राम रोजगार सेवक संघ ने कृषि विभाग के तहत होने वाले फसल क्रॉप सर्वे से कार्य मुक्त कराए जाने और अन्य समस्याओं को लेकर सोमवार को विकास भवन से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्राम रोजगार सेवक संघ का कहना है कि ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा योजना से जुड़े कार्मिक हैं जिनका हेल्थ इंश्योरेंस भी नही है और न ही उच्च गुणवत्ता के एंड्रॉयड फोन भी उनके पास हैं। घर परिवार के मोबाइल से किसी तरह एनएमएमएस से हाजरी और जियो टैग का कार्य किया जा रहा है। फसल क्रॉप सर्वे न तो हमारे विभाग से संबंधित है और न ही वह इस कार्य में दक्ष हैं। जबकि यह कार्य मुख्य रूप से कृषि एवं राजस्व विभाग से संबंधित है। इस सर्वे कार्य में अनेकों तरह की तकनीकी जटिलताएं भी हैं। इस वजह से इसे मूल विभाग के लेखपालों से न कराकर इसमें आने वाली समस्याओं से अध्यक्ष राजस्व परिषद को पत्र संख्या महायांत्री 186 दिनांक 15 जनवरी 2025 से अवगत कराते हुए सर्वे के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर कराने की मांग की गयी है। समस्याओं को देखते हुए रोजगार सेवकों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि सर्वे कार्य से ग्राम रोजगार सेवकों को कार्य मुक्त कर प्राइवेट सर्वेयरों से कार्य कराया जाए। संघ का यह भी कहना है कि खेतों में चारों तरफ पानी, बड़ी घास, जहरीले सर्प के काटने से रोजगार सेवक की मृत्यु होने पर परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी का सक्षम स्तर से पत्र जारी कराया जाए। अन्य मांगों में श्रमिकों का समय से भुगतान न होने पर अनैतिक दबाव बनाया जाता है जिससे योजना में इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष रामकिशोर साहू, महामंत्री रामलखन तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी आलोक द्विवेदी व सैकड़ों की संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

यौन शोषण से बचाव को कानूनी जागरूकता शिविर

बांदा। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह प्रथम के निर्देश पर जिला प्रोबेशन के सहयोग से सोमवार को ह्यमहिलाओं की सुरक्षा व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर होने वाले यौन शोषण से बचाव तथा मध्यस्थताह्र के बारे में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सदर तहसील में आयोजित शिविर में श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिलाओं को प्राप्त मुफ्त कानूनी सहायता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव, देश की प्रत्येक महिला को सुरक्षा की भावना प्रदान करना, पुरुषों के समान पारिश्रमिक का लाभ आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, पीछा करना, यौन शोषण, लिंग के आधार पर परेशान करना, यौन उत्पीड़न और इनमें सबसे भयावह अपराध बलात्कार जैसे अत्याचारों का शिकार होना पड़ता है। ऐसे उत्पीड़न का शिकार असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाएं, घरेलू काम करने वालीं, निजी या सरकारी संगठनों में कार्य करने वाली महिलाएं होती है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को ऐसी किसी प्रकार की समस्या होने पर वह अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आकर अथवा डाक के माध्यम से भी दे सकती हैं। जिस पर उन्हे मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जायेगी। विकास पाण्डेय तहसीलदार सदर ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आत्मचिंतन एवं स्वनिर्णय की शक्ति होना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होने बताया कि महिलाओं को उन नकारात्मक स्थितियों से बचना चाहिए जो उनके सशक्त होने में बाधक है। कामिनी सिंह जेण्डर विशेषज्ञ, जिला प्रोबेशन कार्यालय ने बताया कि यदि किसी महिला के साथ कोई व्यभिचार, अश्लील ढंग से उनके कार्यस्थल अथवा घर पर किसी बाहरी अथवा घर के सदस्य द्वारा ऐसा व्यवहार किया जाता है में लेकर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। सबीना मुमताज, वनांगना संगठन ने भी संबोधित किया।

चोरीऔर ड्रोन उड़ने की अफवाहों पर भयभीत न हों लोग: एसपी

बांदा। पुलिस अधीक्षक ने जिले के लोगों से अपील की है कि चोरी और ड्रोन उड़ने जैसी अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने थाना गिरवां क्षेत्र के विंध्यवासिनी मंदिर के आस-पास के गांवों में ड्रोन के जरिए जागरूकता अभियान चलाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने गांव में पहुंचकर लोगों विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं को यह बताया कि ड्रोन देखकर घबराने की कोई जरूरत नही है। पुलिस ड्रोन से भी सभी क्षेत्रों की निगरानी कर रही है। ड्रोन, पीआरवी, स्थानीय पुलिस, मुखबिर सभी क्षेत्रों में पैनी निगाह बनाए हुए हैं और किसी भी गतिविधि से निपटने के लिए पुलिस हमेशा तैयार है। कुछ असमाजिक तत्व ड्रोन उड़ने व चोरी के बारे में अफवाहें फैला रहे हैं। इसी के चलते ग्रामीणों में भय और भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि की जानकारी होने पर सबसे पहले सच्चाई की जानकारी कर लें उसके बाद ही पुलिस को जानकारी दें। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की है कि कानून अपने हांथ में न लें क्योंकि अफवाहों के आधार पर किसी निर्दोष से मारपीट करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। लोग तत्काल नजदीकी थाने व आपातकालीन नंबर 112 पर तत्काल सूचना दें।

थाईलैंड में लहरायेगी बिजनौर की बेटी पायल सिद्धू 24 अक्टूबर को तिरंगा

बिजनौर। बाल ज्ञान निकेतन इण्टर कॉलेज बास्टा की प्रतिभाशाली छात्रा पायल सिद्धू का भारतीय नौकायन (ड्रैगन बोट) टीम में चयन होते ही न सिर्फ विद्यालय, बल्कि पूरे जिले में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि ग्राम मंडैया निवासी पायल की खेल-यात्रा कबड्डी से शुरू हुई। विद्यालय की कबड्डी अकादमी में कोच शुभम तोमर और मनित ढाका की देखरेख में उन्होंने प्रतिभा के नए आयाम छुए। शुभम तोमर ने उनकी क्षमता को पहचानते हुए उन्हें भोपाल की साई एकेडमी में दाखिला दिलवाया, जहाँ कोच ने उनकी फिटनेस और दृढ़ इच्छाशक्ति दखकर उन्हें नाकायन का राह पर मोड़ा। मेहनत का परिणाम रहा कि पायल ने राष्ट्रीय स्तर पर पाँच स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार, विद्यालय और जिले का मान बढ़ाया। आगामी 12 सितम्बर को भोपाल के लोअर लेक में होने वाली इंडिया कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन (आइकेसीए) सीनियर नेशनल ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन से प्रभावित होकर उनका चयन भारतीय टीम में किया गया। पायल सिद्धू अब 20 से 24 अक्टूबर 2025 को थाईलैंड के पटाया डरयांग में होने वाली एशियाई ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह वही मंच है, जहाँ एशिया की दिग्गज टीमें जल की लहरों पर अपनी ताकत और तालमेल का जौहर दिखाती हैं। विद्यालय के पीटीआई मोहित चौधरी ने बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 14 सितम्बर से चंडीगढ़ में शुरू होगा।

छिल्ला गांव में अवैध ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हुए मकान व पुराने कुएं

जिला संवाददाता

ललितपुर। कस्बा बानपुर के ग्राम छिल्ला में क्रेशर संचालक द्वारा डी होल कर नियम विरुद्ध तरीके से अवैध ब्लास्टिंग करने का आरोप लगाया जा रहा है। यह मामला पहली बार नहीं, वरन इसके पहले भी ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कार्यवाही न होने के कारण ग्राम छिल्ला में त्रिदेव स्टोन क्रेशर संचालित है, जो कि पास में लगे मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ निवासी एक प्रभावशाली व्यक्ति का है। आरोप है कि क्रेशर संचालक द्वारा उच्च स्तर की ब्लास्टिंग, डी-होल (विगेन्डर) से होने वाले कम्पन्न से गांव के कई मकान व कुएं क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और गम्भीर बीमारियां गांव में पनप रहीं हैं। इसके अलावा धूल से आसपास का मिलीभगत से उच्च स्तर की ब्लास्टिंग (बगैर लाइसेंस के) करके ग्राम सभा की जमीन पर खनन प्रक्रिया जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्बन्ध में पहले भी जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कार्यवाही न होने से क्रेशर संचालक बेखौफ हो गया है। अब तक न तो ग्राम सभा की जमीन पर खनन प्रक्रिया बंद हुयी और न ही उड़ती धूल पर नियंत्रण किया गया और न ही ग्राम सभा की जमीन को सुरक्षित किया गया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाकर क्रेशर संचालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुये अवैध खनन व ब्लास्टिंग को तत्काल बंद कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय ग्राम पंचायत सदस्य गोविन्द,

- क्रेशर संचालक के खिलाफ कार्यवाही न होने से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानियां
- मनमाने समय एवं मनमानी जगहों पर ब्लास्टिंग करने का आरोप
- ग्रामीणों ने लामबंद होकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, उठायी उच्च स्तरीय जांच की मांग

क्रेशर संचालक द्वारा अब किसी भी समय किसी भी जगह ब्लास्टिंग की जा रही है, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस सम्बन्ध में ग्रामीणों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री से प्रकरण की जांच करायी जाकर अनियमित तरीके से की जा रही अवैध ब्लास्टिंग को बंद कराये जाने की गुहार लगायी है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने अवगत कराया कि वातावरण भी काफी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाया कि अवैध ब्लास्टिंग के चलते कई खेत बंजर तक हो चले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि क्रेशर संचालक द्वारा ग्राम सभा की आराजी संख्या 216 रकवा 4 एकड़ 18 डिसमिल, जो कि वनीकरण के लिए आरक्षित की गयी थी, जिस पर क्रेशर संचालक द्वारा मलवा व पत्थर रखकर एवं खनिज कार्य करते हुये अनाधिकृत तरीके से कब्जा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज विभाग की तुलसीराम, देशराज, अनेक सिंह, बृजेन्द्र सिंह, रामकिशन, सतेन्द्र राजा, पुष्पेन्द्र, खेमचन्द्र, मंगूलाल, विजय सिंह, कैलाश नारायण, कल्यान सिंह, विजय, अशोक कुमार, अंगद सिंह, कप्तान, बारेलाल, जाहर सिंह, रिषी, रूपेश, संजय, सोनू, हरनाम, मुकेश कुमार, गोलू राजपूत, भजनसिंह, हरीसिंह, काशीराम, निहाल सिंह, प्रवेन्द्र, सुरेन्द्र सिंह, अंकित के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

कचनौंदा बांध भराव क्षेत्र के किसानों ने मांगी पुनर्स्थापना

ललितपुर। तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम भरौनी के किसानों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि उनकी जमीनों को कचनौंदा बांध के भराव क्षेत्र हेतु अधिग्रहीत किया गया था, लेकिन अभी तक पुर्नस्थापित कराये जाने की प्रक्रिया अमल में नहीं लायी गयी है। बताया कि जल भराव क्षेत्र के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन पुर्नस्थापना न होने के कारण अब ग्रामीणों के घरों में पानी भर रहा है, जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। घरों में पानी भरने के कारण कई प्रकार की समस्यायें ग्रामीणों के समक्ष हैं, जिनमें महिलाओं व बुजुर्गों को आने-जाने, खाने, उठने-बैठने में परेशानियां तो वहीं बच्चों को खेलने भी नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा जल भराव के कारण गंभीर बीमारियां भी पनप रहीं हैं। इस सम्बन्ध में सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को तमाम शिकायती पत्र दिये गये, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन अधिग्रहण करते समय लोगों को आश्वासन दिया गया था, कि उन्हें पुर्नस्थापना की जायेगी, लेकिन कार्यवाही नहीं होने से यहां के किसान परेशान हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच करायी जाकर किसानों को अधिग्रहण के बाद पुर्नस्थापना कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कोमल प्रसाद, सुनील, सुकई, मनुआ, सोबरन, रामबेटी, राकेश कुमार, रामचरन, जुजु, लीला, प्यारेलाल, लखनलाल, विक्रम, रोहित, रूप सिंह, सुरेन्द्र अंकित, मलखान, संदीप, रामजी, अरविन्द कुमार, श्रीपत, देवेन्द्र, मुन्नी, गुलाब, रामनारायण, रितिक श्रीवास, रामपाल, बलराम, मोहनलाल, भरत, चोखेलाल, महेन्द्र कुमार, देवीलाल, अमीरा, रामसिंह, वीरेन्द्र कुमार, रज्जू, कालू, हल्के, गोरेलाल, मनोहर, चतरे, विनोद कुमार, खिलन, सुजान, राजाभैया, नरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, रवीन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

जनपद को मिले 4 नये सहायक शोध अधिकारी

ललितपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ के माध्यम से चयनित नवनियुक्त कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारियों को राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, डीएम अक्षय त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किये। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि उ.प्र.अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ के माध्यम से जनपद को 04 नये सहायक शोध अधिकारी प्राप्त हुये है, जिससे स्वास्थ्य विभाग को डेटा की रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण के कार्य में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुछ जनपदों के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र स्वयं प्रदान करने के कार्यक्रम का वीडियो लिंक के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया।

यूपीएससी में चयनित स्वाति का हुआ सम्मान

ललितपुर। दिगम्बर जैन महासमिति चेलना इकाई (महिला) द्वारा श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नईबस्ती में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित स्वाती जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वाती जैन पुत्री स्व.अनिल बुखारिया ने यूपीएससी परीक्षा में 539 वीं रैंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया।

इस दौरान अध्यक्ष रश्मि जैन, मंत्री मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष मेघा सतभैया, संरक्षक मंजू जैन, संगीता, सिन्धु सिंघई, सरोज जैन, सुषमा बरया, मीना जैन, ममता जैन, ममता मौजूद रहीं।

बछड़े को कार चालक ने रौंदा, मौके पर मौत

ललितपुर। गाय के बछड़े पर कार चढ़ाकर भागे चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। मोहल्ला खिरकापुरा निवासी मनोज रैकवार पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि वह राष्ट्रीय बजरंग दल का कार्यकर्ता है। मनोज के अनुसार बीते रविवार को रात करीब 8 बजे मोहल्ला घुसयाना चुंगी के पास चार पहिया वाहन संख्या यू.पी. 94 ए.एच. 9909 तेज रफ्तार से आयी और चालक ने लापरवाही पूर्ण तरीके से कार चलाते हुये सड़क किनारे बैठे गाय के बछड़े को रौंद दिया, जिससे बछड़े की मौके पर ही मौत हो गयी।

मनोज के अनुसार मोहल्लेवासियों ने जब कार चालक को रोकने का प्रयास किया तो वह गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मौके पर लोगों ने डायल 112 के जरिए पुलिस को सूचना दी। मनोज की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 325, 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

प्रदेश में विकास के संदेश को जन सामान्य तक पहुंचाने में अपनी भागीदारी निभायें: डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश को न केवल भारत का सबसे सशक्त एवं समृद्ध राज्य बने बल्कि दुनिया के सामने विकास, संस्कृति और मानवीय मूल्यों पर आदर्श के रूप में पेश करने के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को पूरी दुनिया में अपने विकास, तकनीकी ताकत, उद्योग एवं अद्वितीय संस्कृति से परिचित कराने के लिए भी प्रतिबद्ध है। जलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ह्यसमर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047ह्न के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा जनपद बिजनौर के लिए नामित प्रबुद्धजनों द्वारा आज मंगलवार को विकास भवन सभागार में दोपहर 12 से 02 बजे तक जनपद में दो दिवसीय प्रवास कर समर्थ ह्यउत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047ह्न अभियान की जन-जागरूकता के लिए मीडिया बंधु सहित विभिन्न लक्षित समूहों (छात्र, शिक्षक, व्यवसायी, उद्यमी, कृषक, स्वयं सेवी संगठन, श्रमिक संगठन, स्वास्थ्य संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, आम जनमानस इत्यादि) के साथ विगत 8 वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए राज्य के विकास के लिए रोड मैप पर आयोजित कार्यशाला में चर्चा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए नोडल अधिकारियों को नामित कर निर्देशित किया गया है। उन्होंने सभी मीडिया बन्धुओं का आह्वान किया कि कल विकास भवन के सभागार में आयोजित होने वाली कार्यशाला में प्रतिभाग कर अनुग्रहित करें और प्रदेश की विकास यात्रा के संदेश को जन सामान्य तक पहुंचाने में अपनी गरिमा पूर्ण भागीदारी निभाएं।

गर्त में सियासी मर्यादा

यह सब कुछ पहली बार नहीं हो रहा है। इससे पहले भी चुनावी मौकों पर और विरोधियों पर हमले के लिए गाली-गलौज होते रहे हैं। अब भी हो रहे हैं। 2007 में गुजरात विधानसभा चुनाव होने थे। 2002 के गोधरा कांड और सांप्रदायिक दंगों के लहूलुहान वाला दौर सतही तौर पर शांत हो चुका था। नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। उन पर दंगों के परोक्ष आरोप लगाये जा रहे थे। विभिन्न आयोग जांच कर रहे थे। चुनावी पंडित भाजपा की पराजय के विश्लेषण जारी कर रहे थे। उस दौर में मोदी को 'मौत का सौदागर' बोल दिया गया। उनके लिए 'जहर की खेती' सरीखे शब्द भी कहे गये। उनके लिए 'खून की दलाली' जैसे शब्द प्रयोग किये गये। तब मुख्यमंत्री मोदी ने इन अपशब्दों को 5-6 करोड़ गुजरातियों के अपमान से जोड़ दिया। इससे शेष मुद्दे नेपथ्य में चले गये। गुजरातियों का मान-सम्मान चुनावी मुद्दा बन गया। भाजपा को शानदार जनादेश हासिल हुआ। कहीं उसी तरह बिहार में भी चुनावी हवा बदल न जाये? बिहार में राजद-कांग्रेस-वामदल की 'वोटर अधिकार यात्रा' समाप्त हुई और प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी दिवंगत मां को दी गई गाली का मुद्दा उठा दिया। बेशक विपक्ष के मंच से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई थी। वाकई गाली, अपशब्द नहीं, भद्दी गाली दी गई थी, जिसे नैतिकता और मर्यादा के मद्देनजर हम लिख भी नहीं सकते। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-मेरी मां अब इस दुनिया में नहीं है। वह मुझे छोड़ कर जा चुकी हैं। मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था। मां ने गरीबी के बीच ही हमें पाला-पोसा और मां भारती की सेवा के संस्कार दिए। उस मां को भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं। यह बिहार ही नहीं, देश की करोड़ों माताओं, बहनों, बेटियों का अपमान है। भले ही मैं व्यक्तिगत रूप से गाली देने वालों को माफ कर दूं, लेकिन छठ मैया को पूजने वाले बिहार के लोग उन्हें क्षमा नहीं करेंगे। यकीनन प्रधानमंत्री के कथन के भाव यही थे, कुछ शब्दों का अंतर हो सकता है। किसी की भी मां को गाली देना पाप है, अक्षम्य अपराध है और उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री का मानना सही है कि मां का स्थान देवी-देवताओं से भी ऊपर है। वह जननी है। हमने ईश्वर को तो नहीं देखा, लेकिन ईश्वर के प्राणियों की जननी को देखा है, लिहाजा मां में ईश्वर का प्रतिरूप अनुभव किया जा सकता है। विडंबना यह है कि विपक्ष के प्रवक्ता और कुछ छुटभैया नेता गाली को भी न्यायोचित करार देने में जुटे हैं। यह राजनीतिक कुंठा और हताशा है। कुछ हद तक नफरत भी है। हालांकि लोकतंत्र में ऐसे भाव की राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं है। कमोवेश ऐसी सोच से वोटर का निर्णायक जनादेश नहीं मिला करते। हम स्वीकार करते हैं कि प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी ने भी 2014 के चुनाव में 'जर्सी गाय', '50 करोड़ की गर्लफ्रेंड', 'कांग्रेस की विधवा' आदि अपशब्दों का प्रयोग किया था। हालांकि ये प्रतीकात्मक शब्द थे। प्रत्यक्ष रूप से 'गलीनुमा' गाली नहीं दी गई थी। फिर भी इसके लिए उनकी आलोचना हुई थी जो कि उचित भी है। ऐसे शब्दों से हमेशा बचना चाहिए। मोदी इन अपशब्दों से भी बचे और बाद के चुनावों में इन्हें नहीं दोहराया। विशेषण, रूपक और भद्दी गाली में आकाश-पाताल का अंतर होता है। अब प्रधानमंत्री की मां को गाली देने की, मर्यादा के पतन की पराकाष्ठा छू लेने की भद्दी कोशिश की गई है। यही नहीं, देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री को भी 100 से अधिक गालियां दी जा चुकी हैं। हम कई बार वे विश्लेषण कर चुके हैं। सवाल है कि क्या इसे भी लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी माना जाये? प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव अभियानों में इन गालियों को भी मुद्दा बनाया और लोगों ने निर्णायक जनादेश दिए। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी को 'वोट चोर' करार देकर भी नारे लगवाए गए हैं। हम मतदाता सूचियों में विसंगतियों से इंकार नहीं कर रहे। शायद इसीलिए संविधान में अनुच्छेद 324 और 326 के तहत चुनाव आयोग को शक्तियां दी गई हैं कि वह सूचियों का पुनरीक्षण कर सके। यह मामला सर्वोच्च अदालत में भी सुना जा रहा है। अदालत ने चुनाव आयोग के एकदम खिलाफ कोई फैसला नहीं सुनाया। बेशक विपक्ष को अपने मुद्दे उठाने का अधिकार है, लेकिन मर्यादा लांघने पर कानून और जनता दोनों सबक सिखाते हैं। यह याद रखना चाहिए।

अपनी बात कहने का हक सभी को है लेकिन शब्दों की मर्यादा लांघी गयी तो मतदाता और कानून दोनों सबक सिखायेंगे।

विचार

ज्ञान द्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।

-श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा-भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।

-माखन लाल चतुर्वेदी.

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।

-महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजय पायी जा सकती है।

-कौटिल्य.

शी-पुतिन वार्ता के खोजे जा रहे निहितार्थ

लोकमित्र

माना जा रहा है कि ये दोनों अपनी लंबी उम्र संबंधी चर्चा में सत्ता की निरंतरता का समीकरण खोज रहे थे और दोनों ने सांकेतिक तौरपर दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि अभी वह दूर-दूर तक भी सत्ता छोड़ने वाले नहीं हैं यानी आने वाले दशकों में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति इन्हीं के इर्दगिर्द घूमेगी।

इन दिनों दुनिया के तमाम राजनीतिक और कूटनीतिक मंचों पर जिस एक बातचीत को लेकर हंगामा मचा हुआ है, वह कोई धमकी नहीं है, वह कोई बड़ा प्लान नहीं है और न इस बातचीत में प्रत्यक्ष तौर पर कोई राजनीतिक या कूटनीतिक समीकरण ही नजर आता है। फिर भी व्हाइट हाउस से लेकर नई दिल्ली के सियासी गलियारों तक में इस बातचीत की खूब गूंज है, तो इसलिए क्योंकि इस पूरी बातचीत के राजनीतिक हलकों में खूब कल्पनाशील अर्थ लगाये जा रहे हैं। खूब कल्पनाशीलता के घोड़े दौड़ाये जा रहे हैं। दरअसल चीन में विक्ट्री डे परेड के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उत्तर कोरिया के सुप्रीमो किम जोंग उन जब चलते हुए आपस में लंबी उम्र पर एक गुफ्तगू कर रहे थे तो यह बेहद साधारण सी लगने वाली बातचीत जिस पर चीन और रूस के राष्ट्रपति बीच बीच में मुस्कुरा रहे थे, अनुवादकों के जरिये जब दुनिया के सामने आयी, तो दुनिया इसके विषय को सुनकर हैरान रह गई। दरअसल ये दोनों नेता यह बात कर रहे थे कि आजकल 70-72 साल की उम्र ही क्या होती है? लंबी उम्र को बढ़ाने वाली ऐसी मेडिकल तकनीक और कृत्रिम अंग आ चुके हैं, जिनकी बदौलत इंसान 150 सालों तक आसानी से जी सकता है। यूं तो यह देखने में सचमुच एक हल्की फुल्की और साधारण सी जिज्ञासा भरी बातचीत ही लगती है, लेकिन दुनिया के दो ताकतवर देशों के नेता भला इतनी हल्की फुल्की और सहज बातचीत कहां किया करते हैं?

इसलिए वॉशिंगटन से लेकर लंदन तक और दिल्ली से लेकर पेरिस तक इस बातचीत के गूढ़ से गूढ़ अर्थ निकाले जा रहे हैं। क्योंकि माना जा रहा है कि अगर दुनिया के दो सबसे ताकतवर राजनेता उम्र संबंधी साधारण सी लगने वाली बातचीत कर रहे हैं, तो जरूर इसके पीछे कोई गहरा राजनीतिक और कूटनीतिक संदर्भ छिपा होगा, जो आज नहीं तो कल दुनिया को चौंका देगा। दरअसल यह बातचीत इसलिए भी एक से एक हैरान करने वाले निष्कर्ष खोज रही है, क्योंकि यह ऐसे समय पर दुनिया के सामने आयी है, जब रूस और चीन से पश्चिमी देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हैं और भारत इन दोनो के साथ हाथ मिलाकर या इनकी तरफ झुकने का संकेत करके दुनिया की सियासत को और हैरान कर रहा है। रूस पर यूक्रेन युद्ध के कारण भारी प्रतिबंध लगे हुए हैं और चीन, अमेरिका तथा यूरोप के साथ कई सालों से रणनीतिक खींचतान में उलझे होने के बावजूद दुनिया की नई ताकत का केंद्र बन गया है।

शी जिनपिंग व पुतिन के बीच उम्र पर चर्चा

रूस पर अमेरिका सहित यूरोप के प्रतिबंधों का कोई असर होता नहीं दिख रहा, ऐसे में जब अमेरिका और यूरोप दोनों ही इन दोनो देशों और इनके दोनों नेताओं से परेशान हैं, वैसे में इनकी एक एक खुसुर-फुसुर पर भी कान दिये जाते हैं और उसके गहरे व गूढ़ अर्थ निकाले जाते हैं ताकि वह कुछ भी जो हैरान करने वाला घटित होने जा रहा हो, उसे पहले से ही जान लिया जाए। ऐसे में जब दोनो राजनेता लंबी उम्र को लेकर वैज्ञानिक संदर्भों और अनुसंधानों पर सहज व मानवीय जिज्ञासा से पूर्ण बातचीत कर रहे हों, तो दुनिया के कूटनीतिक गलियारों में इसे ऐसा ही मान लेना कतई गवरा नहीं होगा। माना जा रहा है कि सूत्रवत वाक्यों में ये दोनो राजनेता लंबे समय तक अपने अपने देशों में सत्ता प्रमुख बने रहने के अलावा दुनिया पर अपनी हुकूमत चलाने का ख्वाब देख रहे हैं। इसलिए दुनियाभर की मीडिया और कूटनीतिक हल्कों में इस साधारण बातचीत के तरह तरह के अर्थ निकाले हैं और जिन्होंने नहीं भी निकाले, उन्होंने भी इसे साधारण बातचीत मानने से तो इनकार ही कर दिया है।

हर कूटनीतिक गलियारे का अनुमान है कि ये दोनो नेता आने वाले दशकों की वैश्विक कूटनीति की बात कर रहे थे और आपस में इस बात को जानने की कोशिश कर रहे थे कि लंबे समय तक इन्हें अपनी अंगुली के इशारों पर कैसे नचाया जाए? ज्यादातर अमरीकी थिंक टैंकों ने पुतिन और शी जिनपिंग की लंबी उम्र संबंधी बातचीत को चीन और रूस के संदर्भ में लंबे समय के वैश्विक प्रभाव जमाने की आकांक्षा मान रहे हैं। उनके मुताबिक ये दोनो मिलकर उस समीकरण की खोज में है, जिससे दुनिया पर चीन और रूस का दबदबा सालों तक कायम रहे। दुनिया दो बड़े राजनेताओं की उम्र संबंधी इस बातचीत के दीर्घकालिक गठजोड़ संबंधी मतलब निकाल रही है। दुनिया के किसी भी राजनीतिक गलियारे में यह मानकर नहीं चला जा रहा कि वास्तव में ये दोनो राजनेता सचमुच लंबे समय तक जीने की आकांक्षा और इस संबंध में हो रहे अनुसंधानों की बातचीत कर रहे थे।

माना जा रहा है कि ये दोनों अपनी सत्ता की निरंतरता का समीकरण खोज रहे थे और दोनों ने सांकेतिक तौरपर दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि अभी वह दूर दूर तक भी सत्ता छोड़ने वाले नहीं हैं यानी आने वाले दशकों में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति इन्हीं के इर्दगिर्द घूमेगी। दुनिया में जीवन लंबा करने और स्वास्थ्य सुधारने की जो तमाम रिसर्च चल रही हैं, इनके बहाने रूस और चीन बायोटेक्नोलॉजी और जीन एडिटिंग पर दीर्घकालिक निवेश की योजना भी बना रहे हैं। दुनिया के राजनेता और उनके राजनीतिक, कूटनीतिक सलाहकार इसलिए भी इस बातचीत को साधारण बातचीत मानने के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि माना जा रहा है कि ये दोनो घुटे हुए राजनेता कभी भी सहजता से बात नहीं करते। इनकी हर बातचीत में एक दूरगामी और गहरा अर्थ छिपा होता है। खास तौरपर सार्वजनिक मंचों पर कही गई इनकी बातों के बेहद सांकेतिक अर्थ होते हैं। पुतिन और शी जिनपिंग के साथ तो यूं भी ऐसा मामला है कि इनकी सहज बातचीत को भी दुनिया अपने अपने नजरिये से कूटनीतिक व्याख्या करती है। इसलिए दुनिया इन दो राजनेताओं की सहज जिज्ञासापूर्ण बातचीत को उम्र संबंधी बातचीत मानने की जगह ह्यलोंगीविटी ऑफ पॉलिटिक्सह्न मान रही है।

हालांकि यह भी सच है कि हाल के सालों में अमेरिका की सिलिकॉन वैली, चीन के बायोजीन रिसर्च लैब्स और रूस के अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों तक में इंसान की उम्र को लेकर लंबे शोध किये गये हैं। लेकिन इस बातचीत का केंद्र वास्तव में उम्र की यह जिज्ञासा नहीं लगती बल्कि लंबे समय तक दुनिया में प्रभावशाली पकड़ बनाये रखने की मंशा का सूत्र तलाशने की कोशिश ही लग रही है। हालांकि इस राजनीति के मनोवैज्ञानिक और वैचारिक संदेश अपनी अपनी जनता को यह खुशफहमी देना भी है कि उनके राजनेता, उनके स्वास्थ्य को लेकर कितनी दूर तक की बातचीत कर रहे हैं। हालांकि इस बातचीत का एक हल्का फुल्का अंदाज ही इसे समझना चाहिए कि अब वॉशिंगटन से लेकर नई दिल्ली के कूटनीतिक गलियारों तक में शी जिनपिंग और पुतिन के साथ मोदी और ट्रंप की भी उम्र 150 साल तक बढ़ाये जाने की मजेदार मांग उठने लगी है। कुछ टिप्पणीकार बड़े गंभीर अंदाज में कहते हैं कि शी जिनपिंग या पुतिन ही क्यों, मोदी या ट्रंप को भी 150 साल तक जीने का फामूर्ला मिलना चाहिए ताकि दुनिया के कूटनीतिक गलियारे में एक दूसरे पर संतुलन बनाकर रखा जा सके।

सोशल मीडिया

यूपी की 25 करोड़ जनता की ओर से उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री के वाहनों को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम योगी.

बिहार में 20 वर्षों से नीतीश बीजेपी की सरकार है, ग्यारह सालों से केंद्र में मोदी-नीतीश सरकार है। फिर भी बिहार में उद्योग और फैक्ट्री नहीं है। तेजस्वी यादव.

भाजपा की सरकार ये साफ करे कि डिजिटल अरेस्ट की महाठगी का पैसा जिन खातों में जाता है, उनकी जांच हो नहीं सकती है या साठगांठ की वजह से करवाई नहीं जाती। अखिलेश यादव

महापुरुषों का मार्गदर्शन

अंतर्दृष्टि

जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए महापुरुषों का मार्गदर्शन जरूरी होता है। महापुरुषों का मार्गदर्शन, साधना और ज्ञान हमेशा मनुष्य का पारिष्कार कर उनमें दैव प्रवृत्तियों एवं सद् चिंतन का विकास करते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्यक्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है। सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

शिष्टाचार भेंट का दौर

व्यंग्यलोक

आज का दौर विष्ठाचारियों की शिष्टाचार भेंटों का दौर है। और मैं विष्ठाचार भेंट स्पेशलिस्ट हूं। इसलिए विष्ठाचारियों से शिष्टाचार भेंट करने के मौके तलाशता तराशता रहता हूं। विष्ठाचार की इसी शिष्टाचार भेंट की कड़ी में कल मेरी अपने इलाके के मशहूर दुनियादारी में फंसों को उल्लू बनाने वाले बाबा सुरूर खान से विष्ठाचार भेंट हुई। अबके वजह प्याज था। विष्ठाचार ही विष्ठाचार में विष्ठाचार भेंट के दौरान सीना चौड़ा कर उन्होंने बताया कि वे अपनी चिल्म के बूते हारे हुए नेता को जीता सकते हैं। वे अपनी चिल्म के बूते पर अल्पमत वाले नेता को कुर्सी पर बिठवा उससे भेड़ों का रेवड़ हंकवा सकते हैं। वे अपनी चिल्म के बूते जेल में बंद नेता को भी चुनाव जितवा सकते हैं। विष्ठाचार भेंट के दौरान पूरे आत्मविश्वास से उन्होंने बताया कि वे लोकतंत्र के तांत्रिकों की शक्तियों को अपनी खुली आंखों से अंधों को भी दिखा सकते हैं। सबके प्रधानमंत्री भले ही सबके प्रधानमंत्री न हों, पर वे पूरे लोकतंत्र के बेताज बादशाह हैं। वे सभी चिल्मों के सम्राट हैं। वे हर टूटी नाव के घाट हैं। विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने मेरे कान में फुसफुसाया कि वे अपनी चिल्म द्वारा पलक झपकते देश की बेरोजगारी को हवा करने का इल्म रखते हैं। पर वे नहीं चाहते कि वे देश से बेरोजगारी खत्म करें। क्योंकि अगर वे अपनी चिल्म से देश की बेरोजगारी खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने यह भी मेरे कान में फुसफुसाया वे अपनी चिल्म के द्वारा पलक झपकते ही देश के धार्मिक उन्माद को खत्म करने का इल्म रखते हैं। पर वे चाहते हुए भी नहीं चाहते कि वे देश से धार्मिक उन्माद खत्म करें। क्योंकि अगर वे अपने इल्म से देश से धार्मिक उन्माद को खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? विष्ठाचार भेंट के दौरान उन्होंने यह भी मेरे कान में फुसफुसाया कि वे अपने मंत्र तंत्र शक्तियों द्वारा पलक झपकते ही शर्तिया देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने की चिल्म रखते हैं। पर वे चाह कर भी यह नहीं कर सकते। अगर वे ऐसा करेंगे तो तथाकथित ईमानदारों का क्या होगा? अगर वे अपनी चिल्म से देश की भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे तो देश में आगामी चुनाव किस मुद्दे को लेकर लड़े जाएंगे? फिर कुछ देर तक इधर उधर देखने के बाद वे बोले- सच कहूं तो मैं अपनी चिल्म के माध्यम से अबके विश्व कप अपने देश के नाम करवा सकता था। पर यह सब इसलिए नहीं किया कि सुट्टाबाजों का क्या होता? अंत में उन्होंने मुझे जगाते हुए बताया कि सभी किस्म के नेताओं से निराश उनसे एक बार जरूर आकर मिलें। उनके पास हर किस्म के नेताओं के आश्वासनों से मुक्ति की चिल्म भी है।

अशोक गौतम

मल्लूर में करें भगवान नरसिंग के दर्शन

पर्यटन

हैदराबाद में अपना काम निपटाने के बाद मेरे पास कुछ खाली समय था, इसलिए मैं बंजारा हिल्स अपने एक पुराने दोस्त से मिलने के लिए चला गया, जिससे मैं कई वर्षों से मुलाकात नहीं कर सका था, बावजूद इसके कि इस बीच अनेक बार हैदराबाद आना हुआ था- कभी मैं बिजी होता तो कभी उसके पास फुर्सत न होती। इस बार मुलाकात हो ही गई। बातचीत के दौरान उसने मुझसे मालूम किया, 'हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर के दर्शन करने का कभी सौभाग्य मिला है?' मेरे न कहने पर उसने बताया कि इस अनोखे मंदिर के दर्शन अवश्य करने चाहिए क्योंकि इसमें आज भी भगवान नरसिंह जीवित रूप में विराजमान हैं। यह सुनकर तो मेरे कान आश्चर्य से खड़े हो गये। मेरी जिज्ञासा को देखते हुए उसने बताया कि यह मंदिर तेलंगाना के मल्लूर गांव में स्थित है, जहां वारंगल, मणुगुरु और भद्राचलम-एदुलापुरम रोड से बसें आसानी से मिल जाती हैं।

निकटतम रेलवे स्टेशन मणुगुरु है, जहां से मंदिर कुछ ही किलोमीटर के फासले पर है।

दोस्त से विदा लेने के बाद अब मेरा एक ही लक्ष्य रह गया था- भगवान नरसिंह के जीवित रूप के दर्शन करना। मैं हैदराबाद से रेल में सवार होकर मणुगुरु रेलवे स्टेशन पर उतरा। सुबह के लगभग 7 बज रहे थे। पास के एक होटल में फ्रेश होने के बाद नाश्ता किया। सोचा कि पैदल ही चलता हूं, कुछ ही किलोमीटर की तो बात है। लेकिन फिर इलेक्ट्रिक रिक्शा में सवार हो गया, जो आजकल पूरे देश में चलने लगे हैं। मैं हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर एकदम ठीक समय पर पहुंचा। दर्शन के लिए मंदिर के पट सुबह 8:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक और फिर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक ही खुलते हैं। शाम 5:30 बजे के बाद मंदिर के पट बंद कर दिये जाते हैं। मंदिर में दर्शन का समय इतना कम क्यों रखा गया है? दरअसल, मान्यता यह है कि इस समय के बाद भगवान नरसिंह आस पास के जंगलों में विचरण करने के लिए निकल जाते हैं। मैंने दुनियाभर में अलग अलग पहचान व महत्व के अनगिनत मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन किये हैं, जो अपनी विशेषताओं व रहस्यों की वजह से श्रद्धालुओं के दिलों व आस्था में विशेष स्थान बनाये हुए हैं। लेकिन तेलंगाना के वारंगल जिले के मल्लूर गांव के इस मंदिर की बात ही अनोखी है। मैंने किसी मंदिर में जीवित रूप में किसी देवी या देवता को विराजमान नहीं देखा है। इस मंदिर में भगवान नरसिंह जीवित रूप में विराजमान हैं, जिससे यह मंदिर सिर्फ पूजास्थल नहीं है बल्कि आस्था व चमत्कार का संगम है, जहां दर्शन के लिए आने वाला हर शख्स दिव्य शक्तियों को महसूस करता है। मैंने भी यही अनुभव किया। मैं वैज्ञानिक तो नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि इस मंदिर की अद्भुत विशेषताएं वैज्ञानिकों को भी आश्चर्य में डाल सकती हैं।

मुझे यह देखकर सबसे ज्यादा हैरत हुई कि हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में जो भगवान नरसिंह की मूर्ति विराजमान है वह लकड़ी, पत्थर या किसी धातु से नहीं बनी हुई है बल्कि किसी ऐसी चीज से बनी हुई है जो इंसान की त्वचा जैसी मुलायम मालूम होती है। लोगों का मानना है कि जब मूर्ति पर फूल अर्पित किया जाता है, तो वह दबकर अंदर चला जाता है। अधिक दबाव देने पर मूर्ति से खून जैसा लाल रंग का लिक्विड भी निकलता है। यह लिक्विड मूर्ति की नाभि से लगातार निकलता रहता है, जिसे पुजारी चंदन का लेप करके रोकने की कोशिश करते हैं। मूर्ति को 'जीवित' मानने की यह सबसे बड़ी वजह है। हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर के पुजारियों का दावा था कि जब कोई शख्स मूर्ति के पास जाता है, तो उसे ऐसा महसूस होता है जैसे मूर्ति सांस ले रही हो। पुजारी के कहने का असर था या वातावरण का प्रभाव या वास्तविकता, जब मैं मूर्ति के करीब गया तो मुझे लगा जैसे कोई सांस ले रहा हो। बहरहाल, स्थानीय मान्यता यह है कि यह मूर्ति पहाड़ से स्वयं प्रकट हुई थी, इसलिए इसे स्वयंभू माना जाता है। यह भी विश्वास है कि इस स्थान पर भगवान नरसिंह की दिव्य शक्ति सदैव सक्रिय रहती है, जो दर्शन करने वाले लोगों को अपनी मौजूदगी का एहसास कराती है। हेमाचल लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर के पास एक पवित्र जलधारा बहती है, जिसे चिंतामणि जलपथम कहते हैं। मान्यता यह है कि यह जल भगवान नरसिंह के चरणों से निकला हुआ है। रानी रुद्रम्मा देवी ने इस जलधारा का नाम चिंतामणि रखा था। मैंने इस जल में स्नान किया और एक बोतल में पानी घर ले जाने के लिए भी भरा ताकि औषधीय गुणों से भरपूर, जैसी कि मान्यता है, इस पानी से अपने तन व मन की शुद्ध कर सकूं। **समीर चौधरी.**

आप की बात

सुरक्षित यात्रा पर संकट

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। जैसे-जैसे वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। यह ठीक नहीं है। ड्राइविंग लाइसेंस देने से पहले यह जरूरी है कि उचित टेस्ट लिया जाये।

गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.

औद्योगिक विकास

प्रदेश में धीरे-धीरे निवेश बढ़ रहा है। प्रदेश में निवेश बढ़ेगा तो औद्योगिक विकास को भी पंख लगेंगे और रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। प्रदेश में निवेश के जो प्रयास हो रहे हैं उससे प्रगति तेज होगी और रोजगार के मौके बढ़ेंगे। देश की युवा शक्ति का सदुपयोग करने के लिए यह जरूरी है कि सरकार अधिक से अधिक रोजगार के मौके बढ़ाये ताकि युवा अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें। एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम फजीवाड़ा भी बहुत होता है, इसे रोकना होगा। दरअसल सरकारी योजनाओं में बहुत कुछ कागजों पर ही होता है, इसे रोकने की जरूरत हे।

राकेश कुमार पाण्डेय, लखनऊ.

संक्षेप

राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जनपद न्यायाधीश ने की बैठक

बहराइच। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता तथा अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, लोक अदालत अरबिंद कुमार गौतम व अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विराट शिरोमणि की मौजूदगी में सिविल कोर्ट सभागार में न्यायिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया गया कि आगामी 13 सितम्बर 2025 को सम्पन्न होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण कराया जाय। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु मौजूद न्यायिक अधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किये गये। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव श्री शिरोमणि द्वारा जन सामान्य से अपील की गई है कि 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को, नियत करवाकर सुलह-समझौता के माध्यम से वादों का निस्तारण कराकर आयोजन को भरपूर लाभ उठायें।

समाधान दिवस में 184 शिकायतें मिलीं, तीन निपटीं

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, एसडीएम मिल्कीपुर सुधीर कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी और क्षेत्रीय विधायक चंद्रभानु पासवान उपस्थित रहे। समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित निस्तारण के लिए, प्रशासन ने सक्रियता दिखाई। समाधान दिवस के दौरान कुल 184 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। मिल्कीपुर विकास खंड के उछाहपाली गांव के निवासी जय नारायण तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने ग्राम प्रधान विनोद कुमार और पंचायत सचिव ज्योति यादव पर नाली निर्माण न करवाने के बावजूद फर्जी भुगतान करने का आरोप लगाया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, जिलाधिकारी ने बीडीओ मिल्कीपुर को जांच कमेटी गठित कर उसी दिन शाम तक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में राशन कार्ड में नाम जोड़ने से संबंधित कई शिकायतें सामने आईं। इन मामलों को लेकर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की शिकायतें कार्यालय स्तर पर ही निपटाई जा सकती हैं और इन्हें समाधान दिवस तक लाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेंधा गांव के मोहनलाल गुप्ता ने सीलिंग की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि जमीन पर अवैध रूप से दीवार बनाकर कब्जा किया गया है। इस मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम मिल्कीपुर को जांच कमेटी गठित करने और अवैध दीवार को हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पलिया मुतालके के प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह ने समाधान दिवस में लटके विद्युत तारों की समस्या को उठाया। इस समस्या से गांव में खतरा बना हुआ है। जिलाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पांच शिकायतों का निस्तारण

सोहावल-अयोध्या। सोमवार को तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध सिंह ने की। इस मौके पर कुल 167 शिकायतें आईं जिसमें से मात्र पांच शिकायत का निस्तारण हो सका। इस मौके पर एस डी एम सुश्री सविता देवी तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह प्रदीप कुमार सिंह सी ओ सदर योगेंद्र कुमार नायब तहसीलदार रेशू जैन, खण्ड विकास अधिकारी सोहावल अनुपम वर्मा, ईओ आरती श्रीवास्तव खण्ड विद्युत अधिकारी अरशद खान, खण्ड शिक्षा अधिकारी रविता राय सप्लाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह सीडीपीओ डा0 अनीता सोनकर ए डी ओ कृषि रंजीत त्रिपाठी कानूनगो शोभा राम यादव व उदय राज सहित सभी राजस्व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

अयोध्या की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर प्रयास जरूरीः महापौर

अयोध्या। विकास की तेज रफ्तार ने प्रदूषण की बड़ी चुनौती खड़ी की है। अगर हमें स्वच्छ वायु, जल, धरती और नीले आकाश को फिर निहारना है तो हर तरह के प्रदूषण पर काबू पाना होगा। यह तभी संभव है, जब हर नागरिक स्वच्छता को लेकर सजग रहे। यह कहना था महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी का। वह अंतरराष्ट्रीय वायु स्वच्छता दिवस पर चिंतन संस्था द्वारा आयोजित साफ-सांस परियोजना के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

क्रनासको होटल में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि महापौर ने कहा कि प्रदूषण संबंधी हालिया रिपोर्ट में अयोध्या की वायु गुणवत्ता को लेकर चिंता व्यक्त की गई है, इसलिए हर किसी को स्वच्छ अयोध्या बनाए रखने के लिए तत्पर रहना होगा। उन्होंने नगर आयुक्त से निर्माण कार्य संबंधी एक गाइडलाइन भी जारी करने की अपेक्षा की। महापौर ने कहा कि स्वच्छता के पैमाने पर अयोध्या का 28वें स्थान से टॉप टेन में लाने में जन सहयोग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि बरसात समापन

की ओर है, ऐसे में डेंगू के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसलिए, हमें जन जागरूकता के जरिए घरों और उसके आसपास स्वच्छ जल को ठहरने नहीं देना है विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ पृथ्वी, हवा एवं जल के लिए ठोस अपशिष्ट एवं तरल अपशिष्ट को घरों में ही पृथक करने की जरूरत है। उन्होंने कूड़ा रखने के लिए लोगों को बाल्टी का प्रयोग करने का सुझाव दिया और कहा कि घरों में निकलने वाले कचरे से खाद बनाएं।

उसका प्रयोग गमले में कर हरियाली लाएं। उन्होंने अध्यापकों से हर सप्ताह कार्यशाला आयोजित कर बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन चिंतन की प्रबंधक आकांक्षा सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय ने किया। इस मौके पर भवदीय पब्लिक स्कूल, अयोध्या अकेडमी, बापू बालिका इंटर कॉलेज, साहबदीन सीताराम बालिका इंटर कॉलेज को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वच्छता में विशेष योगदान के लिए सरिता वर्मा, विजयलक्ष्मी, कल्पना शर्मा, अनीता द्विवेदी, प्रीति राय, डॉक्टर दीपिका चंद्रा, उपासना सिंह, नीता शर्मा, ममता श्रीवास्तव, शारदा सोनी, आशा, रूबी रावत, न श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, आलोक सिंह राणा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गिलहरी को रामजन्मभूमि में मिला स्थान

अयोध्या। लंका विजय में रामसेतु निर्माण के दौरान अपनी अहम भूमिका निभाने वाली गिलहरी को भी अब राम मंदिर ट्रस्ट ने विशेष स्थान दिया है। ट्रस्ट ने उसे अंगद टीले पर स्थापित किया है जहां से वह मंदिर की ओर निहारती नजर आ रही है। राम मंदिर भवन निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे समिति अध्यक्ष

-ट्रस्ट ने अंगद टीले पर किया स्थापित, राम मंदिर की ओर निहारती नजर आ रही गिलहरी

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर अपने पूर्णता की ओर बढ़ रहा है और अब इसकी गुणवत्ता की जांच शुरू की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी तैयारियां तेज हैं। राम मंदिर के चार किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवॉल के पास बनाए जाएंगे 25 वॉच टॉवर चार किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवॉल के पास 25 वॉच टॉवर बनाए जाएंगे। साथ ही पुलिस बूथ को भी समन्वय के साथ सही स्थान पर स्थापित करने की योजना पर काम चल रहा है। सुरक्षा ढांचे की रूपरेखा को लेकर कल जिला प्रशासन के साथ विस्तृत बैठक होगी। नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु रामलला के दर्शन के बाद अयोध्या में और क्या देखें, यह सोचना आवश्यक है इसलिए अयोध्या को पर्यटन की सर्वोत्तम नगरी बनाने की योजना पर भी काम होना चाहिए। इसके साथ ही संग्रहालय में रामायण से जुड़ी मूल प्रतियों को रखा जाएगा। सभी प्रदेश सरकारों से इसकी प्रति उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। वहीं, 15 अक्तूबर तक गेट नंबर 11 का निर्माण पूरा कर उसका नामकरण भी कर दिया जाएगा।

धूमधाम से मना केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव

अयोध्या। फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का वार्षिक उत्सव वजीरगंज जप्ती स्थिति मारवाड़ी सेवा सदन में फैजाबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता रहे। एसोसिएशन के

हाईस्कूल व इन्टर में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हाई स्कूल, इन्टर 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक छात्र/ छात्राओं को स्मृति चिन्ह, पौधा और अंगवस्त्र उढ़ाकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभाशाली बच्चों जिसमें अक्षत प्रताप सिंह (अर्श) फुटबॉल में असाधारण उपलब्धी के लिए तथा सुश्री अन्वेषा श्रीवास्तव को मंचों पर काव्य पाठ करने के लिए स्मृति चिन्ह पौधा और अंग वस्त्र उड़ाकर सम्मानित किया गया। समाज में बदलाव या सामाजिक कार्य करने हेतु भागीरथ पचेरीवाला को समाज सेवा के लिए भगवानदीन निषाद और प्रदीप निषाद (सरयू नदी में डूबते हुए को बचाने के लिए) धनंजय पान्डे को (वृक्षारोपण के लिए) डॉ शाहेब उस्मानी (को आयुष्मान भारत में 500 से अधिक आपरेशन करने के लिए) सतीश कुमार मेहंदीरत्ता और गुरदीप कुमार मेहंदीरत्ता को (समाज सेवा) के लिए अंगवस्त्र, पौधा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एसोसिएशन परिवार के प्रतिष्ठानों पर 20 वर्षो से अधिक समय से अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले सागर, गुरु चरण और प्रकाश वर्मा को श्रीफल, दुशाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इस समारोह में जनपद की सबसे अच्छी खुदरा प्रतिष्ठान के रख रखाव विक्रेता का पुरस्कार गैलेक्सी मेडिकल स्टोर नियावा को तथा थोक विक्रेता

पुरस्कार न्यू एस आर फार्मा को दिया गया। इस समारोह का आकर्षण मेनटर मोहम्मद जैद ने सभी लोगों को दिमाग में चल रहे संकेतों को बताया मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ राष्ट्रीय गान के उपरांत किया गया उनके साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष अवि आनंद, महामंत्री आनन्द अग्रहरि और कोषाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में थोक विक्रेता प्रभारी राकेश सोनी फुटकर विक्रेता प्रभारी रूमी जकी वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित दिवाकर उपाध्यक्ष कृष्ण यादव विकास पांडे गोपीनाथ गुप्ता पंकज कुमार श्रीवास्तव मानवेंद्र प्रताप सिंह संजय जयसवाल शुभम सोनकर अभिषेक संगतानी राकेश गौड़ एवं मीडिया प्रभारी शरद सिंह मौजूद रहे।

जैन मंदिर में मनाया गया क्षमा वाड़ी पर्व

बाराबंकी। सरावगी स्थित पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन छोटा मंदिर में क्षमा वाड़ी पर्व सबसे क्षमा, सबको क्षमा एवं क्षमा वीरस्या भूषणम के सूत्र को अपनाते हुए धूमधाम से मनाया गया। क्षमा वीरों का गहना होता है। जो बिना किसी विद्वेष के दूसरों को क्षमा दान देता है वही सही मायने में वीर कहलाता है। प्रातः काल सरावगी स्थित जैन मंदिर में भगवन का अभिषेक व शांति धारा हुई। सांयकाल मंदिर में सभी त्यागी व्रतियों का सामूहिक सम्मान किया गया। मंदिर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जैन ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु का जयमाल हुआ। सभी ने हाथ जोड़ कर एक दूसरे से वर्ष भर में हुई अपनी गलतियों की माफी मांगी। तत्पश्चात भगवान की आरती एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश जैन, नीलम जैन, जिनिशा जैन, प्रतीक जैन, शीलू जैन, कमलेश जैन, विमल जैन, पवन धनावत, आनंद धनावत, अंकुर जैन, तेजकुमार जैन आदि मौजूद रहे।

गुमशुदा युवक सकुशल बरामद

बाराबंकी। थाना बड्डूपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 260/25 धारा 140(3) बीएनएस सम्बन्धित गुमशुदा व्यक्ति को आज पुलिस टीम ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

37 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 7 वांछित अभियुक्त व 2 वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। तथा 37 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

बच्चों का विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

अयोध्या। पिनेकल पब्लिक स्कूल गांधीनगर गुजरात में आयोजित सीबीएसई के नेशनल खो खो क्लस्टर में अयोध्या जनपद के यश विद्या मंदिर की टीम ने फाइनल जीत कर एक बार फिर उत्कृष्टता साबित की टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने बताया कि अंडर 17 नेशनल खो खो क्लस्टर में पूरे देश से 59 टीम एवं 7 अंतरराष्ट्रीय टीमों जिनमें कतर, ओमान, यू ए ई , और कुवैत आदि टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया स टूनार्मेंट की शुरूआत से ही उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही अयोध्या की यश विद्या मंदिर की अंदर 17 बालकों की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया 5 लीग मैच में गुजरात कर्नाटक हरियाणा और ओमान की टीम को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया क्वार्टर फाइनल मैच में क्लस्टर 19 उत्तर प्रदेश की टीम को पांच अंको से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई सेमीफाइनल मैच बहुत ही ज्यादा रोमांचक एवं कांटे का रहा जिसमें अयोध्या की टीम ने केरल

को दो अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया आज 5 सितंबर को फाइनल मैच में चेन्नई की टीम को चार अंको से हराकर राष्ट्रीय विजेता होने का गौरव प्राप्त किया विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती मंजुला झुनझुनवाला प्रधानाचार्य सरिता त्रिपाठी कोऑर्डिनेटर गिरीश वैश्य प्रसून श्रीवास्तव नीतू श्रीवास्तव एवं खेल विभाग के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बच्चों के इस उच्च स्तरीय प्रदर्शन के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

छात्रों का पूर्ण विकास गुरुकुल का लक्ष्यः कृष्ण चंद

अयोध्या। भारतीय इतिहास में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली शिक्षा में की गुणवत्ता में प्रसार का एक जीवंत महत्व है, वर्तमान में छात्रों के लिए सीखने के माहौल की प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए सदियों पुरानी अवधारणाओं को आधुनिक संस्कृति के साथ मिला दिया गया है, परंपरागत रूप से गुरुकुलों ने हमेशा व्यवहारिक ज्ञान के महत्व पर बल दिया है गुरुकुल शिक्षा प्रणाली आज मानती है कि किताबी ज्ञान रखना आज समय के उपकरण है जो मानव अस्तित्व के सही मूल्य को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त नहीं है गुरुकुल आधुनिक सुविधाओं और प्रौद्योगिकी के साथ व्यवहारिक प्रयोगशालाओं सहित आधुनिक बुनियादी ढांचे के तहत व्यवहारिक ज्ञान प्रदान कर रहा हैं, पाठ्यक्रम को छात्र जीवन के सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्राप्त करने के लिए तैयार किया जा रहा है शिक्षाविदों और पाठ्येतर गतिविधियों का एक सही मिश्रण शैक्षिक यात्रा को उल्लेखनीय बनता है, उक्त विचार श्री गुरू वसिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला दर्शन नगर में अयोजित अभिभावक सम्मेलन में शामिल गुरुकुल के छात्रों के अभिभावकों वा गुरुकुल से जुड़े नागरिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अयोध्या विभाग के विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र ने व्यक्त किया गुरुकुल के नवनिर्मित महर्षि वशिष्ठ सभागार में उपस्थित अभिभावकों वी मातृशक्ति को संबोधित करते हुए श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के निदेशक डॉ दिलीप सिंह ने गुरुकुल यह वातावरण के महत्व को बताते हुए कहा गुरुकुल शहर के जीवन की हलचल से दूर पूर्ण शांति से घिरे सुरम में स्थान पर स्थित है यहां पर कोमल दिमाग को संतुलित विश्लेषणात्मक दृष्टि रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो एक ऐसा माहौल सुनिश्चित करता है जहां शिक्षण उद्देश्य पूर्ण हो और पुरस्कृत भी हो स्थान एक केंद्रीय भूमिका का निर्माण करता है प्रकृति के बीच विराजमान होने के कारण किसी भी सांसारिक विकर्षण से रहित एक ऐसा वातावरण प्रदान करता है जो सीखने के लिए सबसे अनुकूल है, शांत वातावरण शिक्षा और समग्र विकास के लिए आवश्यक होते हैं, कार्यक्रम के संयोजक आचार्य शिव बहादुर शास्त्री ने बताया अभिभावक सम्मेलन तीन सत्रों में सम्पन्न हुआ जिसमें अभिभावकों के सुझाव लिए गये, कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का परिचय स्वागत प्रधानाचार्य नीरज कुमार ओझा ने कराया गुरुकुल के बटुक चंद्रशेखर ब्रम्हचारी और उनके साथियों का गुरुकुल गीत भारतीय शिक्षा से हो भारत मां का पुनरुत्थान उपस्थित लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, सरस्वती वंदना आदित्य ब्रह्मचारी, शिवांश, सौरभ, ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम में गुरुकुल के कोषाध्यक्ष प्रो आर के सिंह ने अभिभावकों के प्रति आभार प्रदर्शित करते हुए कहा कि आपने अपने 8 साल के बालक को 7 वर्ष के लिए गुरुकुल को सौंपा हैं बालक का सर्वांगीण विकास गुरुकुल का लक्ष्य है हम सभी उसके लिए कटिबद्ध है।

नवनियुक्त 7 कनिष्ठ सहायकों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

बहराइच। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार के साथ जनपद में नवनियुक्त 07 कनिष्ठ सहायकों एश्वर्य कुमार गुप्ता, शालिनी चैधरी, राघवेन्द्र शुक्ला, राजन सिंह, नितिन यादव, कमल नयन तिवारी व कुमारी स्वाती देवी को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र वितरण से पूर्व मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह ने किया।

खाद्यान्न का वितरण कल

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह सितम्बर 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 10 से 25 सितम्बर 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 हेतु प्रति कार्ड 03 किग्रा. चीनी का वितरण रू. 18 प्रति किग्रा की दर से किया जायेगा।

डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 सितम्बर 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चैहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्र की लगातार की जा रही है निगरानी

जिला संवाददाता

बहराइच। प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि वन प्रभाग, बहराइच के बहराइच रेंज के विकास खण्ड महसी अन्तर्गत 28 अगस्त 2025 को ग्राम-बम्भौरी के बदनपुरवा, ग्राम सिसैया चूडामणि व मोतीपुरवा एवं ग्राम-गलकारा अहिरनपुरवा में अज्ञात वन्य जीव द्वारा ग्रामवासियों पर किये गये हमले के दृष्टिगत बहराइच वन प्रभाग स्तर से 07 गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिवस/रात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही की जा रही है।

इसके अतिरिक्त वन्य जीव सकियता वाले क्षेत्रों में 02 थर्मल ड्रोन/ड्रोन कैमरों के माध्यम से वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है।

गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर 05 कैमरा ट्रैपस तथा हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की कार्यवाही की जा रही है। अन्वेषण से प्राप्त पगचिन्हों से यह स्पष्ट हो रहा है कि उक्त वन्य जीव भेड़िया की श्रेणी में नहीं है।

उन्होंने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा ग्रामवासियों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। जनजागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्रामों के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाहियों की जा रही है।

डीएफओ ने बताया कि वन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि की जा रही गश्त के परिणाम स्वरूप कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत कार्यशाला आयोजित

जिला संवाददाता

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं जिला स्तरीय अधिकारियों पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में जिला हेतु नामित प्रबुद्धजनों एवं सेवा निवृत अधिकारियों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, इन प्रबुद्धजनों एवं सेवानिवृत अधिकारियों में सेवानिवृत्ति आईपीएस सतीश कुमार माथुर सेवानिवृत्ति आई एफ एस डॉ राजीव मिश्रा सेवानिवृत्ति पूर्व विभाग अध्यक्ष रसायन विभाग आगरा डॉ एस सी अग्रवाल सेवानिवृत प्रोफेसर कृषि वैज्ञानिक डॉ आशा यादव, सेवानिवृत्ति मुख्य अभियंता यूपीपीसीएलए रवि प्रकाश दुबे उपस्थित रहे, कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं स्कूली बच्चों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये, साथ ही साथ इन प्रबुद्ध जनों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझावों एवं सलाहों से विकसित भारत के संकल्प को मूर्ति रूप देने की ठोस नीव तैयार की, इस अवसर पर पुलिस विभाग नगर निगम एनआरएलएम पंचायती राज ने इन प्रबुद्ध जनों के समक्ष अपने भविष्य की योजनाएं प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने विस्तार से आने वाले समय में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मददगार अपनी योजनाएं विस्तार से बताई, एसपी ग्रामीण ने पुलिस विभाग का नेतृत्व करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसके लिए 6 पिंक बूथों की स्थापना की गई है, 62 महिला बीट बनाए गए हैं, एंटी रोमियो स्क्वाड जिले में सक्रिय हैं, ऑपरेशन महिला कन्वेंशन से महिला अपराधों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है, साथ ही साथ साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि आने वाले समय में साइबर अपराध देश और समाज के लिए अलग तरह की चुनौतियां प्रस्तुत करेंगे, परंतु हम इन चुनौतियों से निपटने हेतु अपने को सक्षम और सशक्त बना रहे हैं, ताकि एक सुरक्षित समाज तैयार हो सके। कार्यशाला में उपस्थित नागरिकों ने भी साइबर सुरक्षा के प्रति अपने अनुभव साझा किया, शांति देवी और महेश राठौर ने साइबर ठगी से बचने के उपाय को साझा किया, इसके पश्चात स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने शासन द्वारा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में आ रहे परिवर्तन को विस्तार पूर्वक बताया। उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने उपायुक्त उद्योग से कहा कि ऐसी महिलाओं की आप हर स्तर पर मदद करें, स्वय सहायता समूह महिलाओं की समस्याओं को स्वयं जानने का प्रयास करें, क्योंकि सशक्तिकरण और विकास का रास्ता महिलाओं के सशक्त होने में निहित है।

उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि जब आम आदमी विकसित होगा तभी भारत 2047 में विकसित बन पाएगा, हम सबको इसके लिए अभी से प्रयासरत रहना होगा सबसे बड़ी बात है यह प्रयास एकल ना हो सामूहिक हो, तभी प्रयास सार्थकता की तरफ प्रयास अग्रसर होगा, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य से कहा कि आप एक लिस्ट अवश्य बना लें, कि 8 सालों में महिला उद्यमी पुरुषों के मुकाबले जिलों में कितनी बनी है, साथ ही साथ यह भी आंकड़ा उपलब्ध होना चाहिए की महिलाओं की प्रति व्यक्ति आय जिले में कितनी बड़ी है, क्योंकि इससे ही हम महिलाओं की क्षमता और समृद्धि का अंकन कर सकेंगे, उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि यहां महिलाओं की तरक्की और उद्यमशीलता को देखकर हम सब सहर्ष कह सकते हैं, की आने वाले समय में यह महिलाएं देश और प्रदेश की तरक्की का आधार स्तंभ होगी। नगर आयुक्त ऋषि राज ने नगर निगम में किया जा रहे कार्यों का एक विस्तृत ब्यूरा प्रस्तुत किया

,उन्होंने कहा कि यहां पर स्मार्ट सिटी की योजना के तहत हम मार्गों को सुदृण और तारों के जंजाल से मुक्त कर रहे हैं, सेफ सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1500 सीसीटीवी कैमरों से शहर की नित्य निगरानी कर रहे हैं, हम यहां आने वाले समय में जोनल ऑफिस इत्यादि का निर्माण कर रहे हैं, जो 20 से 25 वर्षों में नागरिकों के जीवन को और सुविधाजनक बना देगा, साथ ही उन्होंने बताया कि यहां हम कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वूमेन हॉस्टल, विद्यार्थियों के लिए डिजिटल पुस्तकालय, वृद्ध जनों के लिए सीनियर सिटीजन केयर सेंटर इत्यादि का निर्माण कर रहे हैं, जो आने वाले समय में हमारे शहर के हर वर्ग को राहत प्रदान करेगा, साथ ही फिरोजाबाद शहर को एक आदर्श

शहर बनाकर हम विकसित भारत की नीव तैयार कर सकेंगे, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य नगर आयुक्त सिटी मजिस्ट्रेट, परियोजना निदेशक एएलसी आदि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ऑटो पलटा, चालक गंभीर

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर इब्राहिमपुर गांव के पास आटो चालक को एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया। इस सड़क दुर्घटना में आटो हाईवे पर पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं सवारी का इंतजार कर रहा आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल आटो चालक को अस्पताल भेजा। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया।

आरोप है कि ग्राम पंचायत गोपीनाथपुर के मजरे नेवादा निवासी प्रकाश चंद्र मिश्र उम्र लगभग 48 वर्ष जो सोहावल से अयोध्या कैंट टेंपो चला कर जीविका उपार्जन करता है। सोमवार को सुबह वह ग्राम इब्राहिमपुर के पास हाईवे के किनारे आटो खड़ा कर सवारी का इंतजार कर रहा था। इस बीच पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में आटो हाईवे पर पलट गया। आटो में बैठे चालक प्रकाश चंद्र मिश्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। पूंछे जाने पर थाना प्रभारी रौनाही संदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जायेगी।

संक्षेप

गोमती नदी में तैरता मिला अधेड़ का शव

मुसाफिरखाना ,अमेठी। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के हाजीगंज मजरे मोहिउद्दीनपुर रविवार को लगभग 52 वर्षीय जगन्नाथ रैदास सुत बद्री प्रसाद मछली पकड़ने के लिए घर से निकले थे लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। परिजनों के मुताबिक हाजीगंज गाँव के पास गोमती नदी आए जगन्नाथ की डूबने की आशंका है परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने गोता खोरों की सहायता से काफी खोजबीन की लेकिन शव का पता नहीं चल सका ।किन्तु तलाश जारी रही अंत में गोताखोरों को थाना कुड़वार जिला सुल्तानपुर में गोमती नदी में शव उतराता पाया गया। स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुट गई।

नो हेलमेट नो फ्यूल के तहत 40 वाहनों का चालान

गौरीगंज ,अमेठी। प्रदेश सरकार के निर्देश अमेठी जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत एआरटीओ महेन्द्र बाबू, पीटीओ दिनेश रावत, यातायात प्रभारी की संयुक्त टीम ने जायस, गांधीनगर , गौरीगंज पेट्रोल पंपो पर बिना हेलमेट के तेल डलवाने वाले 40 वाहन चालकों का चालान किया गया। वहीं जनपद में एक अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं दुर्घटना का शिकार होते हैं अधिकांश लोगों की मौत बिना हेलमेट लगाए हुए लोगों की हो जाती है जिसको देखते हुए प्रदेश सरकार ने यह नियम लागू कर दिया गया है कि पेट्रोल पंप पर तेल भराने वह सड़क पर चलने के लिए हेलमट की आवश्यकता लोगों के लिए बेहद जरूरी है।

आकाशीय बिजली से किसान की मौत

लालगंज रायबरेली। आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे किसान की मौत हो गई। बेहटा कला गांव निवासी छेदीलाल 65 वर्ष शाम लगभग 4 बजे मवेशी लेकर खेत की तरफ गया था। बरसात के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छेदीलाल की मौत हो गयी। क्षेत्रीय लेखपाल ऋषिकांत मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक तीन पुत्रों राजेश, सर्वेश, राजेंद्र व एक पुत्री कृष्णा कुमारी का पिता था। छेदीलाल की मौत पर पत्नी श्याम दुलारी समेत अन्य परिवारजन का रो रो कर बुरा हाल है।

प्रथम सांसद फिरोज गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रायबरेली। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं रायबरेली जनपद के प्रथम सांसद स्व.फिरोज गांधी की पुण्यतिथि पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि स्व.फिरोज गांधी अपनी बेबाक छवि के लिए प्रसिद्ध थे, कई बार ऐसे मौके आये जब फिरोज गांधी अपनी ही सरकार के विरूद्ध खड़े दिखाई दिये, स्व.फिरोज गांधी एक कुशल राजनेता के साथ ही निर्भीक पत्रकार भी थे, नेशनल हेराल्ड और द नव जीवन समाचार पत्र का अपने प्रकाशन भी किया और अपनी कलम से कई गम्भीर विषयों को उठाया, स्वतंत्रता आन्दोलन में भी आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रही।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें अधिकारी

- डीएम-एसपी ने तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 68, पुलिस 9, विकास 4 एवं अन्य 16 कुल 97 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ० यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीमें मौके पर जाकर करें मामले का निस्तारण

महराजगंज रायबरेली। राजस्व संबंधी जमीनी विवादों में आने वाले शिकायती पत्रों पर राजस्व विभाग की टीम व पुलिस विभाग की टीम दोनों मौके पर जाकर मामले का निस्तारण सुनिश्चित करें जिससे महाराजगंज क्षेत्र में होने वाले जमीनी विवाद पर विराम लग सके यह उद्गार आज तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी गौतम सिंह व्यक्त कर रहे थे। सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी गौतम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमे कुल 37 शिकायती पत्र आए जिसमे से सर्वाधिक शिकायतें राजस्व 20 पुलिस 4 विकास 3 अन्य 10 मौके पर मात्र 4 शिकायतो का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने अधिनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि मौके पर पक्षों की उपस्थिति में शिकायतो का निस्तारण करे लापरवाही किसी भी दशा में बर्दास्त नही की जायेगी। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, नायब तहसीलदार सत्यराजा , उमेश चंद्र त्रिपाठी राजस्व निरीक्षक अहमद, उमेश दीक्षित, धर्मेंद्र द्विवेदी, लेखपाल राजीव मिश्र, अमित शुक्ला, सुनील यादव सहित महराजगंज बछरावा, शिवगढ़, चंदापुर थाना संबधित सब इंस्पेक्टर मौजूद रहें।

32 शिकायतों में 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

सलोन,रायबरेली। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश की अध्यक्षता में सलोन तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने कहा कि यदि एक ही शिकायत बार बार समाधान दिवस में आएगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसलिए एक ही बार में समस्या का सही से निस्तारण कर दिया जाए ।सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए एसडीएम चन्द्र प्रकाश ने कहा कि किसी भी फरियादी की समस्या का समाधान पूरी कर्तव्यनिष्ठा और गुणवत्ता के साथ कर उससे फोन द्वारा अवश्य पूछ लें कि जिससे वह फिर से शिकायत ना कर सके। यदि शिकायतकर्ता फिर शिकायत करता है तो दोनों पक्षों को बैठाकर समस्या का निस्तारण करे। साथ ही शिकायतकर्ता से फोन द्वारा जानकारी लेकर अपने उच्चाधिकारी को अवश्य अवगत करायें कि उसकी समस्या का समाधान पूरी निष्ठा के साथ किया गया है ।राजस्व विभाग 7, पुलिस 4, विकास 10, विद्युत 4, नलकूप 1, शिक्षा विभाग 1, स्वास्थ्य विभाग 1, पूर्ति विभाग 4 शिकायती पत्र आये। इस मौके पर तहसीलदार दीपिका सिंह, बीडीओ शशि कुमार तिवारी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

गोलहा मजरे जिहवा गांव में जमीनी विवाद में हुआ खूनी संघर्ष

कोतवाली क्षेत्र के गोलहा मजरे जिहवा गांव में जमीनी विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग चोटिल हुए हैं। जिसमें चिकित्सकों ने एक की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गोलहा मजरे जिहवा गांव में सोमवार को सुबह 6 बजे दरवाजे के सहन की जमीन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े जिसमें एक पक्ष से रवि शंकर पुत्र राम आधार, रामकुमार पुत्र राम आधार घायल हुए हैं। रवि शंकर की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तो वहीं दूसरे पक्ष से कमलेश, रामसनेही, राम फेर, रामबरन, सरोज आदि लोग योजना बद्ध तरीके से आए और दोनों भाइयों को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा जिसमें रवि शंकर को गंभीर चोटें आई हैं, तथा दूसरे पक्ष के भी चोटिल लोगों का प्राथमिक उपचार कराकर घर भेज दिया गया है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

पूर्व प्रधान के पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत पर सदर विधायक ने जतायी शोक संवेदना

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के गदियानी मजरे सरायदामू गाँव के पूर्व प्रधान कुंवर बहादुर यादव के पुत्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु की सूचना पर उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिवार को ढाढस बंधाया। सदर विधायक द्वारा लगातार तीन दिवस से क्षेत्र में कई ग्राम पंचायतों में शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कर रही है। क्षेत्र के अंतर्गत दाऊद नगर में विजय प्रताप सिंह मखदूमपुर में कल्लू सिंह के पुत्र, पूरे शिवा मजरे सिधौना में शिव बहादुर यादव व गोडधरा मजरे पिंडारी कला में डॉ० पवन की पुत्र वधू के निधन उपरांत शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। वहीं सदर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत हरदासपुर में अंजली मिश्रा के निधन, जमालपुर करौदी के इन्द्रेश यादव के निधन, सिधौना के सोनू पासी के भाई का निधन, दुसौती के दूधनाथ सिंह के निधन, झकरासी के पूर्व प्रधान अरुण यादव के पुत्र के निधन, सुल्तानपुर अइमा के विमल पांडेय के निधन की सूचना मिलने पर इन सभी के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। वहीं हरियावा के पूर्व प्रधान रामचन्द्र यादव के भाई की तेरहवीं में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

चिकित्सक लिख रहे बाहरी दवाएं

- वृद्ध ने कहा अस्पताल में जांच, दवा, बाहर से लिख रहे चिकित्सक

जिला संवाददाता

गौरीगंज, अमेठी। प्रदेश की योगी सरकार में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक आये दिन स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए अस्पतालों का निरीक्षण करते रहते हैं लेकिन अमेठी में डिप्टी सीएम के आदेश की अवेहलना कर बाहर से हजारों की दवाएं लिखी जा रही है।

बताते चलें कि सोमवार को संयुक्त जिला अस्पताल गौरीगंज में अपने नाती दुर्गेश की दवा कराने आये वृद्ध शारदा प्रसाद निवासी टिकावर विकास भेंटुआ, अमेठी ने बताया कि हमारे नाती के पेट में इंफेक्शन हो गया है कमरा नं. 5 में डाक्टर प्रवीण गौतम को दिखाया तो उन्होंने 1400 रुपए की बाहर से

जांच व 970 रुपए की दवा बाहर वाले मेडिकल स्टोर से लाने को कहा। आखिरकार गरीब आदमी इस आशा विश्वास के साथ जिला अस्पताल आता है कि उसका इलाज कम पैसों से हो जाय। गौरतलब हो कि अमेठी जनपद के तिलोई विधानसभा से भाजपा से विधायक मयंकेश्वर शरण को स्वास्थ्य विभाग का राज्यमंत्री बनाया गया है ऐसे में सवाल उठता है कि अमेठी जनपद की बिगड़ी स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था पर कब शिकंजा कसा जायेगा। वहीं सीएमओ अंशुमान सिंह विगत दिनों सीएचसी शुकुल बाजार व सिंहपुर सीएचसी का निरीक्षण किया था बावजूद इसके चिकित्सको को सीएमओ का डर नहीं है। *इस सम्बन्ध में सीएमएस बद्री प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सको को बाहर की दवा लिखने का प्राविधान नहीं है अस्पताल में सभी प्रकार की दवाएं उपलब्ध है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।*

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम प्रशिक्षण का शुभारंभ

बांसी, सिद्धार्थनगर। बांसी, सिद्धार्थनगर के जोगिया क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कार्यक्रम का प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद द्वारा किया गया.। मौके पर एआरपी उत्कर्ष श्रीवास्तव,अनिरुद्ध मौर्य, उमेश त्रिपाठी तथा शैलेश श्रीवास्तव ने दो कक्षों में प्रशिक्षण की शुरूआत करवाई। इस कार्यक्रम में कुल 460 शिक्षक हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण 5 चरणों में होगा। प्रत्येक चरण में 100 शिक्षक प्रशिक्षण लेंगे। शिक्षकों को 50-50 की संख्या में दो बैचों में बांटा गया है ।खंड शिक्षा अधिकारी कमला प्रसाद ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण में शिक्षक मनीष दुबे, नंदकुमार, शत्रुघ्न, प्रदीप कुमार, और अभिषेक त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

नौवीं कक्षा की छात्रा तालाब में डूबी, शव बरामद

सुलतानपुर। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कटघरा पट्टी गांव में नौवीं कक्षा की एक छात्रा तालाब में मृत पायी गयी। छात्रा रविवार शाम घर से निकली थी तथा अगले दिन सोमवार को तालाब में उसका शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक कटघरा पट्टी में बरसातू की 16 वर्षीय पुत्री अर्चना रोज की तरह शाम में घर से निकली थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई। पूरी रात उसे गांव-गांव, रिश्तेदारों और आसपास के खेत-खलिहान में तलाशा गया, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह कुछ ग्रामीण जब तालाब की ओर गये तो अर्चना का शव पानी में नजर आया। घटना की सूचना मिलते ही दोस्तपुर के थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

संपत्ति विवाद में युवक की मौत

हरदोई । जिले के पिहानी क्षेत्र में संपत्ति के झगड़े को लेकर दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में चाकू लगने से एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान ने सोमवार को बताया कि पिहानी थाना क्षेत्र के समथरी गांव में रविवार शाम जमीन और खेत को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में अतुल सिंह (32) गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अतुल लुधियाना में मजदूरी करता था और दो-तीन दिन पहले ही गांव लौटा था। उसका अंबरीश सिंह नामक व्यक्ति से जमीन को लेकर रंजिश और खेत के समझौते को लेकर विवाद था। पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच गोलियां चल चुकी थीं। रविवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और मारपीट शुरू हो गई। चौहान ने बताया कि इसी बीच आरोपी अंबरीश सिंह ने चाकू से हमला कर अतुल को लहूलुहान कर दिया। घटना में आरोपी भी घायल हुआ लेकिन वह फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। हत्या की सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि परिजनों से तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

गोलीबारी मामले के तीन आरोपित गिरफ्तार, मुठभेड़ में दो घायल

मेरठ । जिले में लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में गोलीबारी की घटना में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान दो आरोपी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि पिछली छह सितंबर को लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के तारापुरी निवासी जावेद पर तीन बदमाशों दानिश, आमिर और अकरम ने गाली-गलौज करते हुए गोलियां चलायी थीं। इस हमले में बाल-बाल बचे जावेद ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लिसाड़ी गेट थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रविवार रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों आरोपितों को ग्राम नरहाड़ा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आमिर और दानिश ने बताया कि घटना में इस्तेमाल किये गये तमंचे मदीना कॉलोनी फेस-2 के पास झाड़ियों में छिपाये गये हैं। पुलिस टीम जब आरोपितों को तमंचों की बरामदगी के लिए मौके पर लेकर गई तो दोनों ने पुलिस पर गोलियां चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आमिर के दाहिने पैर और दानिश के बाएं पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दानिश के खिलाफ लिसाड़ी गेट थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं।

बारावफात के जुलूस में फलस्तीन का झंडा लहराने पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज

कन्नौज। जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र में बारावफात के जुलूस में फलस्तीन का झंडा लहराने पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक प्रताप अजेय ने सोमवार को बताया कि गुरसहायगंज इलाके में शुक्रवार को बारावफात के जुलूस के दौरान फलस्तीन का झंडा लहराये जाने का एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर सामने आया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की पड़ताल के दौरान आरोपियों की पहचान शोएब और अयान नामक युवकों के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालना) और 19612 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास या भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) के तहत रविवार को एक मामला दर्ज करके दोनों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों से पूछताछ की जा रही है। अजेय ने बताया कि युवकों को फलस्तीन के झंडे कहां से मिले, उसकी भी पड़ताल की जा रही है।

महिला का धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

नोएडा। नोएडा में एक महिला का, प्रलोभन और धमकी देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई महिला के पति शिवम शर्मा द्वारा उच्च न्यायालय में दायर एक रिट याचिका के बाद की गई जिसमें उसने अपनी गुमशुदा पत्नी की तलाश किए जाने का अनुरोध किया था। इसके बाद मामले की जांच गढ़ी चौखंडी चौकी के प्रभारी योगेंद्र सिंह द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि गावं गढ़ी चौखंडी निवासी शर्मा की पत्नी मई में लापता हो गई थी, जिसे बाद में पुलिस ने चेन्नई (तमिलनाडु) से बरामद कर लिया। थाना फेज-तीन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि महिला ने खुलासा किया कि बहरामपुर गांव में किराए पर रहने वाला बिहार के सिवान का मूल निवासी राजा उर्फ एहसान उसे प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया था। महिला ने धर्म परिवर्तन कर एक मई 2025 को राजा से निकाह कर लिया। राजा, उसके पिता बिस्मिल्लाह मियां, मां अनीशा बेगम और भाई इरशाद ने प्रलोभन और धमकी देकर महिला का धर्म परिवर्तन कराया और निकाह करवाया। निकाहनामा की छायाप्रति देखने पर यह पाया गया कि महिला के पिता का नाम फर्जी लिखा गया, साथ ही राजा ने अपनी मां को महिला की फूफी और अपने भाई को महिला का भाई बताया था। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच अधिकारी (उप निरीक्षक) की शिकायत पर राजा, इरशाद, बिस्मिल्लाह, अनीशा बेगम तथा काजी मोहम्मद अजीमुद्दीन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शराब के नशे में पुत्र की कुल्हाड़ी से हत्या

प्रयागराज। जिले के गंगा नगर में सोरांव थाना अंतर्गत ग्राम अहिवीपुर में जमीन बेचने को लेकर हुए विवाद में रविवार की रात एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से अपने बेटे की कथित तौर पर हत्या कर दी। अपर पुलिस उपायुक्त (गंगा नगर) पुष्कर वर्मा ने बताया कि सोमवार की सुबह सोरांव थाना अंतर्गत अहिवीपुर के ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना दी कि उनके गांव के लालजी उर्फ बहराइच यादव ने शराब के नशे में बीती रात अपने बड़े बेटे विनोद कुमार यादव (25) की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर मौके पर पहुंचे सोरांव थाना प्रभारी और एसीपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच में पाया कि मृतक के पिता लालजी यादव शराब के आदी हैं और उन्होंने अपनी जमीन बेच दी थी। वर्मा ने बताया कि जमीन बेचने को लेकर लालजी यादव और उनके बड़े बेटे विनोद यादव के बीच कल रात विवाद हुआ और लालजी यादव ने शराब के नशे में अपने बेटे विनोद पर कुल्हाड़ी से वार किया जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा अभियुक्त लालजी यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जर्जर मकान की छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत

सहारनपुर । सहारनपुर जिले में सोमवार तड़के एक जर्जर मकान की छत गिरने से 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और तीन बच्चे बाल-बाल बच गए क्योंकि वे घर के दूसरे हिस्से में सो रहे थे। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि यह घटना गंगोह थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुजरान में हुई, जहां अफसारून नामक एक व्यक्ति अपने कच्चे मकान में सो रहा था। सुबह जब छत गिरी, तब उसकी पत्नी और बच्चे मकान के दूसरे हिस्से में थे। जैन ने कहा, घर की हालत खराब थी और पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण उसमें पानी टपक रहा था। सोमवार सुबह छत गिर गई, जिससे अफसारून मलबे में दब गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से शव को मलबे से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आरआरएसजीएस में मनाया गया 'ग्रैण्ड पैरेंट्स डे'

अमेठी। स्थानीय ब्लॉक के रामनगर में स्थित राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल (आरआरएसजीएस) में सोमवार को ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों के दादा-दादी का तिलक लगाकर एवं आरती करके विद्यालय में स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने अपने ग्रैंड पैरेंट्स के लिए सुंदर कार्ड बनाकर उनको गिफ्ट किए। शिक्षिकाओं द्वारा दादा और दादी को स्टीकर भेंट करके उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा ग्रैंड पैरेंट्स के बीच में म्यूज़िकल चेयर और बॉल बैलेंसिंग विथ पेपर खेलों का भी आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त सभी ग्रैंड पैरेंट्स ने अपने ग्रैंड चाइल्ड के साथ रैम्प वॉक भी किया। इस अवसर पर यूकेजी के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुति दी। कुछ अभिभावकों ने भी पुराने और गानों पर डांस किया। कक्षा एक से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों ने अपने कला शिक्षक और कक्षाध्यापिका के साथ मिलकर अपने ग्रैंड पैरेंट्स के लिए धन्यवाद कार्ड बनाए। विद्यालय के शिक्षक शशांक शर्मा ने परिवार और परिजनों पर गीत प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने घर में दादा-दादी और नाना-नानी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों के बचपन के सबसे बड़े दोस्त उनके ग्रैंड पैरेंट्स होते हैं। हमें अपने ग्रैंड पैरेंट्स का सदैव ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने विद्यालय में आने के लिए सभी अभिभावकों के प्रति आभार भी प्रकट किया।

पीएम के जन्मदिवस से महात्मा गांधी की जयंती तक मनेगा 'सेवा पखवाड़ा

विशेष संवाददाता

- मुख्यमंत्री योगी ने की सेवा पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा
- अंत्योदय से राष्ट्रोदय' के भाव का साकार स्वरूप होगा 'सेवा पखवाड़ा: मुख्यमंत्री
- विशिष्टजनों का होगा सम्मान, दिव्यांगों बंटेंगे सहायक उपकरण
- प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर होगी नमो वन और नमो पार्क की स्थापना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक प्रस्तावित 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होने वाला यह सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रमों का आयोजन नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व, कृतित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्गों की सेवा का सुअवसर है। यह अंत्योदय से राष्ट्रोदय' की भावना का साकार स्वरूप होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर होगा। 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी और इसका समापन 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, वोकल फॉर लोकल के तहत मेले-प्रदर्शनियाँ, युवाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं, चित्रकला प्रतियोगिताएं, मैराथन और प्रधानमंत्री के जीवन पर प्रदर्शनी जैसे विविध कार्यक्रम सभी जनपदों में आयोजित किए जाएँ। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो और सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि तथा पार्टी पदाधिकारी सेवा भाव से सक्रिय रूप से सम्मिलित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता अभियान पहले दिन से प्रारम्भ हो, ताकि नवरात्रि से पूर्व प्रदेश में साफ-सफाई और व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जन्मदिवस सभी देशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर है। उनके नेतृत्व में भारत ने राष्ट्र निर्माण की नई ऊँचाइयां हासिल की हैं। सेवा, समर्पण और सुशासन की उनकी कार्यशैली ने वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को और सशक्त किया है। सेवा पखवाड़ा के माध्यम से हम सभी ह्यसेवा परमो धर्म के संदेश को धरातल पर उतारेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस अवसर पर वृहद पौधरोपण करते हुए नमो वन और नमो पार्क की स्थापना भी की जाए। उन्होंने कहा कि जयंती पर संगोष्ठी, पुष्पांजलि, वृक्षारोपण और स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। गांधी जी के स्वदेशी और स्वच्छता के संदेश तथा शास्त्री जी के जय जवान-जय किसान के मंत्र को लोगों के जीवन में उतारने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित, प्रेरक और प्रभावशाली हों। प्रत्येक आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार हो तथा उनकी रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से तैयार कर नमो ऐप और सरल पोर्टल पर अपलोड की जाए।

संक्षेप

हिंदू महिला को जबरन ई रिक्शे में बैठाने पर हंगामा

मथुरा। शहर के डैम्पियर नगर इलाके में बीतीरात उस समय हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गयी जब एक युवक ने एक विवाहित महिला को ई रिक्शे में में जबरन बैठाकर अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध जताने पर यह सब देख रहे लोग मौके पर इकटठे हो गये और हंगामे की स्थिति बन गयी। इसी बीच किसी ने डायल 112 को इसकी सूचना दे दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी। आरोपी युवक मुस्लिम समुदाय से है जबकि महिला हिंदू है।बताया गया कि बीतीरात लगभग साढे आठ बजे शहर कोतवाली के डैम्पियर नगर क्षेत्र में गौरव गैस्ट हाउस के निकट एक युवक ने राह गुजरती महिला को ई रिक्शे में जबरन बैठाने का प्रयास किया।इसका महिला ने विरोध किया तो दोनों में कहासुनी होने लगी। धक्का मुक्की और खींचातानी देख वहां मौजूद लोग रूक गये और युवक को पकड़ लिया। पूरा मामले की लोगों ने जानकारी ली तो पता चला कि सदर बाजार क्षेत्र का रहने वाला युवक जीशान पुत्र रहीश है और उसका धौलीप्याऊ क्षेत्र की रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग रहा था।

कनिष्ठ सहायक और एक्स-रे टेक्नीशियन को केबिनेट मंत्री ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज लखनऊ लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत नवचयनित कनिष्ठ सहायक एवं एक्स-रे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्रीजी ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित अभ्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का मथुरा कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी द्वारा की गई।

नियुक्ति पत्र वितरण के दृष्टिगत आयोजित कार्यक्रम में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, मेयर विनोद अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा जनपद के नव चयनित 8 कनिष्ठ सहायक एवं 2 एक्स-रे टेक्निशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए ।कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने जनपद मथुरा के नव चयनित अभ्यर्थियों ो नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक व जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव यादव ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार, डॉ अनुज चैधरी, डॉ भूदेव सिंह ,डॉ रोहिताश सिंह, डॉ पियूष सोनी ,जिला प्रशासनिक अधिकारी डॉ अनुज कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी जितेंद्र सिंह, डीसीपीएम पारुल शर्मा, फौजिया खानम, ओम शर्मा आदि उपस्थित रहे। नियुक्ति पत्र पाने वालों में अभिषेक चैधरी, जयवीर , कपिल देव दीक्षित , विनीता सिंह पवन कुमार आदि रहे।

जिला कांग्रेस ने चलायी प्रियंका रसोई बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचायी खाद्य सामग्री

मथुरा। कांग्रेस के नेता प्रियंका गांधी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर के द्वारा मथुरा में यमुना के बाढ़ पीड़ितों के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को प्रियंका रसोई का शुभारंभ कर दिया गया। यहां से कांग्रेसी कार्यकर्ता खाद्य सामग्री को बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उनके द्वारा पूरे जिले में खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कार्यालय पर पहली बार इस प्रकार का नजारा देखने को मिला। पूरा कांग्रेस कार्यालय रसोई घर में तब्दील हो गया है। कहीं पर हवाई तो कहीं पर कांग्रेसी कार्यकर्ता खाद्य सामग्री को पैकेट में डालते नजर आ रहे हैं। खाद्य सामग्री को पैकेट में बंद करके कांग्रेसी कार्यकताओं के द्वारा यमुना किनारे के उन क्षेत्रों तक पहुंचा जा रहा है जहां पर बाढ़ से पीड़ित लोग मौजूद थे यह काम कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में किया जा रहा है। सोमवार को सुबह 8 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर के द्वारा प्रियंका गांधी रसोई का शुभारंभ कर दिया गया और जन-जन तक यह संदेश पहुंचाया गया की बाढ़ पीड़ितों के साथ कांग्रेस कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी है उन्होंने कहा कि जनपद के किसी भी व्यक्ति की पीड़ा उनकी खुद की पीड़ा है बाढ़ पीड़ितों को वह किसी प्रकार से भूखा नहीं सोने देंगे। प्रियंका गांधी रसोई में सेवा कार्य करने के लिए सोमवार को पहुंचने वाले कांग्रेसी कार्यकताओं में मनोज गौड़ उमा शंकर शर्मा अनाम धन्य तिवारी महेश चैबे प्रेम शंकर शर्मा रमेश कश्यप बलबीर सिंह प्रधान अरनव चैधरी शैलेंद्र चैधरी विष्णु पांडे अप्रतिम सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

पुलिस मुठभेड़ में 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने 15000 रुपये के इनामी गैंगस्टर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया है। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान धरमई की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल हीरो स्पेल्डर रंग काला बिना नम्बर पर सवार एक व्यक्ति आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया लेकिन अभियुक्त मोटरसाइकिल वापस मोडकर भागने के प्रयास में हडबडाकर गिर गया, उक्त संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम को अपनी ओर आते देख पुलिस टीम पर फायर कर दिया जिसमें पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जबाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान गैगस्टर लखन पुत्र महेन्द्र गिहार निवासी गिहार कॉलोनी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई जो 15000 रुपये का इनामिया है, जिसके विरुद्ध थाना सिरसागंज पर लगभग 20 मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवा कर अभियुक्त के कब्जे से एक तंमचा मय एक जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस व एक मोटरसाइकिल थाना सिरसागंज से लूट से संबंधित 5200 रुपए चोरी के 03 मोबाइल बरामद किए है।

मंगल बाजार स्थानांतरण को विहिप बजरंग दल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

फिरोजाबाद। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पदाधिकारियों द्वारा मंगल बाजार स्थानांतरण के संबंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी विभाग संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद सुनील महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा बजरंग दल संयोजक सत्यम शर्मा आदि के नेतृत्व में मंगल बाजार स्थानांतरण को लेकर नगर आयुक्त ऋषि राज से मिले इस दौरान प्रांत मंत्री राकेश त्यागी ने कहां कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा वर्ष 2022 में आंदोलन किया था उसके उपरांत कोटला चुंगी से लेकर फिरोजाबाद क्लब के बीच में लगने वाले अवैध मंगल बाजार को बंद कर दिया था परंतु कुछ समय बाद अवैध रूप से मंगल बाजार लगने लगा जिसके लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा लगातार अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है वर्ष 2025 में दोबारा से मंगलवार स्थानांतरण के आदेश होने के उपरांत भी मंगल बाजार नहीं हटा है अगर अवैध मंगल बाजार नहीं हटाया जाता है तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आंदोलन किया जाएगा तथा न्यायालय में शरण ली जाएगी जिस पर नगर आयुक्त ऋषि राज द्वारा आश्वासन दिया गया की विगत 15 दिनों के अंदर मंगल बाजार कोटला चुंगी से फिरोजाबाद क्लब के बीच में लगता है उसकी दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया जाएगा इस दौरान सह मंत्री शैलेंद्र कुलश्रेष्ठ नितिन चौहान गौरव कुलश्रेष्ठ मनोज शर्मा मयंक ठाकुर राकेश कंडेरे अनिल दिक्षित शिवम निर्दोष अग्रवाल विकास झा नितिन राठौड़ कपिल आकाश दीपक झा कप्तान राठौड़ करण वाल्मीकि आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संस्कृति विवि शिक्षा, संस्कृति और धर्म के क्षेत्र में मील का पत्थर: चौ. लक्ष्मीनरायण

जिला संवाददाता

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल सभागार में 14वें श्री शारदा शताब्दी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि, कैबिनेट मिनिस्टर लक्ष्मीनरायण चैधरी ने कहा कि मेरे क्षेत्र में छह विश्वविद्यालय हैं लेकिन अकेला संस्कृति विवि ऐसा विवि है जो शिक्षा के साथ-साथ धर्म और संस्कृति को साथ लेकर चल रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि ये विवि देश के विद्यार्थियों को सुदृढ़ भविष्य निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

डेयरी मंत्री ने कहा कि मैं तो इस विवि से शुरू से ही जुड़ा हूं और क्षेत्र की जनता भी इस विश्वविद्यालय से लगाव रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए कितने सौभाग्य कि बात है कि शंकराचार्य शारदा सर्वज्ञ पीठाधीश्वर स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ जी महाराज संस्कृति विवि में चातुर्मास कर रहे हैं। आज उनके दर्शन हुए, ये मेरा सौभाग्य

है। आज इस समारोह में सम्मानित होने वाले सनातन संस्कृति के वैश्विक दूतों को मैं बधाई देता हूं।दीप प्रज्वलन के बाद संस्कृति विवि के संतोष मैमोरियल सभागार में श्रीमद् जगदगुरु शंकराचार्य शारदा सर्वज्ञ पीठाधीश्वर स्वामी श्री अमृतानंद देव तीर्थ जी महाराज की उपस्थिति में सनातन संस्कृति की पवित्र धारा को विश्व मंच पर प्रज्वलित करने वाली प्रतिष्ठित हस्तियों को श्री शारदा शताब्दी विद्या-विवेक रत्न, श्री शारदा वाणी-प्रकाश रत्न, श्री शारदा शताब्दी शक्ति-नाद रत्न प्रदान किए गए। महाराष्ट्र के उप मुख्य मंत्री एकनाथ शिंदे को उनकी अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि को, विजन दिव्यांग फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, सेवानिवृत आईएएस डा. विश्वपति त्रिवेदी, सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग जम्मू, आईएएस एजाज असद को उनकी अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि को, पूर्व डीजीपी आईपीएस ओम प्रकाश सिंह, सागर शिवाजी राव जोंघले मुबई, अखिल भारतीय श्रध्दालु सभा ब्रज किशोर दुबे, लोक नायक ओरछा, मध्य प्रदेश उमेश यादव, संस्कृति विवि की सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा, अखिल भारतीय फुटवीयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन डावर, संयुक्त सचिव भारतीय विवि संघ आलोक कुमार मिश्र को श्री शारदा शताब्दी विद्या-विवेक रत्न 2025 से सम्मानित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संभल आईपीएस कु. अनुकृति शर्मा, वरिष्ठ पेशेवर भारतीय सेना से सेवानिवृत मेजर जनरल हरि सिंह, बनारस हिंदू विवि की डा. प्रियंका सिंह, उद्योगपति, पर्यावरणविद् मथुरा रंजीत चतुवेर्दी, पूर्व सैन्य अधिकारी जम्मू एंड कश्मीर डा. अशोक रैना, सेवा निवृत वायु सेना अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर अतुल कुमार सिंह, समाजिक कार्यकर्ता आगरा, मनीष अग्रवाल, प्रबंधक श्रीमती शांति देवी डिग्री कालेज आगरा भूप सिंह इंदौलिया, बरसिया एडवरटाइसिंग लि. के सीईओ भारत बरसिया को शारदा शताब्दी-वाणी प्रकाश रत्न 2025 से सम्मानित किया गया। डा. कृष्णकांत द्विवेदी, सैफ खान बाबा, कृष्ण चंद्र बाजपेयी, प्रो. डा. विनोद कुमार नागर, पूर्व कार्यकारी निदेशक, पावर ग्रिड कार्पोरेशन सुभाष चंद्र सिंह को शारदा शताब्दी शक्ति नाद रत्न 2025 से सम्मानित किया गया। सभी हस्तियों को शंकराचार्य शारदा सर्वज्ञ पीठाधीश्वर स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ महाराज और कैबिनेट मंत्री चै. लक्ष्मीनरायण द्वारा सम्मानित किया गया। श्रीमद् जगदगुरु शंकराचार्य शारदा सर्वज्ञ पीठाधीश्वर स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ महाराज द्वारा संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता को पटुका ओढ़ाकर, माला भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी विशिष्ठ जनों को संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया।समारोह के दौरान हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आडियो द्ववीडियो के माध्यम से समारोह के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह में वक्ताओं ने पाक अधिकृत काश्मीर में स्थित शारदा पीठ की प्राचीनता और इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसकी जीर्ण दशा पर चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने शारदा पीठ को पुनः हासिल करने के लिए समवेत स्वर में मांग उठाई। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति विवि छात्रा तपस्या, जाह्नवी पाराशर ने किया समारोह के आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में संस्कृति विवि के डा. रजनीश त्यागी, डा. डीएस तोमर, डा. एकता कपूर का विशेष योगदान रहा।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन*

टूंडला। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही किसानों की समस्?याओं का जल्द निस्तारण कराने को कहा है। पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह जादौन के नेतृत्व में दोपहर बाद पदाधिकारी तहसील प्रांगण पहुंचे। उन्होंने एसडीएम अंकित वर्मा को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों को खाद न मिलने से फसलों की पैदावार प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार से किसानों के लिए बिजली की आपूर्ति को आठ घंटे से बढ़ाकर 16 घंटे करने की मांग की। साथ ही यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से यमुना तलहटी के गांव की फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा देने की मांग की। साथ ही निराश्रित पशुओं से फसलों को बचाने के लिए किसानों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बैंकों में किसानों से क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर बसूली की जा रही है। जिस पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, युवा जिलाध्यक्ष वरुण प्रताप सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरिता जादौन, अभिषेक चौहान, योगेंद्र सिंह, रमेश सिंह, गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त जग प्रवेश का गुरुकुल विद्यालय राहत केंद्र का निरीक्षण

मथुरा। यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने से मथुरा-वृंदावन के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित बाढ़ राहत केंद्रों एवं शेल्टर होम्स में ठहराया गया है।

आज नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गुरुकुल विद्यालय, वृंदावन में स्थापित बाढ़ राहत केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविरों में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं भोजन, शुद्ध पेयजल, मेडिकल कैंप, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता आदि का गहन जायजा लिया।

इस अवसर पर राहत केंद्र में मौजूद परिवारों को खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के साथ-साथ नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। राहत केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, भोजन, शौचालय, प्रकाश एवं जनरेटर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही नियमित रूप से एंटी-लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, सफाई एवं चूना छिड़काव भी कराया जा रहा है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष टीमों को शिफ्ट वाइज ड्यूटी में तैनात किया गया है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि शिविरों में स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। समय-समय पर शौचालयों की सफाई सुनिश्चित हो। एंटी-लार्वा एवं फॉगिंग का कार्य नियमित रूप से चलता रहे और कर्मचारी निर्धारित शिफ्ट के अनुसार अपनी ड्यूटी पर मुस्तैदी से कार्य करें।

समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

फिरोजाबाद। जन समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सिरसागंज में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में आयोजित किया गया, समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह जन समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाएं,जिससे जनता की समस्याओं को प्रारंभिक स्तर पर ही समाधान किया जा सके,इस दौरान कानून व्यवस्था राजस्व, पंचायती राज नगर पंचायत इत्यादि से संबंधित सर्वाधिक मामले आए,इसी दौरान प्रेमचंद नामक फरियाद ने यह शिकायत की कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, कृपया हमारी पुश्तैनी जमीन को इन दबंगों से मुक्त कराया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार और एस0ओ0 की संयुक्त टीम भेजकर मामले के तुरंत निस्तारण हेतु आदेश दिए। इसी तरह प्रार्थी सुनील कुमार जो ग्राम वीरई जहानाबाद का रहने वाला है, उसने शिकायत की कि उसका परिवार कच्चे मकान में रहता है अत्यधिक बारिश के कारण उसका मकान ढह गया है, अतः मुझको आवास दिलाया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी और बीडीओ की संयुक्त टीम गठित कर जांच कर उनकी वास्तविक स्थिति से अवगत होकर इनको संपूर्ण मदद दिलाने जाने की बात कही। इसी प्रकार एक महिला उषा देवी ने फरियाद की कि मां वैष्णो देवी हॉस्पिटल में इलाज के नाम पर उससे अधिक पैसे वसूल किए गए,उषा देवी का कहना था कि मेरे इलाज में लगे संपूर्ण धनराशि की फाइल मुझे बनकर दिया जाए, उन्होने बताया कि मेरा हेल्थ इंश्योरेंस है, बार-बार अनुग्रह करने के बावजूद मुझे फाइल नहीं दी गई, बल्कि उसके एवज में मुझे पैसा और मांगा जा रहा है, जिलाधिकारी ने इस बात पर तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मामले की जांच कर संपूर्ण परिस्थितियों को तत्काल अवगत कराने की बात कहीं, जिससे उनके साथ न्याय हो सके, इसी तरह से कुल 48 मामले आए 5 मामलों का जिलाधिकारी ने निस्तारण किया,शेष का निस्तारण समयबद्धता से निस्तारण करने के आदेश दिए। जिलाधिकारी ने इसके अलावा मुकेश कुमार राजस्व निरीक्षक को अपने कार्यों में लापरवाही और शिथिलता बरतने पर चार्जशीट देने के निर्देश दिए, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री बने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिला संयोजक

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी के संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने वाले वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री संजय शर्मा को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला संयोजक (मथुरा महानगर) नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में हर्ष का वातावरण है। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी, विजय शर्मा, लोकेश तायल, ललित अग्रवाल, हरिओम शर्मा, श्याम शर्मा, लोकेश निषाद, पार्षद सुभाष यादव, अनीश वर्मा, मुनेश दीक्षित, पार्षद नीलम गोयल, हेमंत, धर्मेश तिवारी, पार्षद अंकुर गुर्जर, पार्षद हनुमान गुर्जर, अंकुर अग्रवाल सहित अनेक कार्यकताओं ने संजय शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि संजय शर्मा के संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली से आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा को निश्चित ही मजबूती मिलेगी।

नाबालिग की मौत

आगरा। खंदौली थाना क्षेत्र के गांव लहलर में एक 17 वर्षीय छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। छात्रा का शव उसके कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। मृतका की मां का निधन 17 वर्ष पहले हुआ था। तब वह मात्र 6 महीने की थी। तब से उसका पालन-पोषण हाथरस जिले के हसायान थाना क्षेत्र में रहने वाले उसके नाना टीकाराम ने किया। वहीं उसकी पढ़ाई भी हुई। दो दिन पहले नाना टीकाराम अपनी नातिन को उसके पिता के पास लाए थे। उन्होंने कहा था कि अब वह यहीं रहेगी और यहीं से उसकी शादी होगी। इसके बाद से छात्रा गुमसुम रहने लगी थी। वह किसी से बात नहीं कर रही थी। रविवार की रात जब वह खाना खाने नहीं आई, तो पिता ने कमरे में जाकर देखा। कमरे का दरवाजा खोलते ही उन्हें छात्रा का शव दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आगरा में बाढ़, यमुना किनारा रोड पर आया पानी

आगरा। यमुना का जलस्तर खतरे के स्तर को पार कर गया है। रविवार दोपहर तक यमुना का पानी गांवों में आया था, लेकिन शाम होते होते यमुना का पानी अब शहर के मुख्य मार्ग पर भी आ गया है। यमुना किनारा हाथी घाट रोड पर यमुना का पानी भर गया। इससे यमुना किनारे के ट्रांसपोर्ट कारोबारी परेशान है। वहीं कैलाश व आसपास के कई गांवों में प्रशासन ने रात तक लोगों को राहत शिविर में भेजा। 500 लोग अब तक पलायन कर चुके हैं। वहीं, कैलाश गांव में पानी भर गया। गांव की बिजली काट दी गई है। दिल्ली, नोएडा मथुरा में बाढ़ ने हालात खराब कर दिए हैं। आगरा में भी अब यमुना विकराल हो गई है। रविवार सुबह यमुना का जलस्तर 499.80 फीट तक पहुंच गया है। इसके चलते यमुना किनारा रोड पर भी यमुना का पानी आ गया। रविवार रात को पानी के बीच से वाहन गुजरते दिखे। लोगों ने

बताया कि बेलनगंज में 1978 में बाढ़ में पानी आया था। उसके बाद अब यहां तक पानी आया है। अगर जलस्तर और बढ़ता है तो पानी शहर में घुस जाएगा। इससे परेशानी हो सकती है। यमुपा किनारा रोड पर पानी आने से मोतीगंज और ट्रांसपोर्ट व्यापारियों में खलबली है। स्ट्रेची ब्रिज के नीचे दो दिन पहले भी 4 फीट तक पानी भर गया था। यमुना किनारा रोड पर बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के गोदाम हैं। ऐसे में यमुना किनारा रोड पर पानी आने से ट्रांसपोर्ट कारोबारी परेशान हैं। गोदाम में पानी भरने से उनका नुकसान हो सकता है। वहीं, मोतीगंज के व्यापारी भी बाढ़ को लेकर चिंतित हैं। शनिवार सुबह यमुना का जलस्तर 498.91 फीट था, जबकि रविवार सुबह बढ़कर 499.11 फीट हो गया। दिल्ली के ओखला बैराज से दो लाख क्यूसेक व गोकुल बैराज से रविवार सुबह 1.5 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। यह पानी आगरा की ओर बढ़ रहा था। अनुमान है कि रविवार शाम तक यमुना 500 फीट के स्तर को पार कर जाएगी। ऐसा होने पर तटवर्ती इलाकों में तबाही हो सकती है। बता दें कि यमुना का लो फ्लड लेवल 495 फीट, खतरे का निशान 499 फीट और हाई फ्लड लेवल 557 फीट है। 1978 में हाई फ्लड लेवल तक पहुंचने से आगरा में बाढ़ आ गई थी। यमुना किनारे के गांवों में पानी घुसने लगा है। कैलाश गांव में पानी भर चुका है। वहीं मनोहरपुर, यमुना से सटे दयालबाग के रिहायशी इलाके और गांव, बटेश्वर में मंदिर श्रंखला तक पानी घुस चुका है। ताजमहल के पीछे एडीए के प्वाइंट तक पानी भर गया है। ताज के पीछे मेहताब बाग में दो फुट तक पानी भर गया है। गांव में पानी भरने के बाद अधिकांश लोग अपने घरो से पलायन कर गए हैं। घरों पर ताला लटका है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में जो रह गए हैं, वह भी अपना सामान पैक करके जा रहे हैं।

श्रीबांके बिहारी मंदिर में महिला श्रद्धालु और सुरक्षाकर्मी में मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

मथुरा। वृंदावन बांकेबिहारी मंदिर में सोमवार उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब दर्शन के दौरान श्रद्धालु और सुरक्षाकर्मी आपस में भिड़ गए। श्रद्धालुओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच वीआईपी दर्शन को लेकर हाथपाई हुयी। बताया गया कि यह घटना मंदिर में राजभोग आरती के समय की है, जब दिल्ली के शालीमार गार्डन निवासी अशोक सबलोक अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचे थे। दर्शन के दौरान सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं को आगे बढ़ाने के लिए जोर दे रहे थे। इसी बीच अशोक सबलोक ने आपत्ति जताई, जिस पर बात बढ़ गई और दोनों के बीच धक्का-मुक्की के बाद मारपीट शुरू हो गई। अशोक की पत्नी रेनू सबलोक ने आरोप लगाया कि भीड़ अधिक नहीं थी, इसके बावजूद काले कपड़ों में मौजूद गार्ड और कुछ पुलिसकर्मियों ने उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया। मारपीट के दौरान उनके बाल खींचे गए, गाली-गलौज की गई और जमीन पर गिराया गया। इस मामले में परिवार ने वृंदावन कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। मामले ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच अफरा-तफरी मचा दी। पुलिस और सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। चैकीप्रभारी शिव कुमार शर्मा के अनुसार, मामूली विवाद बढ़ने से मारपीट की नौबत आई थी। दोनों पक्षों से शिकायतें मिली हैं और जांच की जा रही है। वहीं सुरक्षा गार्ड प्रभारी अटल बाबू यादव का कहना है थ्क श्रद्धालुओं ने ही गार्डों से अभद्रता की और हाथापाई की है।

दुल्हन गहने, नकदी और सोना लेकर अलीगढ़ जाते समय गायब

आगरा। अछनेरा के गांव मंगूरा में शादी के दो दिन बाद दुल्हन गहने, नकदी और सोना लेकर अलीगढ़ जाते समय गायब हो गई। परिजनों ने थाने में नामजद तहरीर दी, पुलिस मामले की जांच कर रही है। अछनेरा क्षेत्र के गांव मंगूरा में शादी के दो दिन बाद दुल्हनलापता हो गई। घर से गहने भी ले जाने का आरोप है। पीड़ित परिवार ने इसे संगठित गिरोह की करतूत बताते हुए थाने में तहरीर दी है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मंगूरा निवासी मूकबधिर बलराम की शादी 4 सितंबर 2025 को किरावली के भूरी सिंह ने कराई थी। रुद्रपुर (उत्तराखंड) की रहने वाली युवती से शादी मथुरा दीवानी कोर्ट में हुई थी। शादी कराने के एवज में बलराम के परिजनों से एक लाख रुपये लिए गए थे। आरोप है कि शादी के दो दिन बाद 6 सितंबर को दुल्हन को अलीगढ़ ले जाया जा रहा था। परिजनों ने उसके साथ सोना-चांदी और 50 हजार नकद भी दिए थे। रास्ते में मथुरा पहुंचते ही दुल्हन बहाने से उतरी और गहने, नकदी समेत लापता हो गई। पीड़ित पक्ष ने दुल्हन और उसके साथियों के खिलाफ नामजद तहरीर थाना अछनेरा में दी है। थाना प्रभारी अछनेरा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मारपीट में छः लोग घायल

आगरा। बाह थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा में रविवार को दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में कुल 6 लोग घायल हुए। एक पक्ष से खुशबू (पत्नी दिनेश), उमेश (पुत्र बालकृष्ण) और अनीता (पत्नी उमेश) घायल हुए। दूसरे पक्ष से शिवराज और राहुल (दोनों कप्तान सिंह के पुत्र) तथा सगुना देवी (कप्तान सिंह की पत्नी) को चोटें आईं। सूचना मिलते ही बाह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया और उनका मेडिकल परीक्षण कराया। ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच जमीन की सीमा और दीवार निर्माण को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

संक्षेप

टाटा के ग्राहकों को मिलेगा जीएसटी कटौती का पूरा लाभ

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज घोषणा की कि वह अपने कमर्शियल वाहनों की संपूर्ण रेंज पर हाल ही में की गई जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। यह बदलाव 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होगा, जब संशोधित जीएसटी दरें लागू होंगी। कमर्शियल गाड़ियों वाहनों पर जीएसटी को 18% तक कम करना भारत के परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को मजबूत करने का एक बड़ा और सही समय पर उठाया गया कदम है। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और माननीय वित्त मंत्री के नेतृत्व में जीएसटी परिषद के सुधारों से प्रेरित होकर, टाटा मोटर्स पूरे देश में अपने सभी वाणिज्यिक वाहनों पर जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देने के लिए गर्व महसूस करता है। हमारी विश्वसनीय विरासत और आधुनिक वाहनों व मोबिलिटी समाधानों के साथ, हम उन लोगों के लिए हमेशा पहली पसंद बने रहते हैं जो भारत को आगे बढ़ाते हैं—व्यवसायों को मजबूत करते हैं, मोबिलिटी को आसान बनाते हैं और विकास को गति देते हैं।

निसान ने ग्राहकों को दिया जीएसटी कटौती का पूरा लाभ

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने भारत सरकार द्वारा घोषित जीएसटी की नई दरों का स्वागत किया है। कंपनी ने कहा है कि इस कदम से आगामी त्योहारी सीजन में ग्राहकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। त्योहारी सीजन ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए बहुत अहम समय होता है। ग्राहकों की संतुष्टि एवं पारदर्शिता को लेकर निसान की प्रतिबद्धता के तहत निसान मोटर इंडिया सुनिश्चित करेगी कि जीएसटी की दरों में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को मिले। निसान का कहना है कि इससे न केवल रिटेल डिमांड बढ़ेगी, बल्कि इससे ऑटोमोटिव सेक्टर को नई ताकत भी मिलेगी। त्योहारी सीजन में पारंपरिक तौर पर बिक्री में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। सरकार की नीति में इस सकारात्मक बदलाव को देखते हुए कंपनी को ग्राहकों के बढ़ने और बाजार में मजबूती दिखने की उम्मीद है। दरों में बदलाव के बाद नई निसान मैग्नाइट विसिया एमटी अब 6 लाख रुपये से कम में उपलब्ध है। इससे भारत की सबसे सुरक्षित एवं किफायती बी-एसयूवी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

सैमसंग ने गैलेक्सी एम्पावर्ड को मुंबई में लॉन्च किया

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज अपने गैलेक्सी एम्पावर्ड कार्यक्रम का मुंबई चैप्टर लॉन्च किया। इस अनूठे समुदाय-प्रेरित कार्यक्रम का मकसद शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और स्कूल प्रशासकों को नए डिजिटल टूल्स और आधुनिक शिक्षण विधियों से प्रशिक्षित करके कक्षाओं में बदलाव लाना है। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम की सफल शुरूआत के बाद, जहां 250 से अधिक स्कूलों में 2,700 से ज्यादा शिक्षकों को प्रमाणित किया गया, गैलेक्सी एम्पावर्ड अब मुंबई में अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। मुंबई, भारत का वित्तीय और शैक्षिक केंद्र है और इस कार्यक्रम की मदद से कंपनी देश के शिक्षा तंत्र पर स्थायी प्रभाव डालना चाहती है। मुंबई लॉन्च इवेंट में महाराष्ट्र और पड़ोसी राज्यों के 250 स्कूलों से 350 से अधिक शिक्षक और स्कूल लीडर्स एकत्र हुए, जो इस कार्यक्रम की गति और शिक्षकों में व्यावसायिक विकास की मांग को दर्शाता है।

बीएसए गोल्ड स्टार ने भारत में मनाई पहली वर्षगांठ

बंगलुरू। बीएसए गोल्ड स्टार पिछले साल भारत में वापस आई थी, अपने साथ असली ब्रिटिश मोटरसाइक्लिंग का बेमिसाल आकर्षण लेकर इसने बड़े सिंगल-सिलेंडर इंजनों के परिष्कार का एक नया मानक भी तय किया। एक साल बाद, इस क्लासिक सिंगल को बीएसए के पहले एक्सचेंज प्रोग्राम के साथ मनाया जा रहा है, जिसे खास तौर पर त्योहारी सीजन के लिए पेश किया गया है। भारत में लॉन्च के बाद से बीएसए गोल्ड स्टार ने वफादार राइडर्स का एक समूह बनाया है। यह बीएसए की आत्मा को एक ऐसे रूप में आगे बढ़ाता है जो क्लासिक भी है और आधुनिक भी।

सन किंग लाया नयी पहचान

भुवनेश्वर। सन किंग ने आज अपना नया लोगो और नई ब्रांड पहचान लॉन्च की। यह बदलाव कंपनी की लगातार बढ़ती प्रगति और भविष्य की सोच को दर्शाता है। नई पहचान यह दिखाती है कि अपने ग्राहकों, व्यवसायों और समुदायों को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से काम कर रहा है।

सेंसेक्स में 76 अंकों की उछाल

मुंबई। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 76 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की तेजी आई। इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक बाजारों में तेजी आई, जिसका घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

कारोबार के आखिरी घंटे में निवेशकों की मुनाफावसूली के बावजूद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 76.54 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और बाद में वाहन, पेट्रोलियम और निजी बैंक शेयरों में तेजी के साथ 460.62 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 81,171.38 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में बिकवाली ने अंत में बढ़त को सीमित कर दिया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 32.15 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,773.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 3.97 प्रतिशत की तेजी रही जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इसके अलावा मारुति, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, ट्रेंट में 3.81 प्रतिशत की गिरावट आई। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, टीसीएस, पावरग्रिड और सन फार्मा भी भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। घरेलू बाजार अपनी शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका क्योंकि सत्र के आखिर में हुई बिकवाली ने गिरावट पर खरीदारी, तेजी पर बिकवाली की प्रचलित रणनीति को प्रतिबिंबित किया। इससे निवेशक सतर्क दिखे। जीएसटी दरों में कटौती के बाद मांग में सुधार की उम्मीद में वाहन और सहायक कंपनियों के शेयरों में तेजी जारी रही, जबकि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयर कमजोर रहे। अमेरिका में नौकरियों के कमजोर आंकड़ों से सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बाद वैश्विक स्तर पर धारणा कुछ मजबूत हुई है। बीएसई में सूचीबद्ध 2,286 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही जबकि ।,940 में गिरावट दर्ज की गयी। 181 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अमेरिका में जारी आंकड़ों के अनुसार, गैर-कृषि क्षेत्र में केवल 22,000 नौकरियां जुड़ीं, जबकि बेरोजगारी दर 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई। इन कमजोर आंकड़ों से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने को लेकर उम्मीद बढ़ी है।

सोना रिकॉर्ड स्तर से 200 रुपये टूटा, चांदी भी कमजोर

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की ताजा बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं और 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये टूटकर ।,06,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

शनिवार को, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 900-900 रुपये बढ़कर क्रमशः ।,07,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और ।,07,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। चांदी भी बिकवाली के दबाव में रही और ।,000 रुपये की गिरावट के साथ ।,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शनिवार को चांदी ।,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। इस बीच, वायदा बाजार में, सोने और चांदी ने शुरुआती गिरावट के बाद तेजी से वापसी की और नए शिखर को छुआ। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में, अक्टूबर डिलिवरी वाले सोने की कीमत 447 रुपये बढ़कर ।,08,175 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इसी प्रकार, दिसंबर वायदा भी 370 रुपये की छलांग लगाकर 1.09 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। सोना अब भी तेजड़ियों के नियंत्रण में हैअ सोमवार को शुरुआती कारोबार में इसकी थोड़ी कमजोर शुरुआत हुई। हालांकि, सुरक्षित निवेश की मांग, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और स्थिर अमेरिकी डॉलर के समर्थन से, यह शुरुआती गिरावट से उबरकर तेजी की ओर बढ़ा। चांदी वायदा कीमतों में और भी मज़बूत वापसी हुई। सोमवार को मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलिवरी वाले चांदी की कीमत ।,703 रुपये बढ़कर ।,26,400 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुँच गई। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 35.11 डॉलर या एक प्रतिशत की तेज़ी के साथ 3,621.92 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। इसके अलावा, कॉमेक्स पर दिसंबर डिलिवरी के लिए सोना वायदा 3,662 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

अप्रैल-अगस्त में रहा कोयला उत्पादन 38.17 करोड़ टन

एजेंसी

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में देश का कोयला उत्पादन 0.6 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 38.17 करोड़ टन रहा। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

पिछले साल की अप्रैल-अगस्त अवधि में घरेलू कोयला उत्पादन 38.40 करोड़ टन रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-अगस्त, 2025 के दौरान कुल 38.17 करोड़ टन कोयला उत्पादन में से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 28.01 करोड़ टन का योगदान दिया। सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) ने 2.41 करोड़ टन और निजी उपभोग वाली खदानों और अन्य स्रोतों ने 7.74 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। हालांकि, अगस्त माह में देश का घरेलू कोयला उत्पादन 11.5 प्रतिशत बढ़कर 6.98 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले के समान माह में 6.26 करोड़ टन था। सार्वजनिक क्षेत्र के कोल इंडिया लिमिटेड की देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

छुट्टियों के बीच नकद निपटान तिथियों में संशोधन

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को कहा कि पांच सितंबर और आठ सितंबर को समाशोधन निगम के निपटान अवकाश घोषित करने के बाद नकद, वायदा-विकल्प और प्रतिभूति ऋण और उधार तंत्र खंडों के लिए निपटान चक्र को संशोधित किया गया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा कि यह निर्णय शेयर बाजारों और समाशोधन निगम से परामर्श के बाद लिया गया। बयान के मुताबिक, वायदा-विकल्प खंड के लिए तीन कारोबारी दिन- यानी चार सितंबर, 2025 (बृहस्पतिवार), पांच सितंबर, 2025 (शुक्रवार) और आठ सितंबर, 2025 (सोमवार) के लिए निपटान नौ सितंबर, 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा। नकद और एसएलबीएम खंड के लिए चार और पांच सितंबर को किए गए सौदों का निपटान भी नौ सितंबर को किया जाएगा। दूसरी ओर आठ और नौ सितंबर के सौदों का निपटान 10 सितंबर को किया जाएगा। इससे पहले शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने पांच सितंबर को निपटान अवकाश घोषित किया था। महाराष्ट्र सरकार के मुंबई शहर और उपनगरीय जिले में ईद-ए-मिलाद के सार्वजनिक अवकाश को आठ सितंबर के लिए स्थानांतरित करने के बाद एक्सचेंजों ने बताया कि पांच और आठ सितंबर, दोनों दिन निपटान अवकाश होंगे। निपटान अवकाश ऐसे दिन होते हैं, जब शेयर बाजार कारोबार के लिए खुले रहते हैं, लेकिन एनएसडीएल और सीडीएसएल जैसी डिपॉजिटरी बंद रहती हैं। निवेशक इन दिनों खरीद और बिक्री के आदेश दे सकते हैं, लेकिन शेयरों की डिलिवरी अगले दिन नहीं होती है।

भारत व्यापार समझौतों में किसानों और एमएसएमई के हित सुरक्षित रखने को प्रतिबद्ध

नयी दिल्ली। भारत किसी भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को समान, न्यायसंगत और संतुलित बनाना चाहता है क्योंकि सरकार किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही। यह बयान ऐसे समय आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इससे अमेरिकी बाजार में माल भेजने वाले निर्यातकों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत अपनी प्राथमिकताओं, खासकर किसानों, मछुआरों, एमएसएमई क्षेत्र और डेयरी को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशीलता के साथ काम करता है। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए भारत वैश्विक स्तर पर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना चाहता है। (लेकिन) इसमें परस्परता होनी चाहिए और यह समान, न्यायसंगत और संतुलित होना चाहिए। भारत इस समय यूरोपीय संघ समेत कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। इसके अलावा भारत की द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका के साथ भी बात चल रही है। हालांकि, शुल्क मुद्दों पर जुड़े तनाव के बीच इस समझौते पर बातचीत फिलहाल रुक गई है।

वाहनों की खुदरा बिक्री 2.84 प्रतिशत बढ़कर 1964547 इकाई पर

नयी दिल्ली। भारत में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री अगस्त में मामूली रूप से 2.84 प्रतिशत बढ़कर 19,64,547 इकाई रही।

पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 19,10,312 इकाई था। वाहन उद्योग के निकाय फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। ग्राहकों ने कीमतों में कमी की उम्मीद करते हुए जीएसटी सुधारों से पहले खरीदारी रोक दी थी। फाडा ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने यात्री वाहनों की बिक्री मामूली रूप से बढ़कर 3,23,256 इकाई हो गई, जबकि अगस्त 2024 में यह 3,20,291 इकाई थी। इसमें सालाना आधार पर 0.93 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। इस साल अगस्त में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 2.18 प्रतिशत बढ़कर 13,73,675 इकाई रही। फाडा ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में पूछताछ मजबूत रही, जिसकी वजह ओणम और गणेश चतुर्थी जैसे त्योहारों की शुरुआत थी। हालांकि, उत्तर भारत में अत्यधिक बारिश और स्थानीय बाढ़ ने ग्रामीण क्षेत्रों में मांग को बाधित किया। वाहन निकाय ने कहा कि ऐतिहासिक जीएसटी 2.0 घोषणा के कारण भी खरीदारों ने कम दरों की उम्मीद में खरीदारी सितंबर तक टाल दी। बयान में कहा गया कि बाजार की समग्र धारणा स्थिर है और डीलरों को विश्वास है कि आगामी त्योहारी सत्र में मजबूत वृद्धि की गति मिलेगी। फाडा ने कहा कि वाणिज्यिक वाहन खंड में इस साल अगस्त में बिक्री 8.55 प्रतिशत बढ़कर 75,592 इकाई रही। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री ।,03,105 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 2.26 प्रतिशत कम है। अगस्त पारंपरिक रूप से त्योहारों की खुशियों का महीना होता है। ओणम और गणेश चतुर्थी खुशी के मौसम की शुरुआत करते हैं। ग्राहकों ने अच्छी पूछताछ और बुकिंग के साथ मजबूत उत्साह दिखाया। बस जीएसटी 2.0 की वजह से सितंबर की मांग में कुछ देरी हुई।

पंजाब बाढ़ः फसल नुकसान के लिए प्रति एकड़ 20,000 रुपये का मुआवजा

चंडीगढ़। पंजाब मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य में बाढ़ से फसल को हुए नुकसान के लिए 20,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देने का फैसला किया।

मंत्रिमंडल ने जिसदा खेत, उसकी रेत नामक एक योजना को भी मंजूरी दी, जिसके तहत किसानों को बाढ़ के बाद अपने खेतों में जमा रेत निकालने और बेचने की अनुमति होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने मोहाली के एक अस्पताल से मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता की। वहां उन्हें थकावट और नब्ज धीमी चलने की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। बैठक के बाद एक वीडियो संदेश में, मान ने कहा, हम किसानों को अपने खेतों से रेत निकालने की अनुमति दे रहे हैं। अगर आप रेत बेचना चाहते हैं या अपने लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में किसानों ने अपने खेतों में बाढ़ के पानी के साथ आई रेत के जमा होने पर चिंता व्यक्त की थी। मान ने कहा कि जहां तक बाढ़ से फसल को हुए नुकसान का सवाल है, राज्य सरकार प्रभावित किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देगी। उन्होंने दावा किया, अब तक यह देश में किसी भी राज्य द्वारा दिया जाने वाला अधिकतम मुआवजा है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुआवजे के चेक आपको (किसानों को) सौंप दिए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, बाढ़ में 1.76 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। मान ने यह भी कहा कि बाढ़ में अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले परिवारों को चार लाख रुपये दिए जाएंगे। प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए घरों का सर्वेक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार, सहकारी समितियों और राज्य कृषि बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों के लिए कर्ज चुकाने की समयसीमा छह महीने बढ़ा दी गई है। अगले छह महीने तक कोई किस्त नहीं देनी होगी और उस पर कोई ब्याज भी नहीं जोड़ा जाएगा। मान ने यह भी कहा कि राज्य सरकार मवेशियों, बकरियों और मुर्गी पालन के नुकसान के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

छात्र, फैकल्टी, एल्युमनाई व उद्योग जगत दिखे एक मंच पर

लखनऊ। जयपुरिया फाउन्डेशन ने लखनऊ स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट में आयोजित एक समारोह में अपनी 30 वर्षों की अकादमिक उत्कृष्टता का जश्न मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर छात्र, फैकल्टी, एल्युमनाई तथा प्रतिष्ठित विचारक एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञ, बदलावकारी शिक्षा में संस्थान की विरासत तथा भावी लीडरों को बढ़ावा देने की इसकी अथक प्रतिबद्धता का जश्न मनाने के लिए इकट्ठा हुए। एक संस्थान के लिए फाउन्डेशन डे का आयोजन सिर्फ एक समारोह नहीं बल्कि यह याद करने का मौका है कि हम क्या थे और भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। 30 सालों की यात्रा में हमने हर दिन, हर घण्टे, हर पल पहले से बेहतर करने का प्रयास किया है। डॉ कविता पाठक, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट ने कहा कि कुल 30 सालों में से 20 सालों तक इस संस्थान के साथ जुड़ी रही हूं। लीडरशिप दृष्टिकोण ने हमेशा संस्थान को विश्वस्तरीय दृष्टिकोण दिया।

पेज एक का शेष

आधार नागरिकता

12वें दस्तावेज के रूप में शामिल करने के अनुरोध से कोई व्यावहारिक उद्देश्य पूरा नहीं होगा। पीठ ने आधार अधिनियम 2016 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का हवाला दिया और कहा कि यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है, लेकिन इसे पहचान के प्रमाण के रूप में माना जा सकता है। एक सितंबर को, राजनीतिक दलों द्वारा समयसीमा बढ़ाने के लिए दायर कुछ अर्जियों पर सुनवाई करते हुए, शीर्ष अदालत को निर्वाचन आयोग ने सूचित किया था कि एसआईआर की कवायद के तहत बिहार में तैयार की गई मसौदा मतदाता सूची में दावे, आपत्तियां और सुधार एक सितंबर के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इन पर विचार किया जाएगा।

सीएम योगी

स्वयंसेवी संगठन पीड़ितों के साथ खड़े हो जाते हैं, तो सरकार के प्रयासों को और मजबूती मिलती है। उत्तर प्रदेश में बाढ़ को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए योगी ने कहा कि इस वर्ष अभी तक राज्य इस आपदा से बचा हुआ है, हालांकि निचले स्तर पर जल-भराव हुआ है। व्यापक पैमाने पर बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए समय पर किए गए प्रावधानों का परिणाम है कि आज हम इस आपदा को नियंत्रण के करीब पहुंच चुके हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का जिक्र किया, जहां बाढ़ आई है, जैसे यमुना नदी का क्षेत्र—सहारनपुर, बागपत, गौतम बुद्ध नगर से लेकर प्रयागराज तक, जहां गंगा से मिलती है। साथ ही बिजनौर से बलिया तक गंगा के मुहाने, सरयू, घाघरा, रामगंगा और हिंडन नदी के इलाकों में पुख्ता व्यवस्था की गई है। इन नदियों में अगर जल ओवरफ्लो से जन-धन की हानि हुई, तो सरकार ने तत्काल राहत सामग्री पहुंचाई है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में बरसात के समय अगर कोई जंगली जानवर, सांप या बिच्छू किसी व्यक्ति को काटता है और दुर्भाग्यपूर्ण मौत होती है, तो पीड़ित परिवार को सरकार चार लाख रुपये का मुआवजा तत्काल उपलब्ध करवाती है। आपदा से अगर किसी गरीब का मकान गिर गया, तो नया आवास बनाने के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है। अगर जमीन और मकान नदी में विलीन हो गया या कटान की चपेट में आ गया, तो परिवार को जमीन का पट्टा और मकान बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। जहां गांव जल-प्लावित हुए, वहां सुरक्षित शिविरों में पहुंचाने के साथ ब्रेकफास्ट, दोपहर और शाम का भोजन, बच्चों के लिए दूध और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी ने कहा कि जो सामग्री उत्तर प्रदेश में वितरित की जाती है, उसी को आज इन 48 ट्रकों के माध्यम से उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब के बहनों-भाइयों के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि अगर कहीं आपदा आएगी, उत्तर प्रदेश सहायता के लिए तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल में बादल फटने और अतिवृष्टि से बड़ी तबाही हुई है, इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार और नागरिकों की ओर से पांच करोड़ रुपये की सहायता उत्तराखंड को और पांच करोड़ रुपये हिमाचल सरकार के राहत कोष के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इस सहायता को पहुंचाने के लिए सरकार के मंत्री कुंवर बृजेश सिंह उत्तराखंड जाएंगे, जबकि मंत्री जसवंत सैनी हिमाचल प्रदेश की राहत सामग्री और धनराशि लेकर जाएंगे। पंजाब के लिए सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुम्बर राहत सामग्री लेकर जाएंगे।

एक परिवार के

असुरक्षित, व्यापारी असहाय, किसान आत्महत्या को मजबूर होता था। परंपरागत उद्यम बंदी के कगार पर जा रहे थे। अराजकता का वातावरण था। त्योहारों से पहले दंगे शुरू हो जाते थे, लेकिन 8 वर्ष से हर जनपद, समुदाय और व्यक्ति उत्साह व उमंग के साथ त्योहारों में सहभागी बनता है। आज सामाजिक सौहार्द भी है, जो राष्ट्रीय एकता को संबल देता है। लोगों का उत्साह व उमंग यूपी के विकास का जज्बा लेकर आगे बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। सोमवार को प्रदेश में 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम के हाथों हरदोई की प्रीति, सुल्तानपुर से जनेश्वर द्विवेदी, सीतापुर से अंजू देवी, बाराबंकी से पुनीत कुमार, अयोध्या से काजल दुबे, लखनऊ से मो. रफद खान, लखनऊ से कनक शर्मा, अंबेडकरनगर से नुरुद्दीन, गोरखपुर से अनुराधा मिश्रा, सीतापुर से राहुल कुमार वर्मा, लखनऊ से कोमल रावत, लखनऊ से सौरभ सिंह, बाराबंकी से स्नेहा वर्मा, सीतापुर से शिवशंकर, अयोध्या से प्रियंका वर्मा, लखनऊ से विदित मौर्य, अंबेडकरनगर से सविता, रायबरेली से सोनू लाल तथा एक्सरे टेक्नीशियन सीतापुर से विश्वनाथ श्रीवास्तव, लखनऊ से साक्षी गुप्ता, सीतापुर से मोहनलाल वर्मा, सीतापुर से विपिन कुमार को नियुक्ति पत्र मिला।

सीएम योगी ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सकता है। स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज और समर्थ राष्ट्र के निर्माण में भूमिका का निर्वहन कर सकता है। जब व्यक्ति ही स्वस्थ नहीं तो व्यवस्था कैसे स्वस्थ होगी। जब व्यवस्था ही अस्वस्थ हो जाएगी तो उसके सारे पिलर ध्वस्त दिखाई देंगे। सीएम ने नकारात्मकता फैलाने वालों पर तंज कसा। बोले कि कुछ लोगों के पास काम नहीं है। वे केवल स्मार्ट फोन से नकारात्मकता देखते हैं। वे कहीं की फोटो कहीं लगाकर नकारात्मकता भरेंगे और शासन, विभाग और आपकी छवि को खराब करेंगे। उनसे सतर्क रहना होगा। ईमानदारी से कार्य करते हुए बिना भय के बेहतर करने की स्थिति पैदा करनी चाहिए। सीएम ने कहा कि यूपी आगे बढ़ रहा है। इस सीजन में कभी अनेक बीमारियां भय का कारण बनती थीं, लेकिन अब बीमारी समाप्त हो चुकी है। मलेरिया, डेंगू, कालाजार, चिकनगुनिया, इंसेफेलाइटिस से लोग मरते थे। कोई पूछता नहीं था, लेकिन आज बीमारी नियंत्रण में है। यह परिणाम बताते हैं कि कुछ अच्छा किया गया है। आपको कोई सिफारिश व लेनदेन नहीं करना पड़ा, इसलिए आप भी हर जरूरतमंद के प्रति श्रद्धा, सम्मान का भाव रखते हुए बेहतर सेवा करें। भेदभाव कतई नहीं होना चाहिए। 2017 के पहले व्यवस्था में यही घुन लग चुका था, जो उसे खोखला किए जा रहा था, लेकिन पीएम मोदी के विजनरी लीडरशिप में यूपी ने समस्या के समाधान के साथ ही सभी मानकों को प्राप्त किया।

नेपाल में

में धारणा यह है कि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला होगा और सेंसरशिप की नौबत आ सकती है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने देश में अपंजीकृत सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगाने के अपने सरकार के फैसले का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्र को कमजोर किए जाने के प्रयास कभी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अब तक जो सोशल मीडिया क्रांति के लिए लोगों को एकजुट कर रही थी, अब उसी सोशल मीडिया के लिए नेपाल की सड़कों पर प्रदर्शन हो रहा है। नेपाली अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यह प्रतिबंध इसलिए लगाया क्योंकि ये प्लेटफॉर्म दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्राधिकारियों के साथ पंजीकरण कराने में विफल रहे थे, जिसमें नफरत फैलाने वाले भाषण और फर्जी खबरें फैलाने तथा धोखाधड़ी करने के लिए फर्जी सोशल मीडिया खातों का इस्तेमाल करना शामिल था।

26 सोशल

जेड (16 से 30 साल) के युवा 8 सितंबर को राजधानी काठमांडू की सड़कों पर उतर आए, जिनकी संख्या 12,000 से अधिक बताई जा रही है। इन्होंने संसद में घुसकर जमकर बवाल काटा। कथित तौर पर सेना की फायरिंग में करीब 14 युवाओं की मौत हो गई है। नेपाल का सरकार का यह फैसला पूरी दुनिया के सामने एक आईना रख रहा है कि हम तकनीक का उपयोग कर रहे हैं या उसके जाल में फंसते जा रहे हैं?

28 आईपीएस

पुलिस महानिदेशक थे। उन्हें अब पुलिस महानिदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा बनाकर लखनऊ लाया गया है। के. सत्यनारायण, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, निदेशालय, उत्तर प्रदेश से पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन। मीना राजेश पी. राव, पुलिस महानिरीक्षक, एसआईटीसीडी, मुख्यालय, लखनऊ से पुलिस महानिरीक्षक, जीआरपीसी मुख्यालय, लखनऊ भेजा गया है। अनीस अहमद अंसारी को पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय से पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय, लखनऊ भेजा गया है। इसी तरह सुभाष चन्द्र दुबे को पुलिस महानिरीक्षक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा निदेशालय से पुलिस महानिरीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ भेजा गया है।

अगला उप

(प्रतीकात्मक) मतदान में हिस्सा लिया ताकि मंगलवार को मतदान के बाद उनका एक-एक वोट वैध करार हो ।विपक्षी सांसदों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका वोट बर्बाद न हो, क्योंकि पिछली बार कुछ वोट अवैध घोषित कर दिए गए थे। इस बीच, राजग ने भी चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए अपने सांसदों की बैठक की। सदस्यों ने मॉक मतदान में भी भाग लिया।

गैरकानूनी कृत्यों

भेजी जाए। नदी-नालों के पास निर्माण की अनुमति पर प्रतिबंध सख्ती से लागू किया जाए। प्रतिबंधों का अनुपालन न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को मानकानुसार त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए।

मोदी करेंगे पांच दिवसीय यूपी आईटीएस का शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' से दुनिया भर के उद्यमियों, विनिमार्ताओं और व्यापारियों को परिचित कराने वाले वार्षिक आयोजन 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो' का तीसरा संस्करण आगामी 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट में आयोजित होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से किया जाएगा। तीसरे संस्करण में पार्टनर कंट्री के रूप में रूस की सहभगिता होगी। सोमवार को तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब तक यूपीआईटीएस के दो संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। वर्ष 2023 में हुई शुरूआत ने प्रदेश के निर्यात को नई गति और वैश्विक पहचान दी है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का बेहतरीन अवसर बताते हुए कहा कि यह आयोजन आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा और ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिमार्ताओं और निर्यातकों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि इस वर्ष ट्रेड शो में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, पीएम स्वनिधि और पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही अन्य सभी प्रमुख विभाग भी अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करें, ताकि यह आयोजन प्रदेश की ब्रांडिंग का सशक्त माध्यम बन सके। मुख्यमंत्री ने बायर-सेलर मीट की व्यवस्था तथा इसमें सहयोग के लिए सीएम फेलो की तैनाती करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार के आयोजन में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित उत्तर प्रदेश के उद्यमियों/शिल्पकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए।

भारत ने सिंगापुर को 12-0 से हराया

हॉकी : भारत अपना अगला मैच सुपर चार चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा

एजेंसी

हांगझोउ (चीन)। नवनीत कौर और मुमताज खान की हैट्रिक की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल बी मैच में सिंगापुर को 12-0 से रौंदा। नवनीत (14वां, 18वां, 28वां मिनट) और मुमताज खान (दूसरा, 32वां और 38वां मिनट) के अलावा, नेहा (11वां मिनट, 38वां मिनट) ने दो जबकि लालरेम्सियामी (13वां मिनट), शर्मिला देवी (45वां मिनट) और रुतुजा पिसल (52वां मिनट) ने भी भारत के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारत ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 11-0 से हराया था, जबकि गत चैंपियन जापान के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत अपना अगला मैच सुपर चार चरण में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज सिंगापुर के खिलाफ भारतीय टीम ने दो मिनट के अंदर ही गोल कर शानदार शुरुआत की। मुमताज के सर्कल के कोने से लगाये जोरदार रिवर्स शॉट का सिंगापुर की रक्षापंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच पर अपना दबदबा कम नहीं होने दिया और आठवें मिनट में टीम ने पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन यह प्रयास जाया हो गया। टीम ने 11वें से 14 वें मिनट के अंदर तीन गोल कर पहले क्वार्टर में ही सिंगापुर को बैकफुट पर धकेल दिया। इसकी शुरुआत नेहा ने रिबाउंड पर गोल कर की। मैच के 13वें मिनट में लालरेम्सियामी के गोल से टीम की बढ़त 3-0 हो गयी। नवनीत ने इसके एक मिनट के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 4-0 कर दिया। सिंगापुर ने दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम को कुछ समय तक रोके रखा लेकिन नवनीत ने एक और दमदार प्रयास करके 20वें मिनट में स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर दबाव बनाए रखा और उनमें से तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत ने गोलकीपर को चकमा देकर अपनी हैट्रिक पूरी की। उदिता ने इसके तुरंत बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल किया जिससे मध्यांतर तक भारत को 7-0 की शानदार बढ़त मिल गई। लालरेम्सियामी ने 32वें मिनट में मुमताज को एक शानदार पास दिया, जिससे स्कोर 8-0 हो गया। भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और 38वें मिनट में नेहा ने एक बार फिर गेंद को गोल में डालकर स्कोर 9-0 कर दिया। इसके बाद मुमताज ने मैच में हैट्रिक लगाने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनी। इस क्वार्टर के अंत में भारत को मैच का 12वां पेनल्टी कॉर्नर मिला। नेहा की जोरदार हिट को सिंगापुर के गोलकीपर ने बचा लिया, लेकिन रिबाउंड पर शर्मिला ने गोल कर बढ़त को 11-0 कर दिया। भारत ने मैच के आखिरी क्वार्टर में दबाव बनाए रखा और 53वें मिनट में एक शानदार डिफ्लेक्शन के साथ रुतुजा पिसल ने अपना नाम स्कोरशीट में दर्ज कराया। सिंगापुर ने सांत्वना गोल के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन भारत के दबदबे के सामने उनकी एक नहीं चली। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं और दोनों पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर चार की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। एशिया कप विजेता टीमें बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

वहीं दूसरी ओर भारतीय हॉकी टीम के लिए कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को हटाकर युवा खिलाड़ियों को मौका देने का दांव एशिया कप में सही साबित हुआ जिसके फाइनल में टीम ने दक्षिण कोरिया को 4-1 के बड़े अंतर से हराकर आठ साल बाद इस खिताब जीतने के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप का टिकट पक्का किया। यह जीत टीम को भविष्य में और बदलाव कर युवाओं को अधिक मौके देने के लिए प्रेरित करेगी। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के तीन खिलाड़ियों, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह और नीलकंठ शर्मा को की जगह मिडफील्डर राजिंदर सिंह और स्ट्राइकर शिलानंद लकड़ा को टीम में शामिल किया गया था। यह कदम एक मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ क्योंकि दोनों युवा खिलाड़ियों ने सिर्फ एक-एक गोल करने के बावजूद हाल ही में खत्म हुए टूर्नामेंट में काफी प्रभावित किया। भारत की कोर टीम में भविष्य में कुछ और बदलाव देखने को मिल सकते हैं। खासकर 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के बाद। अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप और जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए भारत जूनियर विश्व कप के बाद कुछ होनहार जूनियर खिलाड़ियों को सीनियर स्तर पर आजमा सकता है।

हॉकी इंडिया की चयन समिति के अध्यक्ष आरपी सिंह ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ सीनियर खिलाड़ियों को धीरे-धीरे टीम से बाहर किया जाएगा। उन्होंने कहा हमें अपनी टीम बनाते समय उभरते खिलाड़ियों पर भी ध्यान देना होगा। अगर हम एक साथ छह-सात सीनियर खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर देंगे तो यह कारगर नहीं होगा। चयन समिति की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करें कि जो सीनियर खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, उन्हें धीरे-धीरे टीम से बाहर किया जाए। उन्होंने कहा पेरिस ओलंपिक के बाद काफी समय बीत चुका है। हमने यह योजना बहुत पहले ही बना ली थी। अगर हम युवाओं को छोटे टूर्नामेंट में मौका नहीं देंगे, तो हम उन्हें सीधे विश्व कप में नहीं खिला सकते। भारत का अक्टूबर से दिसंबर तक का कार्यक्रम काफी व्यस्त है, जिसके दौरान दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे के अलावा मलेशिया में सुल्तान अजलान शाह कप में हिस्सा लेना है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन इन टूर्नामेंटों में कुछ जूनियर खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं। एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एशिया कप का खिताब हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम के लिए एक राहत की तरह आया। टीम ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम किया और चौथी बार खिताब जीता। उन्होंने पिछली बार 2017 में ढाका में ट्रॉफी जीती थी।

कार्लोस अल्काराज बने अमेरिकी ओपन चैंपियन



न्यूयॉर्क। कार्लोस अल्काराज ने यानिक सिनर पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए चार सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता और विश्व में नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अमेरिकी ओपन का फाइनल फ्रेंच ओपन में चैंपियनशिप का फ़ैसला करने वाले उनके मुक़ाबले जितना लंबा, रोमांचक और नाटकीय नहीं था जहां अल्काराज़ चैंपियन बने थे। यह विंबलडन के फाइनल जितना सार्थक और कथानक आधारित भी नहीं था जहां सिनर ने फ्रेंच ओपन की हार का बदला चुकता किया था।

नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की

फिर भी रविवार को दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज़ की नंबर एक सिनर पर 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से जीत वाकई अहम रही। अल्काराज़ ने गत चैंपियन पर अपनी श्रेष्ठता फिर से स्थापित की, एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और टेनिस प्रशंसकों को उनके अगले मुकाबले का बेसब्री से इंतज़ार करने पर मजबूर कर दिया। यह दोनों खिलाड़ी टेनिस के इतिहास में एक ही सत्र में लगातार तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल में एक दूसरे का सामना करने वाले पहले दो पुरुष खिलाड़ी हैं। पुरस्कार समारोह के दौरान अल्काराज़ ने मज़ाक में कहा मैं आपको अपने परिवार से जूयादा देख रहा हूं। कोर्ट साझा करना, लॉकर रूम साझा करना, सब कुछ बहुत अच्छा लगता है। उनकी इस बात पर सिनर भी मुस्कुरा उठे। अल्काराज़ ने कहा विंबलडन की हार के बाद ही मैंने अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। मैंने उस मैच को देखा और अपने कोच के साथ मिलकर अपनी गलतियों पर काम किया। मुझे खुशी है कि मैं यहां ट्रॉफी जीतने में सफल रहा। दो घंटे 42 मिनट की इस जीत से स्पेन के 22 वर्षीय अल्काराज़ ने इटली के 24 वर्षीय सिनर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड भी और बेहतर कर दिया।

इन दोनों के बीच जितने मुकाबले खेले गए हैं उनमें अल्काराज़ का रिकॉर्ड 10-5, ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 6-4 और अमेरिकी ओपन में 2-1 हो गया है। अल्काराज़ का यह छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है। सिनर ने कहा, मैं उन्हें पूरा श्रेय देता हूं क्योंकि उन्होंने मेरी तुलना में परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाया। उन्होंने महत्वपूर्ण अवसरों पर बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और जब जरूरत थी तब अंक हासिल किए। मैच की शुरुआत लगभग आधे घंटे देर से हुई।

संक्षेप

सान्या, उन्नति इंडियन स्कवाश टूर2 पीएसए चैलेंजर में जीते

मुंबई। भारतीय वाइल्ड कार्ड धारक सान्या वत्स और उन्नति त्रिपाठी ने सोमवार को यहां पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता इंडियन स्क्वाश टूर 2 के महिला एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को हराया। सान्या ने निरुपमा दुबे को 11-7, 11-9, 11-7 से हराया जबकि उन्नति ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अंजलि सेमवाल को 2-11, 11-7, 11-7, 14-12 से शिकस्त दी। तनिष्का जैन और जैनेट विधी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

प्राणवी संयुक्त 50वें स्थान पर रही

ह्यूस्टन (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने चौथे दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद यहां ह्यूस्टन चैंपियनशिप में संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। अपने घरेलू टूर पर कई जीत हासिल कर चुकीं प्रणवी के लिए यह एक उतार-चढ़ाव भरा सप्ताह रहा जिसमें उन्होंने 72-69-74 के कार्ड खेले। प्रतियोगिता में शामिल अन्य दो भारतीय खिलाड़ी अवनि प्रशांत और त्वेसा मलिक कट से चूक गईं थीं। प्राणवी आखिरी दौर में एक बर्डी के मुकाबले तीन बोगी (दूसरे, चौथे और 13वें होल पर) कर बैठी। स्पेन की नूरिया इटुरियोज ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 के स्कोर के साथ लेडीज यूरोपियन टूर पर अपना पांचवां खिताब हासिल किया। उन्होंने दो स्ट्रोक से जीत दर्ज की।

तीरंदाजी : भारतीय पुरुष कंपाउंड क्वार्टर फाइनल में हारे

ग्वांगजू। भारत की स्वर्ण पदक विजेता कंपाउंड टीम के सदस्य ज्षभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप के पुरूष कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। इस हार के मायने हैं कि भारत विश्व चैम्पियनशिप में पुरूष कंपाउंड वर्ग का व्यक्तिगत स्वर्ण बरकरार रखने में नाकाम रहा। ओजस देवताले बर्लिन में 2023 में विश्व चैम्पियन बने थे। इस बार ट्रायल में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण वह भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके। महिला व्यक्तिगत वर्ग के मुकाबले अभी होने हैं। तीनों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। इससे एक दिन पहले इन तीनों खिलाड़ियों ने देश के लिए पहला टीम स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

सिराज आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित

एजेंसी

दुबई। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को सोमवार को इंग्लैंड दौरे के पांचवें और अंतिम टेस्ट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। सिराज के साथ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स भी इस सूची में शामिल है। सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाये। जून के अंत में शुरू यह श्रृंखला अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई।

सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रॉ करने में मदद की। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। श्रृंखला के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले। आईसीसी ने कहा उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट श्रृंखला में जीत के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है। इस दायें हाथ के गेंदबाज ने इस श्रृंखला में 16 विकेट लिये। हेनरी ने पहले टेस्ट में नौ (39 रन देकर छह विकेट) और (51 रन देकर तीन विकेट) तथा दूसरे टेस्ट में सात विकेट (40 रन देकर पांच और 16 रन देकर दो विकेट) लेकर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई।

सील्स के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने 34 साल में पहली पर एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान को शिकस्त दी। सील्स ने तीन मैचों की इस श्रृंखला में 10 विकेट लिये। इसमें आखिरी मैच में उन्होंने 18 रन देकर छह विकेट लिये जिससे पाकिस्तान की टीम 295 रन का पीछा करते हुए महज 92 रन पर सिमट गयी। वहीं दूसरी ओर पूर्व राष्ट्रीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण का मानना है कि अर्शदीप सिंह की लय हासिल करने और जसप्रीत बुमराह के बिना आराम किए लगातार खेलने की क्षमता भारत के एशिया कप अभियान के लिए काफी अहम होगा। अरुण ने कहा कि इंग्लैंड में अभ्यास सत्र में काफी गेंदबाजी करने के बावजूद अर्शदीप पिछले कुछ समय से प्रतिस्पर्धी मैचों में गेंदबाजी करने के मामले में पीछे हैं। उन्होंने हालांकि उत्तर क्षेत्र के लिए एक दलीप ट्रॉफी मैच खेला था।

सात्विक-चिराग की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

हांगकांग। विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में कांस्य पदक जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे हांगकांग सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एक बार फिर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज इस जोड़ी ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन के बूते विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। यह जोड़ी मौजूदा सत्र में निरंतरता के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली जोड़ी रही है। वे बीडब्ल्यूएफ टूर पर भारत, मलेशिया, चीन और सिंगापुर सहित कई प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चियु शिआंग चिएह और वांग ची-लिन के खिलाफ करेगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व चैंपियनशिप में चीन की वांग झी यी को हराकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया था। उनका अभियान हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था। हांगकांग में सिंधू के सामने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टाफरसेन के खिलाफ अपने पहले मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की चुनौती होगी। इस साल के उभरते सितारों में से एक यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी का पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू के खिलाफ एक कठिन मुकाबला है।

लखनऊ में पहली बार जिला पिकलबॉल चैम्पियनशिप सम्पन्न

लखनऊ। लखनऊ में पहली बार आयोजित लखनऊ जिला पिकलबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 8 सितम्बर 2025 को उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार प्राप्त रचना गोविल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष सुशीन बाजपेयी ने की, जबकि खेल प्रमोटर मनोज बाजपेयी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन लखनऊ पिकलबॉल एसोसिएशन द्वारा पिक्ल इनफ, महानगर, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आनंद किशोर पांडे, आयोजन समिति के सदस्य इजहान अब्बास, आदर्श गर्ग, उद्धव अरोरा एवं सिड बत्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। मिक्स्ड डबल्स विजेता : सना सुरंगना अष्ठाना व अक्षज भगत, उपविजेता : कनु प्रिया खुल्बे व लक्ष्य पाहवा। मेंस डबल्स झ विजेता : प्रतीक त्यागी व यश जिंदल, उपविजेताः इजहान अब्बास व आदर्श गर्ग। मेंस सिंगल्स (35 आयु वर्ग) विजेताः रुत्विक सिंह, उपविजेताः अविरल श्रीवास्तव। मेंस सिंगल्स (35 वर्ष से अधिक) विजेता : प्रतीक त्यागी, उपविजेता : लव खत्री। इस प्रतियोगिता में प्रतीक त्यागी ने दोहरी स्वर्णिम सफलता प्राप्त कर आयोजन का मुख्य आकर्षण बन गए।

प्रतीक त्यागी की दोहरी स्वर्णिम सफलता

दिल्ली के माधव उलटफेर के साथ सेमीफाइनल में

लखनऊ। दिल्ली के माधव गुप्ता, तमिलनाडु के एस.संजीव राज व कर्नाटक के प्रज्जवल ने द्वितीय जूनियर व यूथ नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में बालक एकल अंडर-17 एसएल 4 के क्वार्टर फाइनल में उम्दा खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया। गौरव खन्ना एक्सीलिया हाई परफामेंस सेंटर में आयोजित चैंपियनशिप के पहले दिन माधव गुप्ता ने उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय उत्तराखंड के उज्जवल बिष्ट को 21-18, 18-21, 21-9 से हराते हुए सबको चौंका दिया। माधव ने पहला गेम कड़े मुकाबले में 21-18 से जीता। वहीं उज्जवल ने दूसरा गेम 18-21 से जीतकर वापसी की। हालांकि माधव ने निर्णायक गेम में 21-9 से जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। इस वर्ग के अन्य क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु के एस.संजीव राज ने राजस्थान के हर्षित नय्यर को 21-18, 21-9 से मात दी। संजीव ने पहला गेम कुछ मुश्किल से जीता जबकि दूसरे गेम में उनहोंने आसान जीत दर्ज की। वहीं कनार्टक के प्रज्जवल ने दिल्ली के यश कुमार के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद 21-12, 21-18 से जीत दर्ज की। दूसरी और बालिका एकल एसयू 5 के क्वार्टर फाइनल में केरल की साई मंगला हरि अय्यर ने हरियाणा की कोमल को 21-4, 21-11 से शिकस्त दी। इसके अलावा बालक यूथ एसएल 3 एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में हिमाचल प्रदेश के संतोष भारद्वाज ने ओडिशा के बिभासिंदु को 21-10, 21-9 से और केरल के जैरो एसएस ने उत्तराखंड के कुंदन सिंह भंडारी को 15-13, 11-15, 15-14 से हराया। वहीं बालक अंडर-19 एसएल 4 के प्री क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड के उज्जवल बिष्ट ने छत्तीसगढ़ के साहिल को 21-11, 21-14 से शिकस्त दी।

द्वितीय जूनियर व यूथ नेशनल पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप

स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ टीम ने जीता गोल्ड

लखनऊ। यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ के शूटरों ने जलवा कायम रखते हुए 15 पदक हासिल कर अपना परचम लहराया। विगत 7 वर्षों से लगातार लखनऊ की टीम स्वर्ण पदक जीतते आ रही है और इसी क्रम में जयपुर में आयोजित 48वाँ यू० पी० स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में भी लखनऊ की शूटिंग टीम ने स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रच दिया। यह सभी शूटर अवध राइफल शूटिंग एकेडमी के खिलाड़ी हैं जो निरंतर अभ्यास व कुशल प्रशिक्षण प्राप्त कर जीत हासिल करते चले आ रहे हैं। लखनऊ की शॉटगन टीम ने ट्रैप स्पर्धा में 99 अंक का स्कोर बनाकर कानपुर की टीम को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं डबल ट्रैप स्पर्धा में लखनऊ की टीम ने रजत एवं कांस्य पदक जीतकर शहर का मान बढ़ाया है। अवध राइफल शूटिंग एकेडमी के संस्थापक विक्रम राय ने बताया कि वह स्वयं भी ट्रैप व डबल ट्रैप के खिलाड़ी हैं और विगत 7 वर्षों से लगातार स्वर्ण व रजत पदक जीतते चले आ रहे हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिता में भी लखनऊ की टीम ने स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने बताया कि वह नए खिलाड़ियों को वह स्वयं प्रशिक्षण देते हैं और वही खिलाड़ी पदक जीत कर शहर व संस्था का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

- **अवध राइफल शूटिंग एकेडमी के खाते में आयेझ15 पदक, 4 स्वर्ण, 4 रजत एवं 7 कांस्य पदक**
- **7 वर्षों से निरंतर स्वर्ण पदक जीतते आ रही है लखनऊ की ट्रैप व डबल ट्रैप टीम**

अवध राइफल शूटिंग एकेडमी के कुशल खिलाड़ी कुनाल सेठ ने झ35/50 में अंक जोड़े, विक्रम राय व विपुल सिंह ने 32-32 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक पर अपना अधिकार बरकरार रखा।

टीम के खिलाड़ी यशराज सिंह, यशार्थ विनोद मिश्रा, रुद्रांश विनायक यादव, गर्वित पांडेय, शहनवाज हुसैन व जमाल असगर राणा ने अन्य टीमों को शिकस्त देते हुए रजत व कांस्य पदक पर जीत हासिल की। इसी क्रम में जूनियर वर्ग में गर्वित पांडेय ने जीता कांस्य पदक व सीनियर मास्टर वर्ग में ओवैस अहमद कुरेशी ने एकल स्पर्धा में 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीत कर अवध राइफल शूटिंग एकेडमी का मान बढ़ाया। विक्रम राय ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने जोरदार अभ्यास कर इस प्रतियोगिता में जीत हासिल कर प्रीझ नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। 48वाँ यू० पी० स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ से कुनाल सेठ, विक्रम राय, विपुल सिंह, जमाल असगर राणा, ओवैस अहमद कुरैशी, बलजीत सिंह, अनुभव कृष्ण गुप्ता, अनुभव अग्रवाल, अजलान असगर, यशराज सिंह, रुद्रांश विनायक यादव, यशार्थ विनोद मिश्रा, गर्वित पांडेय, उमेश कुमार चौधरी, शहनवाज हुसैन आदि ने प्रतिभाग किया।

एशिया कप : भारत करेगा प्रबल दावेदारी की शुरुआत

एजेंसी

दुबई। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार से शुरू होने वाले एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में पाकिस्तान और श्रीलंका की मौजूदगी के बावजूद खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगी। टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच अबू धाबी में होने वाले मैच से होगी, लेकिन सभी की निगाहें दुबई पर टिकी होंगी, जहां सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को अपने पहले मैच में संयुक्त अरब अमीरात पर बड़ी जीत हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

एशिया कप इससे पहले टी-20 विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करता था लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इसके बावजूद भारतीय टीम एशिया में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत का एशिया कप में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और इस बार तो पूरा शक्ति संतुलन उसके पक्ष में झुका हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में उसे हराना किसी भी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। भारतीय टीम को लेकर आत्मविश्वास इतना अधिक है कि चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक बार भी एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा स्वीकृत 17 सदस्यीय टीम चुनने पर विचार नहीं किया।

इसके बजाय उन्होंने आईसीसी प्रतियोगिताओं की तरह 15 खिलाड़ियों को चुना, भले ही इसका मतलब श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को बाहर रखना हो। नौवीं बार महाद्वीपीय खिताब जीतने से (सात बार वनडे प्रारूप में और वर्ष 2016 में एक बार टी-20 प्रारूप में) न तो सूर्यकुमार को और न ही गंभीर को कोई अतिरिक्त श्रेय मिलेगा। लेकिन ट्रॉफी से कम कुछ भी आलोचनाओं को आमंत्रित करेगा, क्योंकि साढ़े चार महीने बाद भारत और श्रीलंका टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करेंगे। सूर्यकुमार की टीम विश्व कप से पहले लगभग 20 मैच खेलेगी जिसमें एशिया कप का फाइनल भी शामिल है। भारत इन मैच से विश्व कप के लिए सही संयोजन तैयार करना चाहेगा। भारत इस प्रारूप में इतना मजबूत है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर की तीन टीम उतार सकता है। सूर्यकुमार अब तक शानदार कप्तान रहे हैं और उनका जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है।

कमांडो ने किया सिक्किम में ऊंचाई पर सैन्य अभ्यास

युद्धाभ्यास से सेनाओं के बीच बढ़ता है तालमेल, विशेष युद्ध कौशल में आता है निखार

कोलकाता। भारतीय थलसेना की पैरा स्पेशल फोर्स और नौसेना के मरीन कमांडो मार्कोस ने सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर सर्द वातावरण में एक सप्ताह तक संयुक्त स्कूबा और लड़ाकू गोताखोरी अभ्यास किया। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से सेनाओं के बीच तालमेल में वृद्धि होती है, विशेष युद्ध कौशल में निखार आता है तथा यह सुनिश्चित होता है कि भारत की सेनाएं हिमालय से लेकर समुद्र तक विविध भूभागों में मिशन के लिए तैयार रहें।

अधिकारी ने कहा कि बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्र में प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने ओपन सर्किट एयर डाइविंग, क्लोज सर्किट प्योर ऑक्सीजन डाइविंग, सर्द पानी की स्थिति में 17 मीटर की गहराई तक गोता लगाया तथा कॉम्बैट नाइट डाइविंग की। उन्होंने कहा कि बेहद ऊंचाई वाले वातावरण ने असाधारण चुनौतियां पैदा कीं, अभियानगत तैयारियों को मजबूत किया और लड़ाकू गोताखोरी क्षमता की सीमाओं का विस्तार किया। अधिकारी ने बयान में कहा कि 30 अगस्त से पांच सितंबर के बीच दुर्गम इलाकों और सर्द पानी के बीच आयोजित इस अभ्यास में भारतीय सेना के विशेष बल और भारतीय नौसेना के विशिष्ट समुद्री कमांडो के असाधारण पेशेवर रवैये, अनुकूलनशीलता और साहस का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने जोर दिया कि इस तरह का प्रशिक्षण जवानों को भविष्य के युद्धक्षेत्रों के संबंध में तैयार करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेहद ऊंचाई वाले हालात, बर्फीले पानी में सटीक कार्य करना और संयुक्त अभियानों में लड़ाकू गोताखोरी को एकीकृत करना लचीलापन और बहुमुखी प्रतिभा को मजबूत करता है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए टीम कमांडर ने कहा कि इन चरम परिस्थितियों में प्रशिक्षण से जवानों की सहनशक्ति, कौशल और मानसिक शक्ति के हर पहलू का परीक्षण होता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करता है कि जब भी आवश्यकता हो, हमारी टीम किसी भी वातावरण में प्रभावी ढंग से काम कर सकें, चाहे वह कितना भी कठिन या चुनौतीपूर्ण क्यों न हो।

15 को सशस्त्र बलों के संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे मोदी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को कोलकाता में सशस्त्र बलों के तीन-दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 15 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सुधार, परिवर्तन और अभियानगत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन है। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। बयान में कहा गया, सम्मेलन का फोकस संस्थागत सुधारों, गहन एकीकरण और तकनीकी आधुनिकीकरण के प्रति सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही बहु-क्षेत्रीय अभियानगत तैयारी के उच्च स्तर को बनाए रखना है। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह सहित अन्य शामिल होंगे। यह सम्मेलन सशस्त्र बलों का शीर्ष विचार-मंथन मंच है, जो देश के नागरिक और सैन्य नेतृत्व को वैचारिक और रणनीतिक स्तरों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक साथ लाता है। यह सम्मेलन पिछली बार 2023 में भोपाल में आयोजित किया गया था। बयान में कहा गया कि विचार-विमर्श का उद्देश्य सशस्त्र बलों को और मज़बूत करना होगा, जो लगातार जटिल होते भू-रणनीतिक परिदृश्य में चुस्त और निर्णायक हैं। सम्मेलन में समावेशी जुड़ाव की परंपरा को जारी रखते हुए सशस्त्र बलों के विभिन्न रैंकों के अधिकारियों और कर्मियों के साथ संवादात्मक सत्र होंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि क्षेत्र-स्तरीय दृष्टिकोण उच्चतम स्तर पर चर्चाओं को समृद्ध करें।

संक्षेप

बांग्लादेश पुलिस ने किया आलोचक को गिरफ्तार

ढाका/नयी दिल्ली। बांग्लादेश पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने 1971 के मुक्ति संग्राम के सेनानी और पूर्व नौकरशाह अबू आलम शाहिद खान को गिरफ्तार कर लिया है, जो मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के प्रमुख आलोचक रहे हैं। यह गिरफ्तारी शेख हसीना को अपदस्थ किए जाने के बाद से असहमति जताने वालों को हिरासत में लिए जाने का एक और मामला है। पुलिस ने एक बयान में कहा, उन्हें (खान को) शाहबाग थाने में दर्ज एक मामले में ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की खुफिया शाखा द्वारा गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पुलिस ने आरोपों का उल्लेख नहीं किया और न ही गिरफ्तारी का समय एवं स्थान बताया। बयान में कहा गया कि इसी अभियान में पांच अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि वे अचानक किए जाने वाले विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे। इस तरह के प्रदर्शन अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना की अब भंग हो चुकी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं द्वारा अकसर आयोजित किए जाते हैं। पुलिस ने बताया कि इन लोगों को तोड़फोड़ की कोशिश करने और सार्वजनिक व्यवस्था में खलल डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश सरकार के सेवानिवृत्त सचिव खान हाल के महीनों में सोशल मीडिया पर अंतरिम सरकार की आलोचना करते रहे हैं।

भारत व यूरोपीय संघ से एफटीए पर वार्ता का 13वां दौर शुरू

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर सोमवार को अगले दौर की वार्ता शुरू की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के इस साल के अंत तक पूरा करने की समयसीमा को देखते हुए 13वें दौर की वार्ता काफी अहम मानी जा रही है। बातचीत का 12वां दौर ब्रसेल्स में हुआ था।

अधिकारी ने कहा कि इस दौर की वार्ता पूरी होने के बाद यूरोपीय संघ के व्यापार आयुक्त मैरोस सेफ्कोविच 12 सितंबर को भारत आएंगे और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत में प्रगति की समीक्षा करेंगे। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने जून, 2022 में व्यापक एफटीए, निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतक (जीआई) पर बातचीत आठ साल के अंतराल के बाद दोबारा शुरू की थी। एफटीए पर वार्ता 2013 में बाजार खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण रुक गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इस साल 28 फरवरी को इस बात पर सहमति जताई थी कि वर्ष 2025 के अंत तक व्यापार समझौता पूरा कर लिया जाएगा।

जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को मिले

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को उद्योग जगत से जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से घरेलू उत्पादों की मांग बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत होगी। गोयल ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और सरलीकरण से घरेलू मांग बढ़ेगी।

छोटे और बड़े उद्यमों को ज्यादा अवसर मिलेंगे, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, आय बढ़ेगी, जिससे खर्च बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि इससे देश को आगे ले जाने के लिए वृद्धि का एक अच्छा चक्र बनेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने यहां ईईपीसी इंडिया के एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने से नहीं रोक पाएगी। उन्होंने समतामूलक आर्थिक लाभ के महत्व पर जोर दिया और कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भारत एक संयुक्त परिवार की तरह काम करेगा और सभी क्षेत्रों में एक-दूसरे का समर्थन करेगा, तो स्वाभाविक रूप से समावेशी विकास होगा। गोयल ने भरोसा जताया कि देश टिकाऊ और समावेशी विकास के लिए दुनिया भर में आदर्श बन सकता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती और सरलीकरण के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घरेलू मांग को बढ़ावा दिया है। गोयल ने कहा कि जब आर्थिक प्रणाली के मजबूत आधार पर बुनियादी ढांचे का खर्च बढ़ेगा और उपभोक्ता मांग में तेजी आएगी, तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विश्व शक्ति बनने से नहीं रोक सकती।

अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट या सेशन कोर्ट जाने पर निर्णय करेगा सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह इस बात की पड़ताल करेगा कि अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय जाने का विकल्प पक्षकार चुनेगा या वादियों के लिए पहले सत्र न्यायालय जाना अनिवार्य होगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केरल उच्च न्यायालय की उस परिपाटी का संज्ञान लिया, जिसमें वादी द्वारा सत्र अदालत का रुख किए बिना ही अग्रिम जमानत की अर्जियों पर सीधे विचार किया जाता है।

पीठ ने सवाल किया, एक मुद्दा जो हमें परेशान कर रहा है, यह है कि केरल उच्च न्यायालय में यह एक परिपाटी बन गई नजर आ रही है कि उच्च न्यायालय वादी के सत्र अदालत का रुख किये बिना ही अग्रिम जमानत की अर्जियों पर सीधे विचार कर लेता है। ऐसा क्यों है? शीर्ष अदालत ने कहा कि पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 में इस संबंध में एक प्रक्रिया का उल्लेख है। बीएनएसएस की धारा 482 गिरफ्तारी की आशंका वाले व्यक्ति को जमानत देने के निर्देश से संबंधित है। पीठ ने कहा कि ऐसा किसी अन्य राज्य में नहीं होता। केवल केरल उच्च न्यायालय में ही हमने देखा है कि नियमित रूप से (अग्रिम जमानत के लिए) अर्जियों पर सीधे विचार किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी दो व्यक्तियों द्वारा केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने मामले में कहा कि याचिकाकर्ताओं ने सत्र अदालत में गए बिना ही राहत के लिए सीधे उच्च न्यायालय का रुख किया। यह पाया गया कि उच्च न्यायालय ने आवेदक के सत्र अदालत का रुख किए बिना ही ऐसी अर्जियों पर सीधे विचार कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप उपयुक्त तथ्य रिकॉर्ड में नहीं रखे जा सके, जो सत्र अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते थे। हम इस पहलू पर विचार करने और यह तय करने के लिए इच्छुक हैं कि क्या उच्च न्यायालय जाने का विकल्प पक्षकार की इच्छा पर निर्भर होगा या यह अनिवार्य होना चाहिए कि आरोपी पहले सत्र अदालत जाए। शीर्ष अदालत ने इस पहलू पर केरल उच्च न्यायालय को उसके रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से नोटिस जारी किया। मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर के लिए मुल्तवी कर दी।

चुनौतियों को अवसर में बदलने की जरूरतः राष्ट्रपति

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत को वैश्विक व्यापार चुनौतियों को नए अवसरों में बदलने के लिए अपनी असाधारण क्षमताओं का लाभ उठाना चाहिए। मुर्मू ने इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के प्लैटिनम जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सात दशक में भारत के इंजीनियरिंग निर्यात गंतव्यों में उल्लेखनीय बदलाव आया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि ईईपीसी को परिवर्तन की इस प्रक्रिया को जारी रखना चाहिए और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए काम करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में उपलब्ध असाधारण क्षमताओं का उपयोग करके वैश्विक व्यापार की चुनौतियों को अवसरों में बदलने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि कम लागत पर उच्च गुणवत्ता वाली इंजीनियरिंग सेवाएं और उत्पाद भारत की एक बड़ी ताकत हैं। पिछले 10 साल में, भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 70 अरब डॉलर से बढ़कर 115 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। मुर्मू ने कहा कि पिछले दशक में अंतरराष्ट्रीय व्यापार क्षेत्र में कई चुनौतियां रही हैं, इसको देखते हुए निर्यात में यह वृद्धि और भी प्रभावी लगती है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईईपीसी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार और भारतीय उत्पादकों के बीच एक सेतु का काम किया है। उन्होंने ईईपीसी से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भारत की भूमिका का निरंतर विस्तार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में हो रहे बदलावों के कारण, ईईपीसी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

भारत-इजराइल ने द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। भारत और इजराइल ने एक द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया, भारत और इजराइल सरकार ने आज नयी दिल्ली में द्विपक्षीय निवेश समझौते बीआईटी पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनके इजराइली समकक्ष बेजेल स्मोट्रिच ने हस्ताक्षर किए। स्मोट्रिच 8-10 सितंबर के बीच तीन दिन की भारत यात्रा पर आए हैं। वह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल से भी मुलाकात करेंगे। उनकी भारत यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय बैठकों के माध्यम से भारत के साथ इजराइल के आर्थिक और वित्तीय संबंधों को मजबूत करना और द्विपक्षीय निवेश संधि और मुक्त व्यापार समझौते सहित कुछ प्रमुख समझौतों के लिए साझा आधार तैयार करना है। बीआईटी से दोनों देशों के निवेशकों को उचित सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। यह मध्यस्थता के जरिये विवाद निपटान के लिए एक स्वतंत्र मंच देगा।

इंटरटेनमेंट...

कमल हासन व रजनीकांत दिखेंगे एक साथ

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार कमल हासन और रजनीकांत 46 साल बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दुबई में आयोजित नेक्सा सिमा अवॉर्ड्स 2025 के दौरान कमल हासन ने इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह रियूनाइट तो पहले ही हो जाना चाहिए था। कमल हासन ने कहा, हम बहुत पहले एक हो गए थे, लेकिन अलग रहना इसलिए चुना, क्योंकि वे एक बिस्किट बांटकर हमें आधा-आधा देते थे।

हम दोनों को एक-एक पूरा बिस्किट चाहिए था और हमें वो मिल गया और हमने इसे इंजॉय किया। अब हम आधे बिस्किट से संतुष्ट हैं और इसलिए हम साथ आ गए हैं। रजनीकांत के साथ कॉम्पिटिशन पर कमल हासन ने कहा, हमें ऐसे मौके मिलना बहुत बड़ी बात है। हमने बहुत पहले ही तय कर लिया था कि हम ऐसे ही रहेंगे और एक मिसाल कायम करेंगे। वो ऐसे ही रहे हैं और मैं भी ऐसा ही रहा हूं। इसलिए भले ही ये रीयूनियन बिजनेस-वाइस हैरानी भरा हो, लेकिन हमें उतनी हैरानी नहीं हुई। बस इस बात की खुशी है कि जो बहुत पहले होना चाहिए था, वो अब हो रहा है। फिलहाल कमल हासन ने फिल्म के बारे में तो कोई जानकारी नहीं दी। लेकिन पिछले दिनों ओटीटीप्ले की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कमल हासन और रजनीकांत के बीच एक नई एक्शन फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। अगर सबकुछ सही रहा, तो तमिल सिनेमा के ये दो बड़े सितारे करीब 46 साल बाद फिर साथ नजर आएंगे। लोकेश कनगराज की यह आने वाली फिल्म राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनेगी। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इससे पहले दोनों 1979 में आई फिल्म र अलाउद्दीनम अलभुथा विलक्कम में एक साथ दिखाई दिए थे।

पावर कट कर रोकी गयी अरिजीत सिंह की परफॉर्मेंस

मुंबई। पॉपुलर सिंगर अरिजीत सिंह का हाल ही में लंदन में एक कॉन्सर्ट हुआ था। हालांकि ये कॉन्सर्ट बीच में ही खत्म कर दिया गया। रिपोर्ट्स की मानें तो मैनेजमेंट ने बीच कॉन्सर्ट में ही पावर कट कर दिया, जिसके बाद अरिजीत सिंह को परफॉर्मेंस पूरी किए बिना ही अचानक मंच से उतरना पड़ा। इसके ठीक बाद कॉन्सर्ट में जमा हुई भीड़ को भी बाहर कर दिया गया। हाल ही में लंदन में हुए कॉन्सर्ट से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सिंगर ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा का टाइटल ट्रैक गाते नजर आए हैं। भीड़ उनके गाने का लुत्फ उठा ही रही थी कि मैनेजमेंट ने अचानक मंच की बिजली बंद कर कॉन्सर्ट रोक दिया। वीडियो के साथ ही दावा किया जा रहा है कि लंदन में ध्वनि प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए रात साढ़े 10 बजे कर्फ्यू टाइम होता है। तय समय के बाद लंदन में सार्वजनिक रूप से गाने पर प्रतिबंध है।

❍ लंदन कॉन्सर्ट में मैनेजमेंट का स्ट्रिक्ट एक्शन, गाना अधूरा छोड़ अचानक मंच से उतरना पड़ा

दबंग डायरेक्टर ने सलमान को कहा गुंडा

सलमान खान के साथ दबंग और रणबीर कपूर के साथ बेशरम जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके अभिनव कश्यप ने हाल ही में सलमान खान को गुंडा कहा है। अभिनव ने सलमान ही नहीं बल्कि उनके परिवार के लिए भी कई तरह की बातें की हैं। हाल ही में द स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में दबंग डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने कहा, ?सलमान कभी भी शामिल नहीं होता। उसे एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है, और पिछले 25 सालों से नहीं है। वह सिर्फ एहसान करता है काम पर आकर। उसे एक्टिंग से ज्यादा सेलिब्रिटी होने की ताकत पसंद है, लेकिन उसे एक्टिंग में दिलचस्पी नहीं है। वह एक गुंडा है। मुझे यह बात दबंग से पहले नहीं पता थी।

फिल्मफेयर : रेड कार्पेट पर छाया सितारों का जलवा

मुंबई। फिल्म सरजमीन से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले इब्राहिम इली खान ने रविवार को फैशन डिजाइनर अमित अग्रवाल के फैशन शो में बतौर शोस्टॉपर रैंप वॉक की। ब्लैक आउटफिट में इब्राहिम का लुक चर्चा में है। इसके अलावा कई बॉलीवुड हस्तियों ने रविवार को आयोजित फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड 2025 में चार चांद लगाए हैं।

बॉलीवुड की चमक-धमक और फैशन का सबसे बड़ा उत्सव माना जाने वाला फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड्स 2025 इस बार भी पूरी शान और रौनक के साथ आयोजित किया गया। मुंबई के भव्य होटल में हुए इस समारोह में फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने शिरकत की और अपने ग्लैमरस लुक से फैन्स का दिल जीत लिया। इस मौके पर तमन्ना भाटिया, रेखा भाटिया और अनन्या पांडे समेत कई सेलेब्रिटीज रेड कार्पेट पर नजर आए, जिन्होंने अपने फैशन और स्टाइल से सबका ध्यान खींचा। रेखा जी हमेशा की तरह अपने ट्रेडिशनल और शालीन अंदाज में पहुंचीं। गोल्डन बॉर्डर वाली कांजीवरम साड़ी, जड़े हुए गहनों और गजरे से सजे बालों के साथ उन्होंने अपने सदाबहार अंदाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरी ओर, तमन्ना भाटिया ने अपने ग्लैमरस अंदाज से रेड कार्पेट पर चार चांद लगा दिए। सिल्वर शेड की शिमरी ड्रेस में तमन्ना का स्टाइल बेहद आकर्षक रहा। उनकी ड्रेस और मिनिमल ज्वेलरी का कॉम्बिनेशन काफी सराहा गया। तमन्ना ने इस शाम को और खास बना दिया जब उन्हें अवॉर्ड मिला।

इस सम्मान के बाद उन्होंने कहा कि फैशन और स्टाइल सिर्फ बाहरी खूबसूरती नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को दिखाने का जरिया है। अनन्या पांडे का लुक भी इस अवॉर्ड शो का बड़ा आकर्षण रहा। उन्होंने डिजाइनर क्रेशा बजाज का तैयार किया हुआ शैम्पेन-गोल्ड कलर का कट-आउट गाउन पहना, जिसे प्रियंका कपाड़िया ने स्टाइल किया था। डायमंड चोकर और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ अनन्या का अंदाज बेहद ग्लैमरस नजर आया। हालांकि, उनके लुक को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई।

❍ तमन्ना भाटिया, रेखा, अनन्या पांडे समेत कई सेलेब्स ने की फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड में शिरकत

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2024-2025
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Pharmacy • Dental Science • Education
• Architecture • Applied Sciences • Hotel Management • Legal Studies
• Computer Applications • Humanities & Social Sciences • Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM Grab SAP Coforge LTIMindtree Microsoft Infosys HARMAN paytm Capgemini NEWGEN wipro NIIT accenture
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com